राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 250
लखनऊ, बुधवार 13 मई, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



शटडाउन के बाद लाइन चालू होने से युवक की मौत 10

पीएम मोदी की अपील से देश में गहरे आर्थिक संकट के संकेतः मायावती 03

## ओडीओपी सीएफसी को जनभागीदारी से जोड़ने पर योगी सरकार का जोर

### सीएफसी में सिटीजन चार्टर प्रदर्शित करने के निर्देश, लोगों को सुविधाओं की जानकारी मिलना होगा आसान

**एजेंसी, लखनऊ।**

प्रदेश में पारंपरिक उद्योगों, हस्तशिल्प, बुनकरी और सूक्ष्म उद्यमों को नई मजबूती देने के लिए योगी सरकार प्रयासरत है। सरकार की मंशा है कि ओडीओपी योजना के तहत स्थापित कॉमन फैसिलिटी सेंटर सीएफ्सी सीमित लोगों तक न रहकर अधिक से अधिक कारीगरों, बुनकरों, सूक्ष्म उद्यमियों को आधुनिक तकनीक, प्रशिक्षण और विपणन सुविधाओं से जोड़ें। इसी उद्देश्य से प्रदेश में संचालित 16 सीएफ्सी परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कई सीएफ्सी में सीमित लाभार्थियों की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए स्पष्ट किया है कि योजनाओं का लाभ केवल



90 प्रतिशत सरकारी सहायता से संचालित परियोजनाओं को अधिक प्रभावी बनाने पर जोर

कुछ सदस्यों तक सीमित नहीं रहना चाहिए। इसी उद्देश्य से सीएफ्सी परियोजनाओं में 90 प्रतिशत तक सरकारी अनुदान और 10 प्रतिशत उद्यमियों का योगदान रखा गया है, ताकि छोटे उद्यमियों को आधुनिक मशीनरी, डिजाइन, परीक्षण, स्किल ट्रेनिंग और कॉमन टूल्स जैसी सुविधाएं सुलभ हो सकें। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएफ्सी को जनहित से जोड़ते हुए व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग इन सुविधाओं का लाभ उठा सकें। मोबाइल संदेश, पम्पलेट, उद्योग बंधु बैठकों और मीडिया माध्यमों का उपयोग करने को कहा गया। सीएफ्सी में 'सिटीजन चार्टर' प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए, जिससे लोगों को उपलब्ध सुविधाओं की स्पष्ट जानकारी मिल सके। बैठक में अंबेडकर नगर, मुरादाबाद, संभल, वाराणसी, खुर्जा, आगरा, मेरठ, सहारनपुर, बरेली, अयोध्या और गाजियाबाद सहित विभिन्न जिलों की परियोजनाओं की समीक्षा की गई। अंबेडकर नगर बुनकर सीएफ्सी में लगभग 4 करोड़ रुपये की सहायता से स्थापित परियोजना में लाभार्थियों की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया गयाताकि अधिक बुनकर आधुनिक सुविधाओं से जुड़ सकें। बनारसी सिल्क उत्पाद सीएफसी में 9 करोड़ रुपये की सहायता से उपलब्ध कराई गई सुविधाओं को व्यापक स्तर पर कारीगरों तक पहुंचाने की रणनीति पर चर्चा हुई।

#### सीएफसी परियोजनाओं में 90 प्रतिशत तक अनुदान और 10 प्रतिशत उद्यमियों का योगदानः सचान

बैठक में बुनकरों और कारीगरों ने बिजली, धागे की लागत, बाजार प्रतिस्पर्धा, तकनीकी उन्नयन से जुड़े मुद्दे भी रखे। समीक्षा के दौरान बताया गया कि योगी सरकार ने बुनकरों को राहत देने के लिए वर्षों तक फ्लैट रेट विद्युत योजना लागू रखी, जिसके तहत 2006 से 31 मार्च 2023 तक लगभग 44 करोड़ रुपये का विद्युत व्यय सरकार द्वारा वहन किया गया। सरकार की प्राथमिकता है कि पारंपरिक कला और हस्तशिल्प से जुड़े लोग आधुनिक तकनीक के साथ आगे बढ़ें और आत्मनिर्भर बनें। गाजियाबाद के इंजीनियरिंग एवं टूल रूम आधारित सीएफ्सी की समीक्षा के दौरान बताया गया कि वहां सीएनसी मशीन, 3डी प्रिंटिंग, मटेरियल टेस्टिंग और स्किल ट्रेनिंग जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। अब तक 500 से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है और रक्षा क्षेत्र के लिए कंपोनेंट निर्माण की संभावनाओं पर भी कार्य किया जा रहा है। मुरादाबाद के फिजिकल वेपर डिपोजिशन पीवीडी प्लांट को पर्यावरण अनुकूल तकनीक का उदाहरण बताते हुए उसकी कार्यक्षमता को और मजबूत करने पर चर्चा हुई।

## भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी की बड़ी कार्रवाई दो थाई नागरिक समेत 4 गिरफ्तार



**एजेंसी, किशनगंज।** बिहार में किशनगंज जिले के ठाकुरगंज प्रखंड अंतर्गत गलगलिया स्थित भारत-नेपाल सीमा पर सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने मंगलवार तड़के बड़ी कार्रवाई करते हुए दो थाई नागरिकों सहित 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में एक नेपाली नागरिक और एक भारतीय नागरिक भी शामिल है। जानकारी के अनुसार, एसएसबी की 41वीं बटालियन रानीडांगा को भारत-नेपाल सीमा से सटे क्षेत्र में तीसरे देश के नागरिकों की संदिग्ध आवाजाही की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर मंगलवार सुबह करीब 06 बजे विशेष अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई सीमा स्तंभ संख्या 88/08 के समीप रतखोला क्षेत्र में की गई, जो नक्सलबाड़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता है। एसएसबी के बीओपी मदनजोत के जवानों एवं क्विक रिस्पॉन्स टीम ने संयुक्त रूप से इलाके की घेराबंदी कर संदिग्धों को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान उनकी गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत होने पर विस्तृत जांच शुरू की गई। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि सभी लोग सीमा क्षेत्र से भारत में प्रवेश करने अथवा अन्य स्थानों की ओर जाने का प्रयास कर रहे थे। एसएसबी अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार लोगों के पास मौजूद दस्तावेजों, यात्रा विवरण एवं अन्य सामग्रियों की गहन जांच की जा रही है। सुरक्षा एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि इन लोगों का वास्तविक उद्देश्य क्या था तथा क्या इनके संबंध किसी बड़े अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क या अवैध गतिविधियों से जुड़े हैं। कार्रवाई के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए सभी गिरफ्तार लोगों को संबंधित एजेंसियों एवं स्थानीय पुलिस के हवाले कर दिया गया है। मामले को लेकर विभिन्न सुरक्षा एजेंसियां आपसी समन्वय के साथ जांच में जुटी हुई हैं। भारत-नेपाल सीमा पर लगातार बढ़ाई जा रही निगरानी के बीच एसएसबी की इस कार्रवाई को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### अबू धाबी जाने वाली एतिहाद एयरवेज के विमान के पंख में लगी 'आग'

**एजेंसी, नई दिल्ली।** चेन्नई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर मंगलवार को एक बड़ा हादसा टल गया। अबू धाबी जाने वाले एतिहाद एयरवेज के एक विमान के पंख में आग लगने के बाद उड़ान रद्द कर दी गई। इस विमान में सवार लगभग 280 यात्री सुरक्षित हैं। चेन्नई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। अधिकारियों ने बताया कि विमानन कंपनी 'एतिहाद एयरवेज' उड़ान भरने की तैयारी में था, तभी पायलटों ने विमान के पंख में आग देखी, जिसके बाद सभी यात्रियों को सुरक्षित विमान से उतार लिया गया और किसी को कोई चोट नहीं आई है। अधिकारियों ने बताया कि दमकल कर्मियों ने तुरंत आग बुझा दी और उड़ान रद्द कर दी गई। अधिकारियों ने बताया कि विमान और पंख की जांच के बाद ही उड़ान को दोबारा शुरू किया जाएगा। यात्रियों को अस्थायी व्यवस्था में रखा गया और सुरक्षा को देखते हुए आगे की जांच तेज कर दी गई है। वहीं, 'एतिहाद एयरवेज' की फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

### हिंदी भाषियों के खिलाफ भड़काऊ बयान देने वाले बांग्ला पक्ष संस्थापक गर्ग चटर्जी गिरफ्तार

**एजेंसी, कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में हिंदीभाषियों के खिलाफ आक्रामक बयानबाजी और विवादित अभियानों को लेकर लगातार चर्चा में रहने वाले संगठन बांग्ला पक्ष के संस्थापक गर्ग चटर्जी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मंगलवार को उन्हें कोलकाता के देशप्रिय पार्क इलाके से हिरासत में लिया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, उनके पास से 24 राउंड कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि बरामद कारतूस उनके पास कैसे पहुंचे और उनका इस्तेमाल किस उद्देश्य से किया जाना था। मामले में विभिन्न धाराओं के तहत जांच जारी है और गर्ग चटर्जीसे पूछताछ की जा रही है। उल्लेखनीय है कि 'बांग्लापक्ष' लंबे समय से सोशल मीडिया पर गैर-बांग्लाभाषी, विशेषकर हिंदीभाषी समुदाय के खिलाफ उग्र टिप्पणियों और क्षेत्रीय भावनाओं को भड़काने वाले अभियानों को लेकर विवादों में रहा है। संगठन पर राज्य में भाषाई विभाजन पैदा करने और बाहरी बनाम स्थानीय की राजनीति को हवा देने के आरोप लगते रहे हैं। कई बार संस्था के सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर तीखी राजनीतिक और सामाजिक प्रतिक्रियाएं भी सामने आई थीं। राजनीतिक हलकों में यह भी चर्चा रही है कि पूर्ववर्ती तृणमूल कांग्रेस सरकार के दौरान गर्ग चटर्जी और उनके संगठन के कुछ नेताओं के सत्ता प्रतिष्ठान से करीबी संबंध थे। हालांकि इस संबंध में कभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई। गिरफ्तारी और कारतूस बरामदगी की घटना के बाद राज्य की राजनीति में नई बहस छिड़ गई है।

## आधुनिक तकनीक और रोजगार आधारित प्रशिक्षण की जरुरतः कपिल देव अग्रवाल

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** यूपी को देश की स्किल कैपिटल बनाने की दिशा में सरकार कौशल विकास को आधुनिक तकनीक, उद्योगों की जरूरतों और डिजिटल नवाचार से जोड़ते हुए लगातार नए कदम उठा रही है। गोरखपुर के होटल रमाडा में 'संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश कौशल विकास द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सरकार, उद्योग जगत, निजी आईटीआई संचालकों और प्रशिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों ने युवाओं को रोजगारोन्मुखी एवं भविष्य आधारित प्रशिक्षण उपलब्ध कराने को लेकर व्यापक मंथन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश सरकार के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने की। इस दौरान विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. हरि ओम, मिशन निदेशक पुलकित खरे, संयुक्त निदेशक मयंक गंगवार सहित गोरखपुर, बस्ती एवं अयोध्या मंडल के निजी आईटीआई संचालक, प्रशिक्षण प्रदाता और उद्योग प्रतिनिधि मौजूद रहे।कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि



आधुनिक तकनीकों के सहारे यूपी बनेगा देश का सबसे बड़ा स्किल हब

आत्मनिर्भर भारत की मजबूत आधारशिला कौशल विकास संस्थान हैं और आज के समय में युवाओं को केवल डिग्री नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला हुनर उपलब्ध कराना सबसे बड़ी आवश्यकता है। प्रदेश सरकार युवाओं को आधुनिक तकनीक आधारित प्रशिक्षण देकर उन्हें भविष्य की जरूरतों के अनुरूप तैयार कर रही है। प्रदेश सरकार ने टाटा टेक्नोलॉजीज के साथ एमओयू कर 150 सरकारी आईटीआई को आधुनिक तकनीकों से अपग्रेड किया है, जहाँ एआई, ड्रोन तकनीक, रोबोटिक्स, एडवांस डिजाइनिंग, अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग जैसे कोर्स संचालित किए जा रहे हैं। इन संस्थानों में आधुनिक लैब और विश्वस्तरीय प्रशिक्षण सुविधाएं विकसित की गई हैं ताकि युवाओं को उद्योगों के अनुरूप व्यावहारिक प्रशिक्षण मिल सके। 62 और आईटीआई को परियोजना से जोड़ा जाएगा, जिससे प्रदेश का तकनीकी शिक्षा ढांचा और अधिक मजबूत होगा। प्रशिक्षण संस्थानों को केवल प्रमाण पत्र देने तक सीमित नहीं रहना चाहिए बल्कि युवाओं को ऐसा कौशल देना चाहिए जिससे वे उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप दक्ष बन सकें और आसानी से रोजगार प्राप्त कर सके।

#### युवाओं को हुनर, तकनीक और रोजगार से जोड़ने की बड़ी पहल

सरकार का फोकस अब 'स्किल टू एम्प्लॉयमेंट' मॉडल पर है, जहाँ प्रशिक्षण के साथ रोजगार सुनिश्चित करना भी प्राथमिकता है। प्रदेश में वर्तमान में 300 से अधिक सरकारी एवं 3000 से अधिक निजी आईटीआई संचालित हो रहे हैं, जो लाखों युवाओं को तकनीकी एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। पिछले वर्ष उत्तर प्रदेश में एक लाख से अधिक युवाओं को अप्रेंटिसशिप से जोड़ा गया, जो पूरे देश में सर्वाधिक है। यह उपलब्धि दर्शाती है कि उत्तर प्रदेश तेजी से देश की स्किल कैपिटल के रूप में उभर रहा है। प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम ने कहा कि वर्तमान समय में कौशल विकास को केवल पाठ्यक्रम या प्रशिक्षण कार्यक्रम के रूप में नहीं देखा जा सकता बल्कि यह युवाओं की आर्थिक स्वतंत्रता, आत्मनिर्भरता और बेहतर भविष्य की मजबूत नींव बन चुका है। तेजी से बदलती तकनीक और उद्योगों की आवश्यकताओं को देखते हुए अब पारंपरिक शिक्षा के साथ कौशल आधारित शिक्षा को जोड़ना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। प्रदेश सरकार का उद्देश्य केवल युवाओं को प्रशिक्षण देना नहींबल्कि उन्हें ऐसा हुनर प्रदान करना है जिससे वे अपने जीवन में स्थायी रोजगार प्राप्त कर सकें और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें। प्रशिक्षण संस्थानों और उद्योगों के बीच बेहतर समन्वय बेहद जरूरी है, ताकि प्रशिक्षण पूरी तरह बाजार की मांग और आधुनिक उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप हो।

## 2027 के विधानसभा चुनाव में ही लागू होना चाहिए महिला आरक्षणः लालजी वर्मा

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के सांसद लालजी वर्मा ने आज भाजपा पर करारा हमला बोला। उन्होंने कहा कि ये लोकतंत्र के विरोधी हैं।उन्होंने बताया कि आज भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मेरे घर पर न रहने के बावजूद मेरे घर पर जाकर महिला आरक्षण के मुद्दे पर नारेबाजी की।उन्होंने कहा कि देश की महिलाओं को मालूम है कि महिला आरक्षण नारी बंदन अधिनियम 2023 में ही लोकसभा में सभी दलों के समर्थन से पास हुआ है।इतना ही नहीं इसको लेकर लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने खुद प्रत्येक बड़े शहरों में महिलाओं से अपना स्वागत कराया था। यह तो किसी से छिपा नहीं । फिर अब यह नाटक क्यों? मेरा मानना है कि महिला आरक्षण 2027 के विभिन्न विधान सभा के चुनाव में ही लागू होना चाहिये।अम्बेडकर के सांसद लालजी वर्मा ने आरोप लगाते हुए कहा कि इसमे यदि कोई बाधा उत्पन्न कर रहा है तो वह केवल भारतीय जनता पार्टी की सरकार है।

## नीट-यूजी 2026 परीक्षा रद्द

### अनियमितताओं की जांच सीबीआई करेगी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने नीट-यूजी 2026 परीक्षा को रद्द करते हुए दोबारा परीक्षा कराने का फैसला किया है। एजेंसी ने परीक्षा में कथित अनियमितताओं और जांच एजेंसियों से मिले इनपुट के आधार पर यह निर्णय लिया है। साथ ही केंद्र सरकार ने पूरे मामले की व्यापक जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दी है। एनटीए ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि 3 मई को आयोजित नीट-यूजी 2026 परीक्षा की प्रक्रिया को मौजूदा स्थिति में बरकरार नहीं रखा जा सकता। पारदर्शिता, निष्पक्षता और परीक्षा प्रणाली में छात्रों के भरोसे को बनाए रखने के लिए परीक्षा रद्द करने और दोबारा आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। नई परीक्षा तिथि और दोबारा जारी होने वाले एडमिट कार्ड का कार्यक्रम जल्द ही आधिकारिक माध्यमों से घोषित किया जाएगा। एनटीए ने अभ्यर्थियों और अभिभावकों से केवल आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करने और सोशल मीडिया पर प्रसारित अपुष्ट खबरों से बचने की अपील की है। बयान में कहा गया है कि सरकार ने मामले की विस्तृत जांच सीबीआई को सौंपने का फैसला किया है।

## नीट परीक्षा का रद्द होना सरकार की विफलता का उदाहरणः अजय राय



**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने मंगलवार को कहा कि नीट परीक्षा रद्द कर केंद्र सरकार ने युवा वर्ग के सपनों के साथ खिलवाड़ किया है और लगातार सामने आ रहे पेपर लीक के मामलों ने सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। राय ने यहां जारी बयान में कहा कि नीट यूजी 2026 का रद्द होना सरकार की विफलता का बड़ा उदाहरण है। उन्होंने आरोप लगाया कि जो सरकार राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा को सुरक्षित और पारदर्शी ढंग से आयोजित नहीं करा सकती, उसे सत्ता में बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक के डर ने सरकार की तैयारियों और व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार युवाओं के भविष्य को लेकर गंभीर नहीं है और दिल्ली में बैठे लोग छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। देश का युवा मौजूदा परिस्थितियों को देख रहा है और आने वाले समय में इसका जवाब देगा।

## हिमंत बिस्व सरमा लगातार दूसरी बार असम के मुख्यमंत्री बने

राज्यपाल ने दिलाई शपथ

**एजेंसी, गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने लगातार दूसरी बार असम के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। मंगलवार को राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। हालांकि, असम में भाजपा के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की लगातार तीसरी बार सरकार का गठन हुआ है। वर्ष 2016 में पहली बार भाजपा ने असम में सत्ता के शीर्ष पर पहुंचने में सफल हुई थी। गुवाहाटी के खानापारा स्थित पशु चिकित्सा महाविद्यालय के खेल मैदान में



आयोजित भव्य समारोह में डॉ. सरमा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, जेपी नड्डा समेत राजग शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों की मौजूदगी में शपथ ली। उनके साथ भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक रामेश्वर तेली और अजंता नेओग, असम गण परिषद (अगप) के अतुल बोरा और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) के चरण बोडो ने मंत्री पद की शपथ ली। उल्लेखनीय है कि असम विधानसभा चुनाव 2026 में राजग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 126 सदस्यीय विधानसभा में 102 सीटों पर जीत हासिल की। इसमें भाजपा को 82 सीटें मिलीं, जबकि सहयोगी दलों अगप को 10 तथा बीपीएफ को 10 सीटों पर जीत हासिल करने में सफलता हासिल की। समारोह के दौरान पूरे राज्य से पहुंचे लाखों लोग जय श्रीराम, भारत माता की जय, वंदे मातरम, जय आई असम आदि के नारे लगाते रहे, जिससे पूरे माहौल में उत्साह देखा गया। समारोह में महिलाओं की भी बड़ी सख्या में मौजूदगी देखी गयी। भारी संख्या में पहुंचे लोगों की सुविधा के लिए पंडाल के अलग-अलग हिस्सों में बड़े-बड़े एलईडी डिस्प्ले लगाए गये थे। डॉ. हिमंत बिस्व सरमा, रामेश्वर तेली, अजंता नेओग तथा असम गण परिषद (अगप) विधायक अतुल बोरा ने असमिया भाषा में शपथ ग्रहण किया, जबकि बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) के विधायक चरण बोडो ने बोडो भाषा में शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में आज मुख्यमंत्री सफेद धोती-कुर्ता एवं गले में असमिया गमोछा धारण कर नजर आए।

## असम राइफल्स के साथ मुठभेड़ में एनएससीएन के दो उग्रवादी ढेर

**एजेंसी, इटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के चांगलांग जिले के मियाओ सर्कल में सोमवार की देर रात से असम राइफल्स द्वारा चलाए गए आतंकवाद विरोधी अभियान में नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालैंड (एनएससीएन) के अंगामई गुट से संबंधित दो सदस्य मारे गए। आज अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि यह मुठभेड़ मियाओ पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र के सोंगकिंग गांव के पास घने जंगल वाले इलाके में रात भर चले अभियान के दौरान हुई। तलाशी के दौरान घटनास्थल से हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किए गए। एनएससीएन के अंगामई गुट के सूचना और प्रचार विभाग की ओर से आज जारी एक बयान में दावा किया गया है।

## लखनऊ जिला कोर्ट के वकीलों के चैंबर पर लाल क्रॉस

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** लखनऊ जिला कोर्ट के वकीलों के कई चौंबर्स की दीवारों पर नगर निगम ने लाल क्रॉस लगा दिए हैं। इसके साथ ही नोटिस लगाया है, जिसमें 16 मई तक का समय दिया गया है। कहा गया है कि अगर 16 तक ये अतिक्रमण नहीं हटाए गए तो 17 तारीख को प्रशासन खुद ही एक्शन लेगा। उस दौरान जो भी खर्च आएगा, उसका वहन अतिक्रमणकारी को करना होगा। इस नोटिस पर वकीलों का कहना है कि ये सारे नोटिस रात के अंधेरे में लगाए गए। उनके चौंबर्स पर लाल निशान लगा दिया गया। परिसर के बाहर के चौंबर्स में तो निशान लगाए ही, कोर्ट परिसर के अंदर के चौंबर्स पर भी निशान लगा दिए गए। एक चाय दुकानदार ने कहा पुराने हाईकोर्ट गेट के बाहर स्थित बसंत लाल टी स्टॉल के संचालक दीपक ने बताया कि वह पिछले करीब 50,55 सालों से यहां दुकान चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि



नगर निगम ने मार्किंग कर 5 दिन का नोटिस दिया

सुबह करीब 7 बजे जब वह दुकान पर पहुंचे, तभी उन्हें नोटिस चिपका हुआ दिखाई दिया। दीपक ने कहा उनकी पक्की दुकान है, लेकिन नगर निगम की कार्रवाई के चलते उन्हें इसे हटाना पड़ सकता है। असली समस्या चौंबर डालने की है। इलाके में जाम पहले भी लगता था और अब भी लग रहा है, ऐसे में दुकान हटाने से समस्या का समाधान नहीं होगा। हाईकोर्ट में लखनऊ नगर निगम की ओर से दाखिल रिपोर्ट में बताया गया कि कोर्ट क्षेत्र में 72 अतिक्रमण चिह्नित किए गए हैं। इनमें अधिकांश वकीलों के चौंबर हैं। कुछ दुकानें भी हैं। अदालत ने इससे पहले भी नगर निगम को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन, पुलिस बल पर्याप्त न होने पर कार्रवाई पूरी नहीं हो सकी थी। बुधवार को मामले की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के मुख्य स्थायी अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार सिंह ने डीसीपी मुख्यालय, डीसीपी पश्चिम और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त पश्चिमी के पत्र अदालत में पेश किए। इन पत्रों में बताया गया कि अपरिहार्य कारणों से पूर्व निर्धारित तारीख पर नगर निगम को पुलिस बल उपलब्ध नहीं कराया जा सका। नगर निगम की ओर से अदालत को बताया गया था कि अतिक्रमण हटाने के लिए अब 12 मई की नई तारीख तय की गई है।

लीपापोती

### बढ़ते गाद से सिकुड़ रही गोमती

## सफाई पर करोड़ों खर्च, फिर भी बढ़ता जा रहा सिल्ट

(आर.बी.सिंह)

**लखनऊ।** जीवनदायिनी गोमती नदी अब सिकुड़ती जा रही है। शहरभर से गिरने वाले गंदे नालों के साथ नदी में गाद की मात्रा लगातार बढ़ रही है और सफाई न होने से नदी का प्रवाह और चौड़ाई दोनों घट रहे हैं। डालीगंज स्थित पक्के पुल के पास गोमती का आधा सिकुड़ जाना इसका सबसे बड़ा उदाहरण है।

**करोड़ों खर्च, नतीजा शून्य**

वित्तीय वर्ष 2024-25 में यूपी और केंद्र सरकार के सहयोग से गोमती की सफाई, सीवेज प्रबंधन और पुनर्जीवन के लिए कई परियोजनाएं चल रही हैं। 2010 से 2025 के बीच गोमती की सफाई पर ढाई हजार करोड़ रुपये से



अधिक खर्च हो चुके हैं। वहीं अक्टूबर 2025 में यूपी सरकार ने 'गोमती पुनर्जीवन मिशन' शुरू किया। इसके तहत सीवेज रोकने और सिल्ट हटाने का काम शुरू भी हुआ और नगर निगम लखनऊ हर साल इसकी नियमित सफाई पर करीब 72 लाख रुपये खर्च भी कर रहा है। केंद्र की सरकार ने 2024 में नमामि गंगे के तहत 1,555 करोड़ की लागत से 10 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया था। इसके बावजूद सिल्ट का दायरा घटने के बजाय बढ़ता जा रहा है। शहर का करीब 280 एमएलडी गंदा पानी रोजाना बिना शोधन के सीधे गोमती में गिर रहा है।

**सीवेज क्षमता से दोगुना प्रदूषण**

लखनऊ में प्रतिदिन 730 एमएलडी सीवेज निकलता है, जबकि शोधन क्षमता केवल 450 एमएलडी है। इसी कारण गोमती का पानी गंभीर रूप से प्रदूषित हो चुका है। नदी के जलीय जीव-जंतु लगभग समाप्त हो चुके हैं और नदी किनारे रहने वाले मछुआरे भी पलायन को मजबूर हैं।

**समन्वय की कमी बनी सबसे बड़ी बाधा**

गोमती सफाई की जिम्मेदार नोडल एजेंसियां- जल निगम, नगर निगम, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सिंचाई विभाग और एलडीए-आपस में तालमेल नहीं बना पा रही हैं। नगर विकास विभाग के अधिकारियों का भी मानना है कि समन्वय की कमी ही सबसे बड़ी समस्या है। हर विभाग अपने क्षेत्राधिकार का हवाला देकर जिम्मेदारी से बच रहा है, जिससे सफाई का कोई ठोस खाका नहीं बन पा रहा।

**एक उम्मीदः गोमती टास्क फोर्स**

राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तहत जनवरी 2025 में गठित गोमती टास्क फोर्स सरकार और समाज के बीच सेतु बनकर काम कर रही है। अब तक टास्क फोर्स ने 70,000 से अधिक नागरिकों को जोड़ा है, 1,000 टन से अधिक जलकुंभी हटाई है और 100 से ज्यादा जागरूकता अभियान चलाए हैं।

# सोते समय पिता ने नाबालिग बेटी की गला घोंटकर की हत्या, रातभर शव के बगल सोया पिता

- समुदाय विशेष के युवक से प्रेम प्रसंग के चलते बड़ी वारदात को दिया अंजाम
- पुलिस ने आरोपी पिता को किया गिरफ्तार




**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले में समुदाय विशेष के युवक से प्रेम प्रसंग पर ऑनर किलिंग का मामला सामने आया है। पिता ने सोते समय नाबालिग बेटी की गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद शव के पास ही चारपाई में रातभर सोता रहा। सुबह मां जब बेटी को जगाने गई तो चारपाई पर मरा हुआ पाया। जिसके बाद पुलिस को हत्या की सूचना दी। किशोरी का पड़ोस के समुदाय विशेष के युवक से अफेयर था। ये बात परिवार और पिता को पसंद नहीं थी। कई बार उसे समझाने का प्रयास किया। लेकिन किशोरी अपने प्रेमी से शादी करने की जिद पर अड़ी थी। इसपर गुस्साए पिता ने हत्या की साजिश रची और रात में सोते वक्त गला घोंटकर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने आरोपी पिता को घर से गिरफ्तार कर लिया। वहीं, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामला रिसिया थाना क्षेत्र का है। जिले के भक्तापुर गांव के रहने वाले हरदेव चौहान(50) अपने परिवार के साथ रहते हैं। परिवार में पत्नी लीलावती, चार बेटियां और तीन बेटे हैं। इनमें से दो बेटियों की शादी हो चुकी है और एक बेटा बाहर कमाता है। बेटी संगीता (16) तीसरे नंबर पर थी। संगीता का पड़ोस के ही समुदाय विशेष के युवक आजाद से एक साल से अफेयर चल रहा था। दोनों के घर की दूरी करीब 70 मीटर है। परिवार दोनों के रिश्ते के खिलाफ था और बेटी की शादी हिंदू युवक से कराना चाहते थे। करीब तीन महीने पहले लड़की के पिता ने नानपारा क्षेत्र के एक युवक के साथ लड़की को गांव के बाहर भेज दिया। दोनों करीब 15 दिन तक साथ रहे, जिसके बाद युवक लड़की को वापस पिता के घर छोड़कर चला गया। रिसिया पुलिस लगातार किशोरी की काउंसलिंग कर रही थी। रविवार को प्रेमी के रिहा होने के बाद सोमवार को लड़की उसके घर चली गई और करीब आठ घंटे तक वहीं रही। बाद में मां की सूचना पर पुलिस लड़की को वापस घर ले आई। रात करीब 12 बजे पिता ने बेटी को काफी समझाने की कोशिश की, लेकिन वह मानने को तैयार नहीं थी। संगीता की मां इलावती ने बताया कि उनकी बेटी की हत्या उसके पिता ने की है। रात करीब एक बजे गला दबाकर उसकी जान ले ली गई। लड़की अपने प्रेमी आजाद के साथ रहना चाहती थी। सोमवार को उसे प्रेमी के घर से पकड़कर वापस लाया गया था। दोनों के बीच करीब एक साल से प्रेम संबंध था। परिवार ने लड़की को काफी समझाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं मानने को तैयार नहीं थी। रिसिया थाना प्रभारी करुणाकर पांडेय ने बताया कि मुकदमा लिखकर आरोपी पिता को हिरासत में लिया गया है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

## जिले में 16 पुलिसकर्मियों के तबादले

- विशेष सिंह बने चौकी चौक प्रभारी, तीन पुलिसकर्मी पुलिस लाइन भेजे गए



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले में कानून व्यवस्था को बेहतर करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक ने 16 पुलिसकर्मियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। इसमें तीन निरीक्षकों और 13 उपनिरीक्षकों के तबादले शामिल हैं। एक निरीक्षक और दो उपनिरीक्षकों को पुलिस लाइन भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने कोतवाली नगर में तैनात उप निरीक्षक विशेष सिंह को चौकी चौक का नया प्रभारी नियुक्त किया है। अन्य नियुक्तियों में, लाइन में तैनात निरीक्षक सुरेश चंद्र राय को प्रभारी सम्मन सेल बनाया गया है। मुकेश मिश्रा को थाना नवाबगंज का निरीक्षक अपराध नियुक्त किया गया है। उप निरीक्षक अभय कुमार पांडे को चौकी टिकोरा मोड़ का प्रभारी बनाया गया है। इसके अतिरिक्त, रोहित कुमार शर्मा को चौकी रायबोझा, अमित प्रताप सिंह को चौकी दौलतपुर, अरविंद राय को चौकी कटीलिया, हेमंत सिंह को चौकी हाइवे और चंद्रसेन को चौकी रायपुर राजा का प्रभार सौंपा गया है। वहीं, नवाबगंज में तैनात निरीक्षक अशोक कुमार वर्मा, चौकी हाइवे प्रभारी अयोध्या सिंह और कारीकोट चौकी प्रभारी राम सुधार यादव को पुलिस लाइन भेज दिया गया है।

## विकास योजनाओं पर मंथनः क्षेत्र पंचायत बैठक में गूंजे विकास के मुद्दे

- सरकारी योजनाओं की विभागीय विचार विमर्श हुआ

**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज़।**



विकास खंड सभागार में मंगलवार को ब्लॉक प्रमुख वंदना पांडे की अध्यक्षता एवं क्षेत्रीय विधायक सुभाष त्रिपाठी की मौजूदगी में क्षेत्र पंचायत की बैठक आयोजित हुई। बैठक का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन कृष्ण मोहन शुक्ला ने किया। बैठक में पंचम वित्त आयोग एवं 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत क्षेत्र पंचायत अंश की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही विकसित भारत जी राम जी योजना समेत विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), गोवंश आश्रय स्थल एवं भरण-पोषण योजना, बाल विकास एवं पुष्टाहार, समाज कल्याण, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक एवं प्रोबेशन विभाग की योजनाओं पर विचार-विमर्श हुआ। इसके अलावा स्वास्थ्य, कृषि, खाद्य एवं रसद, विद्युत, पेयजल तथा शिक्षा विभाग की योजनाओं की भी समीक्षा की गई। इस अवसर पर प्रभारी खंड विकास अधिकारी सूर्य बक्स सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि राकेश पांडे, विधायक प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी, डॉ. कुणाल मिश्रा, राजकुमार शुक्ला, पम्मू उर्फ पवन कुमार पाठक, आज्ञाराम तिवारी, कृष्ण कुमार गिरि, शिवप्रसाद पांडे, देवेश कुमार मिश्रा, पुत्तीलाल गिरि, प्रमोद सोनी, जीत बहादुर सिंह, राकेश सिंह, धनलाल पांडेय, आनंद पांडेय, विष्णुदत्त चौहान, राम प्रवेश द्विवेदी, पी.डी. सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, बीडीसी सदस्य, ग्राम प्रधान एवं ब्लॉक कर्मचारी मौजूद रहे।

## अधिवक्ता परिषद का प्रदेश अधिवेशन 16 से

### कार्यक्रम स्थल पर भूमि पूजन संपन्न

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** अधिवक्ता परिषद. अवध प्रांत के प्रदेश अधिवेशन आगामी 16 एवं 17 मई को हरियाली रिसोर्ट में आयोजित होगा। कार्यक्रम की तैयारी के दृष्टिगत कार्यक्रम स्थल पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। भूमि पूजन कार्यक्रम के उपरांत प्रदेश महामंत्री मीनाक्षी परिहार सिंह. प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद सिंह तथा प्रदेश मंत्री रंजीता बाल्मीकि ने अधिवक्ता परिषद बहराइच की कार्यकारिणी के साथ बैठक कर कार्यक्रम की तैयारी की जानकारी प्राप्त कर समीक्षा किया। परिषद की प्रदेश महामंत्री मीनाक्षी परिहार ने कहा कि बहराइच जनपद के लिए यह गौरव का विषय है की प्रदेश अधिवेशन यहां हो रहा है इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका का निर्वहन करना होगा।

## अवैध रूप से संचालित वाहनों के विरूद्ध होगी प्रवर्तन की कार्यवाही

### अनाधिकृत स्टैण्डों के विरूद्ध भी होगी कार्रवाई

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** बहराइच-हुजूरपुर मार्ग एवं बहराइच-महसी-बौण्डी मार्ग पर संचालित परमिटधारी निजी बसों के संचालकों को अनाधिकृत बैट्री ई-रिक्शा व टैम्पों के संचालन से हो रही आर्थिक क्षति के साथ साथ प्रभावित हो रही सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने सम्बन्धित अधिकारियों तथा हुजूरपुर एवं महसी-बौण्डी प्राईवेट बस यूनियन के अध्यक्ष एवं महामंत्री के साथ बैठक करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को दो टूक शब्दों में निर्देश दिया कि दोनों मार्गों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाकर अवैध रूप से संचालित यात्री वाहनों पर



पूरी तरह अंकुश लगाया जाए। डीएम ने कहा कि बिना परमिट अथवा नियमों के विरुद्ध संचालित वाहनों के खिलाफ कठोर प्रवर्तन कार्रवाई अमल में लाई जाये। बैठक के दौरान बहराइच-हुजूरपुर एवं महसी-बौण्डी प्राइवेट बस यूनियन के पदाधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि निर्धारित स्टैंडों के अलावा अलग-अलग स्थानों पर अवैध रूप से ई-रिक्शा, टैम्पो व अन्य यात्री वाहनों के सवारियां बैठाने से जहां एक ओर यातायात अवरूद्ध होने से दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है वहीं दूसरी ओर परमिटधारी वाहनों के हित भी प्रभावित होते हैं। इस सम्बन्ध में डीएम श्री त्रिपाठी ने पुलिस व यातायात विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि अवैध रूप से स्थापित स्टैण्डों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई करें ताकि मार्गों को अव्यवस्था व जाम की स्थिति से निजात मिल सके। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद, क्षेत्राधिकारी यातायात पुलिस, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), यात्रीकर अधिकारी, नगर पालिका परिषद बहराइच की अधिशासी अधिकारी सहित यातायात पुलिस एवं विभिन्न थानों के प्रभारी निरीक्षक मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### गैस की किल्लत को लेकर अपर आयुक्त से मिला अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमण्डल



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** मंगलवार को गैस बुकिंग को लेकर अधिवक्ताओं का प्रतिनिधि मण्डल अपर आयुक्त से मिला और उन्हें संघ भवन में बुकिंग के लिए मांगपत्र सौंपा। अपर आयुक्त ने आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये। जनपद में गैस सिलेण्डर की किल्लत से उपभोक्ता परेशान है और अधिवक्ता व्यस्तता के चलते लाइन लगाकर गैस नहीं ले सकते जिससे उनके घरों में रसोई गैस की समस्या पैदा हो गई इसी को देखते हुये प्रशासन से सहयोग मांगा है। इससे पहले कई अधिवक्ताओं ने गैस की समस्याओं को लेकर डीएम से शिकायत की डीएम ने डीएसओ को आदेशित किया लेकिन उ लेकिन उसको एजेन्सियों के मालिकों ने नज़रअंदाज कर दिया। आज गैस की समस्याओं को लेकर संयुक्त बार एसोसिएशन के तत्वाधान में सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरोध रहे। सिविल बार के अध्यक्ष विजय प्रकाश त्रिपाठी, महामंत्री गौरी शंकर चतुर्वेदी अपने एसोसिएशन के से अपनी समस्याओं को अवगत प्रतिनिधि मण्डल के साथ मिलकर अपर आयुक्त से सिंह रैकवार प्रदीप मिश्रा, जगन्नाथ कराया। इस मौके पर शिवकुमार त्रिपाठी, शिवम सिंह प्रसाद शुक्ला, संजय शुक्ला, राजन तिवारी, मृत्युजय शुक्ला, मुकेश वर्मा सहित दर्जनों अधिवक्ता मौजूद रहे।

### महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान और सरकारी योजनाओं के प्रति किया गया जागरूक



**समृद्धि न्यूज़, उतरौला (बलरामपुर)।** थाना कोतवाली उतरौला क्षेत्र में मिशन शक्ति अभियान के पंचम चरण के द्वितीय चरण के अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय एवं क्षेत्राधिकारी राघवेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह के नेतृत्व में संचालित किया गया। अभियान के दौरान एंटी रोमियो टीम एवं मिशन शक्ति टीम द्वारा क्षेत्र की महिलाओं एवं पुरुषों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। टीम ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सहित अन्य योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इसके साथ ही लोगों को विभिन्न आपातकालीन एवं सहायता हेल्पलाइन नंबरों के प्रति भी जागरूक किया गया। पुलिस टीम ने वूमेन पावर लाइन 1090, आपातकालीन पुलिस सेवा 112, एंबुलेंस सेवा 108, गर्भवती महिलाओं हेतु 102, साइबर हेल्पलाइन 1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के उपयोग और महत्व के बारे में बताया। अभियान के दौरान थाने पर गठित महिला हेल्प डेस्क एवं मिशन शक्ति केंद्र की कार्यप्रणाली की जानकारी देते हुए महिलाओं को किसी भी प्रकार की उत्पीड़न, छेड़छाड़ अथवा अपराध की स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही महिलाओं को चैन स्नैचिंग जैसी घटनाओं से बचाव के उपाय भी बताए गए और सार्वजनिक स्थानों पर सतर्क रहने की सलाह दी गई। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना तथा उन्हें उनके अधिकारों और सरकारी सुविधाओं के प्रति जागरूक बनाना है। अभियान के दौरान लोगों ने पुलिस की इस पहल की सराहना की।

## भारत-नेपाल सीमा पर चिन्हित अवैध कब्ज़ों को हटाने की कार्यवाही में तेजी लायें: डीएम

- अवैध अतिक्रमणकर्ताओं के विरुद्ध होगी कार्रवाई

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा क्षेत्र के 0 से 15 किमी. में सरकारी भूमि एवं नो मेन्स लैन्ड पर अवैध अतिक्रमण हटाये जाने सम्बन्धी कार्यो की समीक्षा हेतु सोमवार को देर शाम कलेक्ट्रट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। उप जिलाधिकारी नानपारा द्वारा अवगत गया कि तहसील नानपारा अन्तर्गत नो मैन्स लैण्ड पर 01 अतिक्रमण है, जो कि जीर्ण-शीर्ण मंदिर के रूप में है। उन्होंने बताया कि उक्त मंदिर में प्रतिस्थापित हेतु अन्य मंदिर का निर्माण करा दिया गया है। डीएम ने एसडीएम नानपारा को निर्देश दिया कि एसएसबी एवं अन्य संबंधित ग्रामवासियों से वार्ता करते हुये अग्रिम 15 दिवस में नियमानुसार नो-मेन्स लैण्ड पर स्थित अतिक्रमण को



हटवा दिया जाय। बैठक में बताया गया कि भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा क्षेत्र के 0 से 15 कि.मी. में सरकारी भूमि पर कुल 366 अवैध अतिक्रमण पाये गये, जिसमें से 219 अतिक्रमण को हटा दिया गया। वर्तमान में 147 अवैध अतिक्रमण हटाये जाने हेतु अवशेष है। अवशेष 147 अवैध अतिक्रमण में से 113 पर वाद पंजीकृत है तथा 34 प्रकरण (31-स्थायी व 03 अस्थायी) में वाद पंजीकृत नहीं है। इस सम्बन्ध में एसडीएम व तहसीलदार नानपारा को निर्देश दिया गया कि 31 प्रकरण, जो स्थायी प्रकृति के अवैध अतिक्रमणों में सम्बन्धित अवैध अतिक्रमणकर्ताओं के विरूद्ध नियमानुसार उ.प्र. राजस्व संहिता 2006 में दिये गये प्राविधानों के अन्तर्गत वाद पंजीकृत कराना सुनिश्चित करें। एसडीएम नानपारा ने बताया कि वाद पंजीकृत 113 प्रकरणों में से 56 प्रकरणों में बेदखली का आदेश पारित हो चुका है, 39 प्रकरणों में बाजदायर प्राप्त हुआ है तथा 18 प्रकरण न्यायालय अपर सिविल जज बहराइच पर विचाराधीन है। एसडीएम ने बताया कि 56 प्रकरण जिनमें बेदखली का आदेश पारित हुआ है उनमें से 46 प्रकरण ऐसे है जिनमें प्रभावित व्यक्ति के पास दूसरा मकान नहीं है या भूमिहीन है तथा 09 प्रकरणों में अन्य मकान या भूमि है तथा 01 स्थान पर मलंगशाह मजार बनी हुयी है। डीएम द्वारा एसडीएम व तहसीलदार को निर्देश दिया गया कि 46 प्रकरणों, जिनमें प्रभावित व्यक्ति के पास दूसरा मकान नहीं है या भूमिहीन हैं, को चिन्हित करते हुये नियमानुसार आवासीय पट्टा उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें तथा अवशेष 10 प्रकरणों में अवैध अतिक्रमण यथाशीघ्र हटाया जाना सुनिश्चित करें। एसडीएम मिहींपुरवा (मोतीपुर) ने बताया कि तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) क्षेत्रान्तर्गत भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा क्षेत्र के 0 से 15 कि.मी. में सरकारी भूमि पर कुल 184 अवैध अतिक्रमण पाये गये।

## केडीसी रेड ने केडीसी ग्रीन को 154 रनों से हराया

### नीरज निषाद को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी किया घोषित



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** किसान डिग्री कॉलेज के मैदान में केडीसी क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में अंडर-16 समर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को पांचवे दिन केडीसी रेड एवं केडीसी ग्रीन के बीच पांचवा मुकाबला खेला गया। टॉस जीतकर केडीसी रेड के कप्तान किशन वर्मा ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 50 ओवरों के इस मुकाबले में केडीसी रेड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 46वें ओवर में ऑल आउट होते हुए 305 रनों का स्कोर खड़ा किया। नीरज निषाद ने 16 चौकों एवं पांच छक्कों की मदद से 99 गेंदों में 125 रनों की बेहतरीन शतकीय पारी खेली। अली खान ने 28 एवं कृष्ण वर्मा ने 26 रनों का योगदान दिया। केडीसी ग्रीन की तरफ से गेंदबाजी करते हुए विनायक गुप्ता ने चार एवं साफवान खान ने तीन सफलताएं अर्जित की। 305 रनों के स्कोर का पीछा करते हुए केडीसी ग्रीन के बल्लेबाज नियमित अंतराल पर अपना विकेट गंवाते रहे और पूरी टीम 34वें ओवर में 154 रनों पर ऑल आउट हो गई। अभय प्रताप ने सर्वाधिक 54 रनों की पारी खेली।

## डीएम ने जिला संयुक्त चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।** जिलाधिकारी डॉ विपिन कुमार जैन द्वारा प्रातः 09 बजे जिला संयुक्त चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल परिसर में संचालित विभिन्न व्यवस्थाओं का गहनता से निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा अस्पताल के वार्ड, ओपीडी, एक्स-रे कक्ष, सीटी स्कैन कक्ष सहित विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने ओपीडी में पहुंचकर मरीजों के उपचार की स्थिति देखी तथा चिकित्सकों द्वारा मरीजों को दिए जा रहे परामर्श एवं उपचार व्यवस्था का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने मरीजों एवं तीमारदारों से संवाद कर अस्पताल में उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, दवाओं, जांच एवं उपचार व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान कुछ चिकित्सक अनुपस्थित पाए गए, जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाते हुए अनुपस्थित चिकित्सकों का वेतन रोकने के निर्देश दिए।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा अस्पताल में निर्धारित समय पर चिकित्सकों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वार्डों एवं शौचालयों की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए तथा कहा कि मरीजों एवं उनके परिजनों को स्वच्छ एवं बेहतर वातावरण उपलब्ध कराया जाना प्राथमिकता होनी चाहिए।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अस्पताल परिसर में स्वच्छता व्यवस्था लगातार मॉनिटर की जाए तथा किसी भी प्रकार की शिकायत की स्थिति में तत्काल कार्रवाई की जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशानुरूप मरीजों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके लिए सभी चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी पूर्ण जिम्मेदारी एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करें।

**निर्माणाधीन 100 बेडेड क्रिटिकल केयर यूनिट का किया निरीक्षण**

इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा संयुक्त जिला चिकित्सालय परिसर में निर्माणाधीन 100 बेडेड क्रिटिकल केयर यूनिट का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को कार्य में तेजी लाने तथा निर्धारित समयावधि के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्माण कार्य पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए।

इस दौरान सीएमएस संयुक्त जिला चिकित्सालय व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## मरीजों की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म, नर्सें स्वास्थ्य व्यवस्था की मजबूत कड़ी

- अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर मुख्य अतिथि सम्मानित, छात्राओं ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** डा. सर्वेश कुमार शुक्ला ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस उत्साह और गरिमामय माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डा. बीना टंडन एवं चेयरमैन डा. सर्वेश कुमार शुक्ला ने दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम में बीएससी नर्सिंग, जीएनएम एवं एएनएम के छात्र-छात्राओं द्वारा लैंप लाइटिंग सेरेमनी आयोजित की गई, जिसमें छात्राओं ने सेवा, समर्पण और मानवता की शपथ ली। इसके साथ ही नर्सिंग छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से मानव सेवा का संदेश दिया। अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर संस्थान में केक काटकर खुशी मनाई गई। मुख्य अतिथि, चेयरमैन एवं फैकल्टी सदस्यों ने संयुक्त रूप से केक काटकर सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दीं।मुख्य अतिथि डॉ. बीना टंडन ने अपने संबोधन में कहा कि नर्से मरीजों की देखभाल में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उनका समर्पण, धैर्य और सेवा भाव स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाता है। उन्होंने कहा कि नर्सिंग केवल नौकरी नहीं बल्कि मानवता की सच्ची सेवा है। चेयरमैन डॉ. सर्वेश शुक्ला ने छात्र-छात्राओं को मरीजों के प्रति संवेदनशील रहते हुए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी।कार्यक्रम के दौरान संस्थान की ओर से मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था को-फाउंडर माया शुक्ला, इंजीनियर श्याम सुंदर मिश्र,डायरेक्टर पल्लवी शुक्ला, डा. वर्षा शुक्ला, आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सतीश चंद्र तिवारी, फार्मेसी प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार त्रिपाठी, पावक शुक्ला समेत अन्य फैकल्टी मौजूद रहीं।

## श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज के जंतु विज्ञान विभाग में संपन्न हुआ मेंटर मेंटी प्रोग्राम

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है मेंटर- मेंटी प्रोग्राम। यह एक संरचनात्मक शिक्षण या मार्गदर्शन कार्यक्रम है, जो अनुभवी पेशेवरों (मेंटर) द्वारा नए या कम अनुभवी व्यक्तियों (मेंटी) को मार्गदर्शन प्रदान करता है, ताकि उनके कौशल, ज्ञान और करियर के लक्ष्यों को बढ़ावा दिया जा सके। उक्त बातें श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज के आईक्यूएसी प्रभारी एवं प्राचार्य प्रोफेसर जितेंद्र सिंह ने कही द्य जंतु विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष एवं मेंटर-मेंटी प्रोग्राम प्रभारी प्रो. अरविन्द कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में जंतु विज्ञान के विद्यार्थियों हेतु मेंटर - मेंटी प्रोग्राम आयोजित किया गया द्य प्रोफेसर शर्मा ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया इस प्रोग्राम



का आयोजन महाविद्यालय के सभी छात्र छात्राओं के लिए किया जाएगा जिससे उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों का आत्मविश्वास बढाते हुए उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाया जा सके। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मार्गदर्शक शिक्षक एवं छात्रों के बीच विश्वास और साझा सीखने का अवसर प्रदान करना है उन्हें शैक्षणिक, व्यक्तिगत , व्यावसायिक रूप से सफल बनाने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करना है द्य प्रोफेसर शर्मा ने यह भी बताया मार्गदर्शक शिक्षक छात्रों के अध्ययन, पाठ्यक्रम चयन एवं शैक्षणिक लक्ष्य को प्राप्त करने में मार्गदर्शक के रूप में कार्य करता है इस प्रोग्राम का उद्देश्य उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्रों के तनाव को कम करना, छात्रों को भावनात्मक समर्थन प्रदान करना है।

## दबंगों ने मां-बेटी को मार-पीट कर किया घायल

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत हरिहरपुर गांव के पंडित हाता निवासी रासज कुमारी ने बताया कि गांव के एक युवक की बेटी के घर से कहीं चली गई थी। जिससे नाराज हो कर रविवार रात करीब साढ़े आठ बजे उक्त युवक अपने परिवार के दो लोगों के साथ उसके घर पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपितों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया।शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंची उसकी बेटी मधु को भी आरोपितों ने मारपीट कर घायल कर दिया। घटना में मां-बेटी दोनों को गंभीर चोटें आई हैं। जाते समय हमलावर जान से मारने की धमकी भी देते गए।

# सपाई महिलाओं ने विधान भवन घेरा

## पुलिस और प्रदर्शनकारियों में नोंकझोंक

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।**

राजधानी लखनऊ में विधान भवन के सामने सपा की महिला कार्यकर्ताओं ने जोरदार हंगामा किया। विधान भवन के मुख्य गेट चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के सामने जमीन पर लेट कर नारेबाजी करने लगी। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने पीएम मोदी और सीएम योगी के खिलाफ जमकर नारे लगाए। प्रदर्शन कर रही महिलाओं के हाथ में पोस्टर था जिस पर लिखा था कि महिलाओं का मंगलसूत्र छीनने वाली सरकार नहीं चाहिए। बापू भवन की तरफ से महिलाएं दौड़ते हुए विधान भवन पर पहुंची । कार्यकर्ताओं के



पीछे पीछे पुलिस दौड़ रही थी। प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश किया तो सड़क पर लेट गई। इस दौरान पुलिस और महिलाओं के बीच में काफी देर तक धक्का-मुक्की और नोकझोंक हुई। काफी संघर्ष के बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया और कार्यकर्ताओं को वहां से टांगकर उठा ले गई। प्रदर्शन कर रही महिला सभा की प्रदेश सचिव संजना पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने हमें सोना खरीदने से रोका है। इन्होंने कहा कि पीएम मोदी का यह आवाहन की 1 साल तक सोना ना खरीदे यह प्रधानमंत्री के नाकामी है। यह सीधे तौर पर दर्शाता है कि प्रधानमंत्री और उनकी नीतियां पूरी तरीके से सफल हैं। सोना ना खरीदने का आवाहन सीधे तौर पर हम लोगों को मंगलसूत्र पहनने से रोका जा रहा है। यह सरकार पूरी तरीके से सफल है जो आम जनता को सोने ना खरीदने और मंगलसूत्र ना पहनने के लिए कह रही है। प्रदर्शन कर रही रंजना यादव ने पुलिस पर कपड़े फाड़ने और लात मारने का आरोप लगाया। रंजना ने कहा कि मौजूदा सरकार से न केंद्र की सत्ता संभल रही है न उत्तर प्रदेश की।

### सोना न पहनने का आह्वान सीधे तौर पर मंगलसूत्र पर हमला

सोना ना पहनने का आवाहन सीधे तौर पर मंगलसूत्र पर हमला है। महिलाओं के प्रति एक तरफअपराध बढ़ रहा है यूपी में कहीं भी महिला सुरक्षित नहीं है। और अब दूसरी तरफऐसा कानून बनाया जा रहा है इस तरीके की बातें हो रही है कि महिला मंगलसूत्र भी न पहन पाए। हम मांग करते हैं कि प्रधानमंत्री अपनी बात को वापस ले। महिलाओं को पूरा सम्मान और अधिकार मिलना चाहिए।

# अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर श्रमिक सम्मान व स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**




अवध वन प्रभाग द्वारा कुकरैल रेंज स्थित 'मौलश्री' प्रेक्षागृह में 'स्वास्थ्य कैम्प एवं श्रमिक सम्मान समारोह' का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य वन विभाग के विकास में श्रमिकों के अमूल्य योगदान को सम्मानित करना तथा उनके स्वास्थ्य एवं कल्याण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस अवसर पर लेपटॉस हेल्थकेयर के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा श्रमिकों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हे चिकित्सीय परामर्श एवं आवश्यक दवाएं उपलब्ध करायी गयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डी0एफ0ओ0, लखनऊ सितांशु पाण्डेय उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने श्रमिकों को सम्मानित करते हुए उनके द्वारा वन एवं वन्य जीव संरक्षण में किये जा रहे कार्यों की सराहना की गयी तथा उन्हे स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा श्रमिकों को मिल्टन वॉटर बोटल, अंगवस्त्र आदि भेंट कर सम्मानित किया गया। स्वास्थ्य शिविर में लेपटॉस हेल्थकेयर के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने सक्रिय सहयोग दिया, जिसमें डॉ0 अब्बास, डॉ0 तेजपाल सिंह, डॉ0 अंजली सोमानी, डॉ0 शशांक कुमार, डॉ0 गोविन्द प्रताप सिंह एवं डॉ0 प्रेरणा प्रियदर्शनी शामिल रहीं। शिविर में सामान्य जांच, ब्लड प्रेशर, शुगर, नेत्र परीक्षण एवं मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु परामर्श दिया गया। इस कार्यक्रम में चन्दन चौधरी, उप प्रभागीय वनाधिकारी, मोहनलालगंज एवं कमलेश कुमार, क्षेत्रीय वनअधिकारी, कुकरैल, सोनम दीक्षित, क्षेत्रीय वन अधिकारी, लखनऊ, सुरभि श्रीवास्तव, क्षेत्रीय वन अधिकारी, मोहनलालगंज सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## खबरें एक नजर में

### चलती ट्रेन से व्यक्ति को नीचे फेंका 6 किमी तलाश के बाद मिला शव

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** लखनऊ में इंटरसिटी ट्रेन में सफर कर रहे एक व्यक्ति को सिरफिरे युवक ने चलती ट्रेन से नीचे फेंक दिया। घटना निगोहां थाना क्षेत्र के आसपास की है। सूचना मिलने के बाद जीआरपी की टीम रातभर करीब 6 किलोमीटर तक रेलवे ट्रैक पर व्यक्ति की तलाश करती रही। मंगलवार सुबह ट्रैक पर उनकी डेडबॉडी मिली। मृतक की पहचान भदोही निवासी रामबिंद (55) के रूप में हुई। वह अपने साथी रमाकांत के साथ इंटरसिटी ट्रेन से भदोही से लखनऊ आ रहे थे। रात करीब 10 बजे ट्रेन में सफर के दौरान एक सिरफिरे युवक ने पहले उनका बैग फेंक दिया, इसके बाद उन्हें भी ट्रेन से नीचे फेंक दिया। मृतक के बेटे दीपक ने बताया कि रामबिंद शौचालय गए थे। करीब 20 मिनट तक वापस नहीं लौटे तो उनके साथी रमाकांत उन्हें तलाशने पहुंचे। काफी खोजबीन के बाद भी उनका पता नहीं चला। तब सफर कर रहे लोगों ने बताया कि एक सिरफिरे युवक ने किसी को फेंका है। उसके बाद उनकी खोजबीन शुरू की गई। ट्रेन चारबाग पर रुकी तब मामले की जानकारी जीआरपी को दी गई। जीआरपी और निगोहां थाने की पुलिस ने संयुक्त जांच शुरू की। सुबह स्थानीय लोगों ने बेटे दीपक बिंद को फोन कर सूचना दी कि उनके पिता का शव निगोहां थाने के पास रेलवे क्रॉसिंग से कुछ दूरी पर पड़ा है। तब तक जीआरपी और स्थानीय पुलिस ने रेलवे ट्रैक पर तलाश अभियान चलाया। करीब 6 किलोमीटर तक सर्च ऑपरेशन चला, लेकिन तब तक गांववालों ने इसकी सूचना दी। रामबिंद भदोही में खेती-किसानी करते थे। परिवार में तीन बेटे रामदेव, लालन और दीपक, दो बेटियां हैं। जीआरपी इंस्पेक्टर धर्मवीर सिंह ने बताया कि धक्का देने वाले को युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। वह पानीपत का रहने वाला है।

### युवती ने वीडियो बनाकर किया सुसाइड फ्लैट में फंदे से लटका मिला शव

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** राजधानी के गोमतीनगर विस्तार में एक युवती ने वीडियो बनाने के बाद फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के वक्त उसने अपनी एक परिचित दोस्त को कॉल करके जानकारी दी। इसकी सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंची लेकिन तब तक वह आत्महत्या कर चुकी थी। गोमतीनगर विस्तार थाना इंस्पेक्टर सुधीर अवस्थी ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मूल रूप से गोरखपुर की रहने वाली रतना सिंह (32) लखनऊ के गोमतीनगर विस्तार स्थित शालीमार विस्टा अपार्टमेंट में रहती थी। लखनऊ के सैलून में मैनेजर के पद पर काम कर रही थी। सोमवार देर रात उसने अपनी एक दोस्त को फोन करके आत्महत्या करने की बात कही। इस पर उसकी दोस्त ने पुलिस को सूचना दी। रात करीब 3 बजे पुलिस टीम अपार्टमेंट पहुंची। जहां फ्लैट अंदर से बंद मिला। पुलिस ने काफी दरवाजा खटखटाया लेकिन कोई रिस्पॉन्स नहीं मिला। इस पर पुलिस दरवाजा तोड़कर फ्लैट के अंदर गई तो युवती पंखे के सहारे फंदे से लटकी हुई थी। युवती ने आत्महत्या से पहले एक वीडियो बनाया जिसमें उसने अपनी आत्महत्या का जिम्मेदार शरद सिंह नाम के व्यक्ति को ठहराया है। दूसरा नाम पल्लवी जोशी का ले रही है जिस पर पागल करने का आरोप लगा रही है। इसके अलावा वैशाली, मंगल यादव, इशांत शर्मा और शरद की पूरी फैमिली को जिम्मेदार ठहराया है।

### भंडारे में बांटा आम का पना, सुबह से हनुमान मंदिरों में लगी कतार

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** लखनऊ में दूसरे बड़ा मंगल पर भंडारे में आम का पना बांटा जा रहा है। लंबी कतारों में लगकर लोग भंडारों के स्टॉल पर डटे रहे। कहीं पूड़ी के साथ छोला तो कहीं कद्दू की सब्जी बंट रही है। हर भंडारे में जो प्रसाद कॉमन है, वह है- बूंदी। एक अनुमान के मुताबिक शहर में 1000 हजार से ज्यादा भंडारे चल रहे हैं, लेकिन नगर निगम में 300 लोगों ने भंडारे के लिए रजिस्ट्रेशन कराया था। पहले मंगल पर 348 भंडारों का रजिस्ट्रेशन था। प्लॉस्टिक का प्रयोग रोकने के लिए पंचतत्व संस्था की ओर से बड़े मंगल के भंडारों में लगभग 45 हजार हरे पत्तल और हनुमान चालीसा से अभिमंत्रित 5 हजार पौधों का वितरण किया गया। आज हनुमान मंदिरों में भोर से कतारें लगी हुई हैं। घंटे-घड़ियाल बजने से माहौल भक्तिमय बना हुआ है। अलीगंज प्राचीन मंदिर, पुराने हनुमान मंदिर, हनुमान सेतु, हनुमंतधाम, गुलाचीन, लेटे हनुमान मंदिर और दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में भक्तों का दर्शन के लिए तांता लगा है।

# पीएम मोदी की अपील से देश में गहरे आर्थिक संकट के संकेत: मायावती

▸ यह स्थिति पहले से ही करोड़ों लोगों के जीवन को प्रभावित कर रही है: मायावती



**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री की मितव्ययिता की अपील दर्शाती है कि भारत में उत्पन्न संकट केवल पेट्रोलियम उत्पादों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक व्यापक आर्थिक संकट है, जो और गहरा होने जा रहा है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उस अपील का उल्लेख किया, जिसमें पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच देशवासियों से संयम बरतने और ऊर्जा संसाधनों के समझदारीपूर्ण उपयोग की बात कही गई थी। मायावती ने कहा, यह स्पष्ट करता है कि देश में संकट केवल पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस जैसे ईंधनों तक सीमित नहीं है, बल्कि आर्थिक संकट और गहराने वाला है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति पहले से ही करोड़ों लोगों के जीवन को प्रभावित कर रही है और आगे इसके जारी रहने की गंभीर आशंका है। बसपा प्रमुख ने कहा, कोविड-19 महामारी के गंभीर प्रभाव झेल चुके लगभग 100 करोड़ नागरिक अपनी आजीविका के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ऐसे में उनके पास खोने के लिए कुछ खास नहीं बचा है, न ही और अधिक संयम की गुंजाइश है। इन परिस्थितियों में केंद्र और राज्य सरकारों को गरीब और मेहनतकश परिवारों को राहत देने के लिए सक्रिय कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे कदम जनता और देश-दोनों के हित में होंगे और यह आम जनभावना को भी दर्शाते हैं। गौरतलब है कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को एक रैली में ऊर्जा संरक्षण और विदेशी मुद्रा बचत के लिए कई सुझाव दिए थे।

# तेज रफ्तार हवाओं और ओलावृष्टि को लेकर मौसम विभाग की बड़ी चेतावनी

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदलने से पश्चिमी इलाकों में गर्मी से फौरी राहत मिली है जबकि पूर्वी क्षेत्र में अगले 24 घंटों के दौरान कई जिलों में गरज-चमक, तेज आंधी, वज्रपात और ओलावृष्टि के आसार हैं। अमरोहा, मुरादाबाद, संभल और अलीगढ़ समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश विशेष रूप से तराई और पश्चिमी जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश हुयी जिससे लोगों को गर्मी से फौरी राहत मिली। मौसम विज्ञान विभाग के लखनऊ केंद्र द्वारा जारी प्रभाव आधारित पूर्वानुमान एवं चेतावनी के अनुसार 12 मई को पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चलने वाली तेज हवाएं झोंकों में 70 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती हैं। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल और बदायूं जिलों में ओलावृष्टि की आशंका अधिक है। वहीं सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा और औरैया समेत कई जिलों में तेज आंधी और वज्रपात की चेतावनी जारी की गई है। 13 मई को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है, जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश के देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती और बहराइच में गरज-चमक के साथ तेज हवाएं चल सकती हैं। 14 से 16 मई के बीच प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। मुरादाबाद से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार मुरादाबाद, बिजनौर, रामपुर, अमरोहा तथा संभल के अधिकांश हिस्सों में मंगलवार सुबह आसमान में घने काले बादल छा जाने से दिन में ही अंधेरा पसर गया। तेज रफ्तार हवाओं तथा गरज-चमक के साथ बारिश के दौरान थोड़ी देर के लिए आवागमन थम गया। पछुआ हवाओं के ट्रफ के रूप में सक्रिय होने और ऊपरी हवाओं के चक्रवाती प्रसार के कारण गरज-चमक के साथ 15 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चली जिससे लोग घरों में कैद हो कर रह गए। मुरादाबाद में दिन निकलते ही शुरू हुई बारिश ने थमने का नाम नहीं लिया। तेज अंधड़ और बारिश के कारण सड़क यातायात पर भी व्यापक असर पड़ा और दृश्यता कम होने के कारण वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

**अगले 24 घंटे यूपी पर भारी**

### ट्रैवलर की टक्कर से रिटायर्ड एसआई की मौत चालक फरार

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** मोहनलालगंज थाना क्षेत्र में सोमवार रात एक सड़क हादसे में एक रिटायर्ड उपनिरीक्षक (एसआई) की मौत हो गई। हरिकंशगढ़ी चौकी के सामने एक कट पर पीछे से आ रही एक ट्रैवलर गाड़ी ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, बाबूखेड़ा यादव निवासी वासुदेव यादव (74) पुलिस विभाग से उपनिरीक्षक पद से सेवानिवृत्त हुए थे। सोमवार रात करीब 9.15 बजे वे अपनी बाइक (यूपी 32एलआर 3589) से पीजीआई से मोहनलालगंज की ओर जा रहे थे।




# प्रदेश के कई जनपदों के गणमान्य लोगों व युवाओं ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की नीतियों एवं उसकी समावेशी विचारधारा में अपनी आस्था जताते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के समक्ष तथा जनपद सीतापुर से सांसद राकेश राठौर तथा पार्टी के ज्वाईनिंग प्रभारी नितिन शर्मा की मौजूदगी में जनपद सीतापुर से



आईपीएफ की केन्द्रीय कमेटी की सदस्य एवं मजदूर किसान मंच की प्रदेश उपाध्यक्ष सुनीता रावत, जागरूक नागरिक मंच की प्रदेश अध्यक्ष रोशनी गुप्ता, लोक गायिका समीक्षा गौतम, महिला नेत्री ज्योति भारती, मनरेगा मजदूर नेता मीना सचान एवं रामदेवी ने यहां प्रदेश कांग्रेस कार्यालय लखनऊ पर पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर निवर्तमान प्रदेश महासचिव अरशद खुर्शीद, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ शहजाद आलम, तारिक सिद्दीकी, अरशद आज़मी, अब्दुल्लाह शेर खान, कृपेश त्रिपाठी आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे। इसी क्रम में बरेली, कानपुर, अमरोहा तथा लखनऊ से सुंदर प्रकाश कश्यप, डॉ.कमल कश्यप, कृष्णा कश्यप, रणधीर सिंह यादव, यूनुस अली, शोएब, आसिफ अली, डॉ. जुनैद सहित कई गणमान्य लोगों एवं युवाओं ने भी कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

**मार्शल आर्ट्स** | लगभग 250 खिलाड़ियों ने अपनी तकनीक और जज्बे का बेहतरीन प्रदर्शन किया

# अवध ताइक्वांडो एकेडमी की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का शानदार समापन



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** जवाहर लाल नेहरू युवा केंद्र में मार्शल आर्ट्स का एक भव्य और उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला। यहाँ अवध ताइक्वांडो एकेडमी के तत्वावधान में आयोजित प्रथम ए.टी.ए. ओपन स्टेट ताइक्वांडो प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक समापन हुआ। 9 और 10 मई को चली इस दो दिवसीय चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जिलों से आए लगभग 250 खिलाड़ियों ने अपनी तकनीक और जज्बे का बेहतरीन प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि संजय मिश्रा असिस्टेंट कमिश्नर, आबकारी विभाग, उत्तर प्रदेश के कर-कमलों द्वारा हुआ। इस अवसर पर खेल जगत की जानी-मानी हस्तियां और पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हरी ओम मिश्रा व मोहम्मद नदीम ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और नन्हे मार्शल आर्टिस्ट्स का मनोबल बढ़ाया। एकेडमी के अध्यक्ष तौकीर अली के कुशल मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने एक से बढ़कर एक मुकाबले पेश किए। पदकों की तालिका में मेजबान अवध ताइक्वांडो एकेडमी, लखनऊ ने अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर शीर्ष स्थान हासिल किया।



# नगर आयुक्त ने सुनी संभव में शिकायतें, मौके पर मात्र एक का समाधान

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक सिस्टेमैटिक एडमिनस्ट्रेटिव, मैकेनिज्म, ब्रिगिंग, हैपीनेन्स एण्ड वैल्यू (सम्भव) के अन्तर्गत नगर निगम कार्यालय में जन सुनवाई दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नगर क्षेत्र के जन-सामान्य द्वारा जन-सुनवाई दिवस में सम्मलित होकर साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति, प्रकाश बिन्दु, नाली निर्माण एवं कर विभाग से सम्बन्धित अपनी-अपनी समस्याओं



एवं शिकायतों को रखा गया। जन सुनवाई दिवस में नगर क्षेत्र से प्राप्त जन समस्याओं-शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया व जन-समस्याओं का गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुये संबन्धित विभागों के अधिकारियोंध्कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर जन-सामान्य की संतुष्टि, समदृष्टि को ध्यान में रखते हुये ससमय निस्तारण कराया जायें। जन-सुनवाई दिवस में 6 समस्यायें, शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमे से एक समस्या, शिकायत का मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा शेष समस्याओंध्शिकायतों के निस्तारण हेतु त्वरित कार्यवाही किये जाने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जन सुनवाई दिवस में अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, संयुक्त नगर आयुक्त संगीता कुमारी, सहायक नगर आयुक्त राजकुमार गुप्ता, सहायक नगर आयुक्त तरुण प्रताप सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार मिश्रा, महाप्रबंधक जल विजय नारायण मौर्य व अन्य अधिकारी कर्मचारी, जन-प्रतिनिधि तथा नगर के जन-सामान्य द्वारा सक्रिय प्रतिभाग किया गया।

## छात्रों और ई रिक्शा चालक के बीच मारपीट

**पुवायां, शाहजहांपुर।** नगर के राजीव चैक पर दो छात्रों और ई-रिक्शा चालक के बीच जमकर मारपीट हुई। वही पुलिस ने समझा बुझाकर कर छात्रों और ई रिक्शा चालक को छोड़ दिया। नगर के एक निजी स्कूल के दो छात्र स्कूल की छुट्टी के बाद घर जा रहे थे। जब दोनों छात्र राजीव चैक पर पहुंचे तो वहां से गुजर रहे वाटर कूलर पहुंचाने वाले ई रिक्शा चालक ने छात्रों के टक्कर मार दी। जिसके बाद छात्र और ई रिक्शा चालक और उसके हेल्पर के बीच जमकर मारपीट हुई। मारपीट में छात्र घायल हो गए। वहीं पिंक बूथ पर मौजूद तैनात यातायात पुलिस ने ई रिक्शा चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने छात्रों और ई रिक्शा चालक को समझा बूझकर शांत कराया और घर भेज दिया।

# खुदागंज का ऐतिहासिक पक्का तालाब फिर चर्चा में, विरासत को लेकर उठे सवाल

खुदागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।



खुदागंज का ऐतिहासिक 'पक्का तालाब' इन दिनों एक बार फिर चर्चा का विषय बना हुआ है। स्थानीय लोगों और साहू परिवार के सदस्य आलोक अग्रवाल ने तालाब से जुड़ी विरासत और उसके संरक्षण को लेकर प्रशासन से ध्यान देने की मांग की है। बताया जाता है कि यह पक्का तालाब दानवीर साहू मुन्नालाल अग्रवाल की ऐतिहासिक धरोहरों में शामिल है। साहू परिवार का खुदागंज क्षेत्र के सामाजिक और धार्मिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। क्षेत्र में कई मंदिरों और जनहित कार्यों के कारण साहू परिवार को आज भी सम्मान के साथ याद किया जाता है। परिवार से जुड़े लोगों के अनुसार, वर्तमान में आलोक अग्रवाल साहू परिवार के इकलौते जीवित वारिस हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि ऐतिहासिक धरोहरों से जुड़े अभिलेखों की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की जाए। वहीं स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पक्का तालाब खुदागंज की पहचान और इतिहास का अहम हिस्सा है, इसलिए इसके संरक्षण और सौंदर्यीकरण की दिशा में ठोस कदम उठाए जाने चाहिए। स्थानीय निवासी पप्पू, राजेश और नरेश सहित कई लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि मामले की जांच कर ऐतिहासिक धरोहर को सुरक्षित रखने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## खबरें एक नजर में

### रोडवेज की टक्कर से स्कूटी सवार दंपती गंभीर घायल, जिला मेडिकल कॉलेज रेफर

**तिलहर-शाहजहांपुर।** हाईवे पर रोडवेज अनुबंधित बस की टक्कर लगने से स्कूटी सवार दंपत्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें गंभीर हालत में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। कोतवाली क्षेत्र में हाईवे स्थित कचियानी खेड़ा हनुमान मंदिर के सामने रोडवेज की अनुबंधित बस की टक्कर लगने से स्कूटी सवार पति-पत्नी हाईवे पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ लग गई। और भीड़ ने बस को भी रोक लिया। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान घायल दम्पत्ति के रिश्तेदार मुकेश ने सरकारी एंबुलेंस से उन्हें सीएचसी की भिजवाया। गंभीर घायल 50 वर्षीय सरला देवी और 60 वर्षीय उनके पति विजयपाल निवासी ग्राम सोंधा थाना जैतीपुर को गंभीर हालत में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। कोतवाल प्रिंस शर्मा ने बताया कि रोडवेज अनुबंधित बस को कब्जे में लिया गया है । तहरीर मिलने पर आगे कार्यवाही की जाएगी।

### अनियंत्रित कार हाइवे पर डिवाइडर से टकराई

**तिलहर-शाहजहांपुर।** हाईवे पर एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। जिससे कार सवार पेट्रोल पंप स्वामी घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भारी



भीड़ जमा हो गई और हाईवे पर जाम लग गया। नगर के मोहल्ला मौजमपुर निवासी प्रमोद सिंह का मदनापुर में पेट्रोल पंप है। वह मंगलवार सुबह करीब साढ़े दस बजे पेट्रोल पंप के कार्य से बंथरा डिपो गए थे। वापस आते समय हाईवे पर नवीन मंडी स्थल के सामने अचानक उनकी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर की रेलिंग तोड़ते हुए ऊपर टंग गई। हादसे में प्रमोद सिंह मामूली रूप से घायल हो गए। वहां पर मौजूद लोगों ने प्रमोद सिंह को कार से निकालकर अस्पताल भिजवाया। घटना के बाद कुछ समय के लिए हाईवे पर जाम लग गया। सूचना पर एनएचआई की टीम मौके पर पहुंची और यातायात सुचारु कराया।

### एसपी की पहल, अब शिकायतकर्ता के घर पहुंचेगी पुलिस, मौके पर ही लिखी जाएगी तहरीर

**शाहजहांपुर।** आम लोगों को राहत देने और शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन ने नई व्यवस्था लागू की है। अब नाली-मेढ़ विवाद, महिलाओं से हिंसा, छेड़छाड़, मारपीट और घरेलू झगड़ों जैसे मामलों में पीड़ितों को थाने और चैकी के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। डायल 112 पर सूचना मिलते ही पुलिस रिस्पांस व्हीकल (पीआरवी) टीम सीधे मौके पर पहुंचेगी और शिकायतकर्ता से वहीं तहरीर लेकर संबंधित



थाने तक पहुंचाएगी। एसपी सौरभ दीक्षित ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण और शिकायतों के पारदर्शी निस्तारण को प्राथमिकता दी जा रही है। इसी के तहत पीआरवी टीमों को मौके पर शिकायत पत्र लेने और प्रारंभिक जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। टीम घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों पक्षों के बयान दर्ज करेगी। आवश्यकता पड़ने पर वीडियो रिकॉर्डिंग भी कराई जाएगी, ताकि विवाद की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक अब तक कई मामलों में पीड़ितों को कार्रवाई के लिए बार-बार थानों और अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे। मुख्यमंत्री कार्यालय पोर्टल पर भी इस संबंध में शिकायतें प्राप्त हो रही थीं कि पीआरवी मौके पर पहुंचने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है। इसके बाद पुलिस प्रशासन ने व्यवस्था में बदलाव करते हुए यह नई पहल शुरू की। पुलिस के अनुसार जिले में डायल 112 पर प्रतिदिन औसतन 350 शिकायतें प्राप्त होती हैं। इनमें अधिकतर मामले आपसी विवाद, मारपीट और घरेलू कलह से संबंधित होते हैं। नई व्यवस्था लागू होने से शिकायतों के निस्तारण में तेजी आने और पीड़ितों को तत्काल राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। एसपी ने बताया कि प्रत्येक पीआरवी पर कम से कम तीन पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। यह व्यवस्था रविवार रात से प्रभावी रूप से लागू कर दी गई है।

### कलश यात्रा के साथ शिव मंदिर में भोलेनाथ की मूर्ति स्थापित

**कांट, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के रमापुर मोड़ बरेड़ा स्थित नवस्थापित शिव मंदिर में सोमवार को वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ भगवान भोलेनाथ की मूर्ति की स्थापना की गई। मंदिर का निर्माण शिवराम दुबे द्वारा कराया गया है। मूर्ति स्थापना कार्यक्रम को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला मूर्ति स्थापना से पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कलश यात्रा रमापुर बरेड़ा, हरिपुर, कुईया और कटैया सहित विभिन्न गांवों से होती हुई निकली। यात्रा में लगभग दो दर्जन ट्रैक्टर शामिल रहे, जिन पर श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए चल रहे थे। पूरे मार्ग में हर हर महादेव के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। मूर्ति स्थापना का धार्मिक अनुष्ठान आचार्य आशीष बाजपेई द्वारा संपन्न कराया गया। उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा कराई। कार्यक्रम के बाद श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण भी किया गया। इस अवसर पर मंदिर संस्थापक शिवराम दुबे, भाजपा नेता शिवम गुप्ता, लोकेश बाजपेई, संदीप सिंह, बबलू यादव, ओमकार मौर्य, संतोष पाठक सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

# ज्येष्ठ माह के दूसरे बड़े मंगलवार को हुआ भंडारा

- राम से मिलने का माध्यम हनुमान है: अपर आयुक्त

रोजा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

क्षेत्र में ज्येष्ठ माह के दूसरे बड़े मंगलवार के शुभ अवसर पर निवाजपुर स्थित वार्ड पार्षद के द्वारा विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। भंडारे की शुरुआत नगर निगम के अपर आयुक्त एसके सिंह के द्वारा हनुमान जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। भंडारे में प्रसाद के रूप में पूड़ी, सब्जी व हलवे का सभी लोगों को वितरित किया गया।

अपर आयुक्त श्री सिंह ने कहा कि राम से मिलने का माध्यम हनुमान है। हनुमान बनना कोई आसान कार्य नही है। जिस धैर्य से हनुमान जी सारा कार्य करते है वह समाज मे अनुकरणीय है।



पार्षद पति अरूण सिंह ने बताया कि भंडारे का उद्देश्य धार्मिक भावना को मजबूत करना तथा समाज में आपसी भाईचारा और सौहार्द बढ़ाना है। कार्यक्रम में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण के साथ-साथ भक्ति एवं धार्मिक वातावरण की विशेष व्यवस्था भी की गई हैं। यह भंडारा पार्षद के कैंप कार्यालय पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अपर आयुक्त का पार्षद पति अरूण सिंह ने बुके देकर स्वागत किया। इस मौके पर महापौर पति राजेश वर्मा, उप महापौर वेदप्रकाश मौर्य, वैभव खन्ना, पार्षद डीएस चैहान, अरविंद राजपाल, सरोज वर्मा, अजय गोलू, ध्रुव सिंह, चंद्रोदय सिंह, ध्रुवदय सिंह, अनुज श्रीवास्तव, सत्यपाल सिंह, दीपक सिंह, उत्तम गुप्ता, नीरज गुप्ता आदि मौजूद थे।

### भक्ति और सेवा के संग मनाया गया बड़ा मंगल, संकट मोचन मंदिर में गूंजा राम नाम

**शाहजहांपुर।** ज्येष्ठ माह के दूसरे बड़े मंगल पर भी संकट मोचन हनुमान मंदिर, रामचरण लाल धर्मशाला परिसर में भक्ति और सेवा का सुंदर संगम देखने को मिला। आदर्श दिव्यांग कल्याण संस्थान एवं ब्रज प्रांत सक्षम के तत्वावधान में आयोजित इस पावन आयोजन में महिलाओं ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ भागीदारी की। सुबह से ही मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन और सामूहिक सुंदरकांड पाठ की मधुर स्वर लहरियों ने वातावरण को भक्तिमय कर दिया। श्रद्धालु राम नाम के गुणगान में लीन होकर भगवान हनुमान की भक्ति में मग्न नजर आए। इस संगीतमय अनुष्ठान का संचालन संस्थान की प्रदेश अध्यक्ष मीनाक्षी अग्निवेश एवं मंडल अध्यक्ष नलिनी ओमर के मार्गदर्शन में किया गया। पूजा-अर्चना व अनुष्ठान की मुख्य सेवा पंडित नीरज बाजपेई द्वारा विधिपूर्वक



संपन्न कराई गई। इसके उपरांत उपस्थित श्रद्धालुओं एवं राहगीरों को ठंडा शरबत, लड्डू वितरित किए गए। इस आयोजन को सफल बनाने में समित के मुख्य संरक्षक हरि शरन बाजपेई एवं ब्रज प्रांत सक्षम विभाग संयोजक नीरज वाजपेयी, जिला अध्यक्ष सुशील कुमार कश्यप, महासचिव योगेंद्र मोहन तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश बाबू यादव, अजय कुमार, रचना अवस्थी, नरेंद्र मोर्य, चाहत मिश्रा, पूजा, सोनम शर्मा, संगीता बाजपेई, नेहा बाजपेई, रुचि बाजपेई, अरविंद अग्रवाल, वीर सिंह, बाबूराम, अंकुर शर्मा, श्रवन कुमार आदि का सहयोग रहा।

# बीजीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट के 16वें मैंच में एमए पब्लिक जीता

सिंधौली, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

बीजीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट के 16 वे मैच में एम ए पब्लिक स्कूल की टीम ने नितिन कृष्णा प्रिंटर्स की टीम को 10 विकेट से हराकर अपनी शानदार दूसरी जीत दर्ज की। एमए पब्लिक स्कूल के कप्तान राकिब खान के नेतृत्व में टीम ने बोलिंग आक्रमण संभालते हुए 12 ओवर में पूरी टीम को 38 रन पर ढेर कर दिया। जिसमें इंजमाम खान की खौफनाक गेंबाजी ने हेक्ट्रिक लेते हुए 4 विकेट हासिल लिए वहीं चार विकेट लेने वाले रेहान खान ने 9 रन का योगदान दिया। रेहान खान को फिर से मैन ऑफ द मैच स्कूल प्रबंधक मोहम्मद आसिफ अली मंसूरी एवं मॉडल स्कूल के प्रिंसिपल संजीव कुमार संस्थापक राजपाल सिंह ने प्रदान किया। एम ए पब्लिक स्कूल के शोएब ने 10 गेंदों पर 32 रन बनाए जिसमें 4 छक्के एक चैका शामिल रहा कप्तान राकिब खान ने दो विकेट हासिल किए टीम के विवेक



यादव ने बेहतरीन क्षेत्र आरक्षण करते हुए हवा में डाइव लगाते हुए शानदार कैच पकड़ा जिससे सभी दर्शक रोमांचित हो उठे।आज के कॉमेंटेटर दीपक कुमार एवं संजय कुमार रहे अंपायरिंग सुधीर सिंह शिवांकर सिंह ने की। आयोजक टीम में दीपक कुमार ओम प्रकाश सिंह रानो देवी बैंक सखी अनंगपाल सिंह केतन सिंह सुधीर सुशील और सुबोध का महत्व पूर्ण योगदान रहा। मुख्य अतिथि एम ए पब्लिक स्कूल प्रबंधक मोहम्मद आसिफ अली मंसूरी ने कहा की खेल को खेल भावना से खेलें निश्चित रूप से यहां से क्रिकेट के क्षेत्र में नई प्रतिभा निकलकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाएंगे जिसमें क्षेत्र के बुद्धिजीवियों खिलाड़ियों एवं समाजसेवियों का नाम आता रहेगा। क्षेत्र के दर्शक भी इस टूर्नामेंट से रोमांचित हैं एवं सैकड़ों की संख्या में दर्शक दीर्घा में बैठकर मैच का आनंद लेते हैं।

# मेड़बंदी प्रकरण में लापरवाही पर राजस्व निरीक्षक निलंबित

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

तहसील कलान क्षेत्र के ग्राम दोषपुर नगर निवासी आदेश कुमार ने मंगलवार को जनता दर्शन में जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह से मुलाकात कर भूमि मेड़बंदी प्रकरण में कार्रवाई न होने की शिकायत दर्ज कराई।

पीडित ने बताया कि आराजी ग्राम दोषपुर नगर, तहसील कलान स्थित खसरा संख्या 79क रकबा 0.162 हेक्टेयर भूमि की मेड़बंदी के लिए उन्होंने न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया था। उन्होंने बताया कि क्षेत्रीय कानूनगो रामकुमार श्रीवास्तव द्वारा कच्ची तूदांबदी किए जाने के बावजूद आज तक मेड़बंदी पत्रावली न्यायालय में दाखिल नहीं की गई। शिकायत में यह भी कहा गया कि विपक्षी गुरुदेव व सुखदेव पुत्रगण छत्रपाल निवासी दोषपुर नगर तथा कंचन पत्नी नेत्रपाल निवासी ग्राम कुमरौर जबरन भूमि पर नींव खोद रहे हैं।



विरोध करने पर विवाद और मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। पीड़ित का आरोप है कि एक वर्ष बीतने के बाद भी मेड़बंदी की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है और कानूनगो स्तर पर मामले को लंबित रखा गया। उन्होंने कई बार अधिकारियों के चक्कर लगाए, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने तत्काल संज्ञान लिया और संबंधित राजस्व निरीक्षक के निलंबन के निर्देश दिए। साथ ही प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया।

# ड्यूटी पर तैनात मंडी कर्मचारी पर जानलेवा हमला

- सोमवार की देर शाम मंडी परिसर में हुई घटना
- कार में सवार थे चार पांच हथियारबंद बदमाश, पुलिस ने कहा दोनों पक्षों में कहासुनी हुई

रोजा-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

क्षेत्र के रोजा मंडी में कार सवार हथियारबंद लोगों ने प्रवेश द्वार पर ड्यूटी पर तैनात मंडी कर्मचारी पर हमला कर दिया। कर्मचारी मौका देखकर हमलावरों का हाथ छुड़ाकर भाग गया। बाद में हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए कार से फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर दी गई हैं। लेकिन अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई।



सोमवार की देर शाम करीब नौ बजे रोजा मंडी के प्रवेश द्वार पर सुरक्षाकर्मी के साथ मंडी कर्मचारी विकास पाठक मौजूद थे। तभी कार में सवार चार पांच असलाह से लैस युवक आये और उन्होंने मंडी कर्मचारी विकास पाठक से गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप हैं कि इसी बीच एक युवक ने कार में रखा असलाह निकालकर जान से मारने का प्रयास किया। मौका देखकर विकास पाठक हमलावरों से हाथ छुड़ाकर तौल कांटे में भाग गये और शोर डायल 112 को फोन किया। मंडी के अंदर कर्मचारी पर हमले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई, इसी बीच हमलावर कार में बैठकर फरार हो गये। घटना की पुलिस को लिखित शिकायत दे दी गई हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही हैं। पीड़ित कर्मचारी ने बताया कि उन्होंने मुख्य हमलावर को पहचान लिया हैं। वही थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्रा ने बताया कि आरोपी व पीड़ित के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई हैं, जानलेवा हमले की कहानी संदिग्ध हैं। दोनों पक्षों की तहरीर मिली हैं, मामले की जांच की जा रही हैं।

# कई सर्राफा व्यापारी बिना वैध पंजीकरण के कर रहे व्यवसाय

जैतीपुर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

गढ़िया रंगीन जैसे क्षेत्रों में कई सर्राफा कारोबारी बिना वैध पंजीकरण के अपना व्यवसाय चला रहे हैं। इन व्यापारियों पर हर साल सरकार को लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान पहुंचाने और ग्राहकों से धोखाधड़ी करने का आरोप है। ये कारोबारी न केवल बिना रजिस्ट्रेशन के व्यापार कर रहे हैं, बल्कि बिना किसी वैध लाइसेंस के गिरवी रखने का काम भी करते हैं। वे ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राहकों को 18 या उससे कम कैरेट का सोना देकर पूरे 24 कैरेट के भाव पर बेचते हैं, क्योंकि इन इलाकों में सोने की गुणवत्ता की जांच नहीं कराई जाती। इसके अतिरिक्त, ये ज्वैलर्स केवल नकद में बिक्री करते हैं और ऑनलाइन भुगतान स्वीकार करने से सीधे मना कर देते हैं। इस प्रकार, लेनदेन का कोई रिकॉर्ड नहीं रहता, जिससे उन्हें कर चोरी करने में आसानी होती है। कई दुकानों के बैनर पर जीएसटी रजिस्ट्रेशन नंबर भी नहीं होता। ग्रामीणों की मजबूरी का फायदा उठाकर, ये व्यापारी उन पर अत्यधिक चक्रवृद्धि ब्याज लगाते हैं। अक्सर जरूरतमंद ग्रामीण मूलधन या ब्याज चुकाने में असमर्थ हो जाते हैं, जिसके परिणामस्वरूप उनका गिरवी रखा हुआ सोना-चांदी इन व्यापारियों द्वारा जब्त कर लिया जाता है या गला दिया जाता है। हाल ही में, कस्बे में अंग्रेजी शराब ठेके के सामने एक ज्वैलर्स की दुकान पर ऐसा ही एक मामला सामने आया। करकौर के एक युवक ने पैसों की जरूरत पड़ने पर अपनी पत्नी के जेवर गिरवी रखे थे। उसने ब्याज भी जमा किया, लेकिन जब वह अपने जेवर लेने गया, तो ज्वैलर्स ने बहाने बनाने शुरू कर दिए और दावा किया कि उसके जेवर गला दिए गए हैं। इस व्यापारी पर कई धोखाधड़ी के आरोप लगा चुके हैं। यह मामला थाने पहुंचा, जिसके बाद ज्वैलर्स बदले में जेवर देने को तैयार हो गया और विवाद शांत हुआ। यह घटना क्षेत्र में चल रही अवैध सर्राफा गतिविधियों और ग्राहकों के शोषण का एक स्पष्ट उदाहरण है। कस्बे के समाजसेवी पूरन लाल मिश्रा, मदनपाल सिंह, प्रमोद तिवारी और देवेंद्र सक्सेना सहित अन्य ने उच्च अधिकारियों से इस पूरे मामले की गहन जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।



# रेड क्रॉस सोसाइटी और नर्सिंग कार्य एक-दूसरे के पूरक

- अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर रेड क्रॉस की संगोष्ठी

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रांगण में स्थित इण्डियन रेडक्रास सोसाइटी के कार्यालय में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर एक संगोष्ठी आयोजित हुई। इस अवसर पर रेडक्रॉस सचिव ने बताया की विगत वर्षों में रेडक्रॉस सोसाइटी ने नर्सिंग शिक्षण संस्थाओं को सम्मानित करने का कार्य किया था। अब समाज में को उनकी मानव सेवा एवं कार्य के प्रोत्साहन के क्रम में जन मानस में जागरूकता अभियान चलाये जाने की आवश्यकता है। मानव सेवा और स्वास्थ्य संरक्षण के क्षेत्र में इण्डियन रेडक्रास सोसायटी तथा नर्सिंग



सेवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि रेड क्रॉस सोसाइटी और नर्सिंग कार्य एक-दूसरे के पूरक हैं। दोनों का उद्देश्य पीड़ित एवं जरूरतमंद लोगों को समय पर सहायता और उपचार उपलब्ध कराना है। गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि आपदा, दुर्घटना, महामारी अथवा सामान्य स्वास्थ्य सेवाओं के दौरान नर्सिंग कर्मियों और रेड क्रॉस स्वयंसेवकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रहती है। सेवा, समर्पण और मानवता के सिद्धांतों पर कार्य करते हुए दोनों संस्थाएं समाज में राहत एवं स्वास्थ्य जागरूकता का कार्य करती हैं। कार्यक्रम में उपस्थित सहभागियों ने कहा कि नर्सिंग क्षेत्र से जुड़े लोगों का सहयोग मिलने से रेड क्रॉस की सेवाएं और अधिक प्रभावी बनती हैं। इस अवसर पर स्वास्थ्य जागरूकता, रक्तदान, प्राथमिक उपचार तथा मानव सेवा से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की गई। अंत में सभी उपस्थित लोगों ने मानव सेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा समाज में स्वास्थ्य एवं सेवा भावना को मजबूत करने का संकल्प लिया। अन्त में डा. विजय जौहरी ने बताया कि स्थानीय स्तर पर औद्योगिक क्षेत्र में शीघ्र ही प्राथमिक उपचार व आपदा प्रबन्धन की कार्यशाला आयोजित कर जनदृजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस अवसर पर अवनीश सक्सेना, अनुज जौहरी, अग्रज जौहरी, नवजोत सिंह, बृजेश गुप्ता, मीनू मिश्रा, ओम दिव्यांग कल्याण समिति के सचिव बालकृष्ण पांडे रवि बाबू,चंद्रसेन वर्मा, प्रेम देवी, पिंकी देवी रामकली, सुनीता तथा जनपद के सभी विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने सहभागिता की।

## आंधी से हुआ काफी नुकसान



**सिंधौली, शाहजहांपुर।** मंगलवार को सिंधौली क्षेत्र में आई तेज आंधी, बारिश से कई जगह पेड़ गिर गए। पेड़ फटने से रास्ता जाम हो गया। मौसम के अचानक बिगड़ने से गर्मी से लोगों को तो राहत मिली बही कई जगह भारी नुकसान भी हुआ। कस्बे के मुड़िया मोड़ स्थित एम ए पब्लिक स्कूल में लगे शीशे के गेट को आंधी ने तोड़ दिया। स्कूल की छत पर एंगल में जड़े सौर ऊर्जा 600 वाट के दो पैनलों को आंधी ने उड़ा दिया। जिससे पैनल छत से नीचे खेत में जा गिरे। स्कूल प्रबंधक मोहम्मद आसिफ अली मंसूरी ने बताया कि आंधी से लगभग 22000 रुपए का आर्थिक नुकसान हो गया है और बिजली व्यवस्था भी अस्त व्यस्थ हो गई। उधर बागवानो ने बताया कि तेज आंधी में कच्चा आम टूट कर गिर गया जिससे आम की फसल को काफी नुकसान हो गया।

# मुख्य मार्गों पर अतिक्रमण, यातायात प्रबंधन को लेकर डीएम ने की बैठक

▸ पार्षद, व्यापार मण्डल, आरएसडब्लू, किराना एसोएिसशन, कैमिस्ट एवं ड्रग एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताई समस्याएं एवं सुझाव

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में नगर निगम शाहजहाँपुर क्षेत्रान्तर्गत मुख्य मार्गों पर अतिक्रमण, ट्रैफिक जाम, वैकल्पिक पार्किंग व्यवस्था एवं यातायात प्रबन्धन से सम्बन्धित समस्याओं के स्थाई समाधान हेतु पार्षदगण, व्यापार मण्डल, आरएसडब्लू, किराना एसोएिसशन, कैमिस्ट एवं ड्रग एसोएिशन एवं अन्य समस्त व्यापारिक एवं स्थानीय संगठनों के पदाधिकारियों के साथ बैठक विकास भवन सभागार में आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि इस बैठक का उद्देश्य है कि जन जागरूकता लाकर शहर को अतिक्रमण एवं ट्रैफिक जाम की समस्याओं का निराकरण कराना है। उन्होंने बताया कि 75 करोड रुपए की लागत से 109 सड़कों का कार्य कराया जाएगा। बरसात से पहले सड़के सही कर ली जाएगी और बरसात के बाद सभी बिटुमिनस सड़कें बनेंगी। उन्होंने बताया कि दिवाली तक सभी सड़कों कार्य पूर्ण हो जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि ग्रिल के आगे जो भी दुकानदार सामान लगाएगा उस पर 1500 का जुर्माना लगाया जाएगा। सभी लोग यातायात नियमों का पालन करें दो पहिया वाहन पर हेलमेट अवश्य लगे अन्यथा चालान कटेगा। उन्होंने निर्देश दिए कि शहर के साफ सफाई एवं पथ प्रकाश व्यवस्था सही होनी चाहिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि बैठक में जो अतिक्रमण एवं ट्रैफिक जाम पर सुझाव प्राप्त हुए हैं उन पर कार्रवाई कर ली जाएगी। उन्होंने बताया कि जो रिक्शा जिस सड़क पर चलने के लिए तय किया गया है इसी पर चलेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि लोगों में जागरुकता लाकर अतिक्रमण एवं जाम की समस्या को दूर करना है।सभी लोग मिलकर 02 महीने में शहर को बेहतर बनाने में सफल होंगे। इस अवसर पर नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी, एसपी सिटी देवेंद्र कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार, जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल सिंह सहित सभासद, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## विकास कार्यों का ईओ ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश



**कांट, शाहजहांपुर।** नगर पंचायत कांट में चल रहे विकास कार्यों का अधिशासी अधिकारी नूरजहां ने स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान ईओ ने मौके पर संबंधित ठेकेदार को बुलाकर कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुसार समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और गुणवत्ता सेसमझौता करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वहीं अधिशासी अधिकारी ने नगर पंचायत क्षेत्र में पूर्व में पूर्ण हो चुके कार्यों का भी निरीक्षण कर उनकी स्थिति देखी तथा आवश्यक सुधार संबंधी दिशा-निर्देश कर्मचारियों को दिए। नगर पंचायत द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों के निरीक्षण से क्षेत्रवासियों में बेहतर सुविधाएं मिलने की उम्मीद जगी है।

# तेज आंधी और बारिश का कहर: दीवारें गिरीं, पेड़ व बिजली पोल धराशायी, क्षेत्र में बिजली संकट गहराया

▸ खुदागंज में दोपहर की तेज आंधी ने मचाई तबाही, कई घरों व संपत्तियों को नुकसान

**खुदागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



खुदागंज क्षेत्र में मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे अचानक आई तेज आंधी और उसके बाद हुई बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। तेज हवाओं के चलते कई स्थानों पर पेड़ और विद्युत पोल गिर गए, जिससे क्षेत्र में बिजली व्यवस्था बाधित हो गई और लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

आंधी इतनी तेज थी कि कई मकानों की कमजोर दीवारें भरभराकर गिर गईं। कई घरों की छतों पर लगे सोलर सिस्टम हवा के तेज झोंकों से उखड़कर दूर जा गिरे, जिससे संपत्ति का नुकसान हुआ। बारिश शुरू होने के बाद हालात और खराब हो गए, क्योंकि जलभराव और गिरी संरचनाओं के कारण आवागमन भी प्रभावित हुआ। स्थानीय लोगों के अनुसार तेज आंधी और पानी ने क्षेत्र के कई परिवारों को अचानक संकट में डाल दिया। जिन घरों में दीवारें गिरीं, वहां परिवारों को सुरक्षा की चिंता सताने लगी। वहीं बिजली पोल गिरने से कई मोहल्लों की आपूर्ति ठप हो गई, जिससे सबसे बड़ी समस्या बिजली कटौती बनकर सामने आई। क्षेत्रवासियों का कहना है कि मौसम के इस अचानक बदले रुख ने भारी नुकसान पहुंचाया है। प्रशासन और संबंधित विभागों से शीघ्र राहत कार्य शुरू कराने तथा बिजली आपूर्ति बहाल कराने की मांग की जा रही है।

### आंधी के दौरान दो बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत



**तिलहर-शाहजहांपुर।** तेज आंधी के दौरान ग्रामीण क्षेत्र में दो बाइकों की भिड़ंत हो गई। जिसमें गंभीर को आनन फानन में सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक जैतीपुर क्षेत्र के गांव सोंधा निवासी पिंकू पुत्र अमर सिंह 26 बाइक से गैस सिलेंडर भरवाने जैतीपुर जा रहा था। कटरा क्षेत्र के गांव चावरखास के समीप आंधी के दौरान सामने से आ रही बाइक से भीषण टक्कर हो गई। पिंकू को तिलहर सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर एसआई रामू आर्य ने सीएचसी पहुंचकर शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक चार भाई है। मृतक का परिवार पांचव में बिल्डिंगों की रंगाई पुताई का ठेका लेता है। भाई रिंकू, सोनू, सन्नी व माता अनीता देवी का रो रोकर बुरा हाल है।

### तेज आंधी में गिरा बिजली पोल, बाल-बाल बचा बड़ा हादसा



**तिलहर-शाहजहांपुर।** मंगलवार पूर्वान्ह तेज आंधी के साथ हुई बौछार में बिजली पोल गिर गया । गनीमत यह रही कि पोल भारी भरकम पीपल वृक्ष में फंस कर टंगा रह गया और एक बड़ा हादसा होने से टल गया। हालांकि बिजली व्यवस्था जरूर चरमरा गई। ग्रामीण क्षेत्र में भी दर्जनों पोल टूटने की चर्चा है। नगर क्षेत्र के भी चार फीडर बाधित हुए हैं। मंगलवार पूर्वान्ह करीब सुबह 11 बजे अचानक से तेज आंधी के साथ पानी बरसने से कुछ स्थानों पर पेड़ गिर गए भी कई बिजली पोल ध्वस्त हो गए। जेई के अनुसार बदले मौसम के चलते 100 से अधिक गांव की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। वही 30 खंबे भी टूट गए। आंधी पानी थमने के बाद विद्युत विभाग का सर्वे जारी है । इसके साथ ही नगर क्षेत्र के भी चार फीडर की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। जिसे बाद में दुरुस्त कर लिया गया। इस दौरान नगर के बाईपास चैराहे के समीप बाला जी मंदिर के समीप लगा हुआ बिजली पोल जो कि पहले से ही जर्जर था। टूट कर लाइन के पीपल वृक्ष में अटक जाने से टंग कर रह गया। और एक बड़ा हादसा टल गया।

# पेयजल आपूर्ति के समय हो रही विद्युत कटौती, नगरवासी परेशान

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

▸ मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण संगठन ने एसडीएम और चेयरमैन को सौंपा पत्र

नगर क्षेत्र पुवायां में पेयजल आपूर्ति के समय हो रही विद्युत कटौती को लेकर मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण संगठन (भारत) ने प्रशासन का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकर्षित किया है। संगठन के प्रदेश सचिव विजय कुमार ÷तन्हा÷ द्वारा एसडीएम एवं नगर पालिका परिषद अध्यक्ष को ज्ञापन भेजकर समस्या के समाधान की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया है कि नगर पालिका द्वारा प्रतिदिन सुबह और शाम पेयजल सप्लाई दी जाती है, लेकिन उच्च स्थानों पर बने मकानों तक पानी पहुंचाने के लिए लोगों को मोटर पंप का सहारा लेना पड़ता है। ऐसे में यदि जल आपूर्ति के समय बिजली कटौती हो जाती है तो नागरिकों को पानी भरने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कहा कि वर्तमान में जल आपूर्ति के निर्धारित समय पर ही विद्युत आपूर्ति बाधित हो रही है, जिससे आमजन को आवश्यक पेयजल भी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है और उनका दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने मांग की पेयजल सप्लाई के समय विद्युत कटौती पूरी तरह बंद की जाए, या फिर बिजली आपूर्ति के समय के अनुसार जल सप्लाई का समय निर्धारित किया जाए, जल एवं विद्युत विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर स्थायी समाधान निकाला जाए। संगठन ने प्रशासन से अपेक्षा जताई है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए इस समस्या का शीघ्र समाधान कराया जाएगा, जिससे नगरवासियों को राहत मिल सके।

# कोलाघाट पुल पर बाइकों की भिड़ंत में एक बाइक पर बैठा युवक उछलकर पुल के नीचे जा गिरा, मौके पर मृत्यु

**मिर्जापुर, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



थाना क्षेत्र के कोलाघाट पुल पर मंगलवार अपराह्न करीब तीन बजे मोटर साइकिलों की आमने सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक मोटर साइकिल पर पीछे बैठे ग्राम मुड़िया खेड़ा ज्ञान (मझरिया) थाना मिर्जापुर निवासी 30 वर्षीय राजकुमार पुत्र छोटेलाल उछलकर पुल से नीचे जा गिरा। जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। जबकि मृतक के परिवार का ही मोटर साइकिल चालक प्रमोद कुमार सुरक्षित है। मोटर साइकिल चालक प्रमोद कुमार पुत्र मुंशीलाल ने बताया कि वह परिवार के ही राजकुमार पुत्र छोटेलाल के साथ अपने गांव मुड़िया खेड़ा ज्ञान से बाइक पर ग्राम चंदोखा थाना मदनापुर रिश्तेदारी में दावत खाने जा रहे थे। रास्ते में कोलाघाट पुल पर सामने से आए एक अपाचे बाइक सवार ने उसकी साइड में आकर बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी,उसकी मोटर साइकिल पर पीछे बैठे राजकुमार उछलकर पुल से नीचे जा गिरे। उसकी मोटर साइकिल को टक्कर मारने वाला अपाचे सवार अपनी मोटर साइकिल मौके पर छोड़कर भाग गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने हादसे की सूचना मिर्जापुर पुलिस को दी। मिर्जापुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पुल पर लगे जाम को खुलवाकर शव को कब्जे में लेकर सीएचसी में ले जाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी कर रही है। दुर्घटना की सूचना पर मृतक की मां छोटी बिटिया, पिता छोटेलाल, छोटा भाई शिशुपाल सीएचसी पहुंच गए हैं। हादसे के बाद मृतक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक की शादी नहीं हुई थी।

# एसडीएम व सीओ ने पालिका प्रशासन के सानिध्य में व्यापारी नेताओं के साथ की वार्ता

▸ अतिक्रमण चिन्हीकरण अपडेट करने के दिए निर्देश

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



नगर में अतिक्रमण के चलते लगने वाले जाम और जलभराव की समस्या समेत जनहित की विभिन्न समस्याओं के निराकरण के मद्देनजर एसडीएम व सीओ ने नगर पालिका सभागार में व्यापारी नेताओं के साथ बैठक कर विचार विमर्श करते हुए अधीनस्थों को आवश्यक निर्देश दिए। मंगलवार को दोपहर बारह बजे एसडीएम जीत सिंह राय सीओ ज्योति यादव के साथ पालिका पहुंचे। यहां ईओ सत्येंद्र प्रकाश के सानिध्य में व्यापारमंडल मिश्रा गुट अध्यक्ष हितेश गुप्ता रिंकू, व्यापारमंडल अध्यक्ष कंछल गुट सौरभ गुप्ता रवि, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता सराफ समेत अन्य व्यापारियों नगर में नासूर बन चुकी अतिक्रमण की समस्या की बाबत सुझाव मांगे। इस मौके पर मोहल्ला दातागंज, निजामगंज, बिरियागंज, भक्सी, आदि में मामूली से बरसात में जलभराव की समस्या बताई गई। वहीं बहुतायत में चल रहे ई रिक्शा के कारण जाम लगने का मुद्दा उठाया गया। एसडीएम ने कोतवाल प्रिंस शर्मा को नगर भ्रमण कर स्थिति का जायजा लेते हुए रूट डायवर्जन चार्ट बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने पालिका द्वारा पूर्व में चिन्हीकरण किए गए अतिक्रमण को अपडेट करने, सरकारी संपत्ति उर्दू अभिलेखों को अपडेट करने तथा वार्डवार बोर्ड लगबाने, बिजली पोल अथवा ट्रांसफार्मर जिनकी आड़ में अतिक्रमण हो उन्हें हटवाने के लिए बिजली विभाग के अधिकारियों से मीटिंग करने, भक्सी तिराहे पर लगने वाले ठेले शिफ्ट कराने, ई रिक्शा रजिस्ट्रेश्न व पार्किंग व्यवस्था के अलावा बिरया बाबा मेला में अपराध रोकने की व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने नगर में अतिक्रमण हटाए जाने की बात एनाउंस करने के भी निर्देश दिए। साथ ही मौजूद डीजे संचालकों को निर्देशित किया कि रात्रि दस बजे के बाद किसी भी हालत में डीजे न बजाएं। अन्यथा कड़ी कार्यवाही की जाएगी। सीओ ज्योति यादव ने कहा कि मेले में पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। ताकि किसी भी प्रकार के अपराध पर अंकुश लगाया जा सके। कोतवाली प्रिंस शर्मा ने आश्वस्त करते हुए कहा कि क्षेत्र वासियों की सुरक्षा और उनकी समस्याओं का निस्तारण उनकी प्राथमिकता रहेगी। इस दौरान जेई निर्माण पीयूष मिश्रा, संपत्ति लिपिक कमलदीप श्रीवास्तव, वरिष्ठ लिपिक अयूब हुसैन, सफाई निरीक्षक राजीव कुमार, इस्लाम अली के अलावा सभासद अभिषेक सिंह, सभासद सत्येंद्र सिंह सुशील, सभासद गंगा सहाय, सभासद अकरम पाला, सुनील गुप्ता चोटी वाले व दर्जन भर डीजे संचालक मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### उर्वरकों के साथ अन्य उत्पादों की टैगिंग-जबरन बिक्री पूर्णतया प्रतिबन्धित

**शाहजहांपुर।** जनपद में उर्वरकों की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध है। वर्तमान में यूरिया 26626 मीट्रिक टन, डीएपी 11072 मीट्रिक टन, एनपी के 9697 मीट्रिक टन, एसएसपी 13905 मीट्रिक टन उपलब्ध है। जिला कृषि अधिकारी ने किसानों से अनुरोध किया कि अपनी फार्मर रजिस्ट्री, खतौनी जमीन के दस्तावेज तथा अधार कार्ड लेकर संस्तुत मात्रा में उर्वरक प्राप्त कर सकते हैं। किसी भी प्रकार की शिकायत हेतु कृषक कन्ट्रोल रूम नम्बर 8429400585 व 8429400522 पर सम्पर्क कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने उर्वरक विक्रेताओं को कहा कि वो लोग अपने प्रतिष्ठान पर अनिवार्य रूप से रेट बोर्ड, स्टॉक बोर्ड प्रदर्शित करें। उर्वरकों के साथ अन्य उत्पादों की टैगिंग, जबरन बिक्री पूर्णतया प्रतिबन्धित है। किसान उर्वरक की बोरी पर प्रिंट मूल्य पर ही उर्वरक का क्रय करें तथा पीओएस मशीन से अपनी क्रय पर्ची अवश्य प्राप्त कर लें।

### सिंचाई बन्धु की बैठक में वित्त मंत्री के प्रतिनिधि ने रखी नहर में समय से पानी न मिलने की समस्या



**शाहजहांपुर।** सिंचाई बन्धु बैठक निरीक्षण भवन शारदा नहर खण्ड बाईबाग पुवायां रोड में उपाध्यक्ष सिंचाई बन्धु अमरजीत सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में एजेण्डानुसार बिन्दुओं तथा गत बैठक के कार्यवृत्त के बिन्दुओं पर प्रकाश डाला गया। वित्त मंत्री के प्रतिनिधि मानवेन्द्र सिंह ने राष्ट्रीय जल प्रबन्ध योजना खण्ड के अन्तर्गत रोजा रजबहा में समय से पानी न मिलने की शिकायत की व नहरों में निरन्तर पानी उपलब्ध कराने की मांग रखी। नलकूप खण्ड के अन्तर्गत नलकूप आपरेटरों की सूची उपलब्ध कराने की मांग। तिलहर विधायक प्रतिनिधग सौरभ गुप्ता ने विद्युत वितरण खण्ड तिलहर के अन्तर्गत कार्यालय में कार्यरत एसएसओ दिनेश कुमार सिंह द्वारा उपभोक्ताओं से अत्यधिक अभद्रता करने की शिकायत तथा उक्त कर्मचारी को स्थानान्तरित करने की मांग। विकास खण्ड सिंधौली के अन्तर्गत ग्राम गहरा में सम्पर्क मार्ग की पुलिया क्षतिग्रस्त होने की शिकायत तथा पुलिया ठीक कराने की मांग की। किसान अमर सिंह द्वारा ग्राम मकसूदापुर के पास नहरों पर अवैध कुलावे लगे होने की शिकायत तथा अर्थ कुलावों को हटवाने का मांग की। विधायक ददरौल के प्रतिनिधि सुनित सिंह भदौरिया ने गोपालपुर माइनर के टेल भाग पर स्थित ग्राम में जलभराव होने की शिकायत की गई तथा टेल गूल साफ करने की मांग की गई। इसके साथ ही बैठक में अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। डीसी मनरेगा यशोवर्धन सिंह, अधिशासी अभियन्ता राष्ट्रीय जल प्रबन्ध योजना खण्ड एवं शारदा नहर खण्ड देवेन्द्र कुमार सहाय, अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड प्रथम प्रबोध राजपूत, अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खंड जलालाबाद मुदित सोनकर, अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड पुवायां पुनीत निगम, महक सिंह, त्रिवेन्द्र कुमार, सतपाल सिंह, सोहरन सिंह, देवेन्द्र सिंह, मोहित कुमार आदि मौजूद रहे।

# 50 किमी के दायरे में दो टोल प्लाजा से बार संघ अध्यक्ष नाराज

▸ बोले- प्रशासन ले जल्द संज्ञान, वरना आंदोलन को होंगे बाध्य

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



शाहजहांपुर-पलिया हाईवे और पुवायां-बंडा रोड पर कम दूरी में दो टोल प्लाजा बनाए जाने को लेकर अधिवक्ताओं में गहरा आक्रोश देखने को मिल रहा है। बार संघ पुवायां के अध्यक्ष अजय पाण्डेय ने इस व्यवस्था का कड़ा विरोध जताते हुए इसे आमजन और खासकर अधिवक्ताओं के लिए परेशानी का कारण बताया है। शाहजहांपुर-पलिया हाईवे पर गांव महानंदपुर के पास तथा पुवायां-बंडा रोड पर बसंतापुर में टोल प्लाजा स्थापित किए गए हैं। इन दोनों टोल प्लाजा की दूरी करीब 50 किलोमीटर के अंदर है, जिससे स्थानीय लोगों और रोजाना आने-जाने वाले अधिवक्ताओं को बार-बार टोल टैक्स देना पड़ रहा है। बार संघ अध्यक्ष अजय पाण्डेय ने कहा कि अधिवक्ताओं को न्यायालय संबंधी कार्यों के लिए प्रतिदिन तहसील, जिला मुख्यालय और अन्य स्थानों पर आना-जाना पड़ता है। ऐसे में बार-बार टोल टैक्स देना आर्थिक बोझ बढ़ाने वाला है। उन्होंने इसे अव्यवहारिक निर्णय बताते हुए कहा कि इससे आम जनता भी प्रभावित हो रही है। उन्होंने प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि या तो एक टोल प्लाजा को हटाया जाए या फिर स्थानीय लोगों और अधिवक्ताओं को टोल फ्री किया जाए। बार एसोसिएशन अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो अधिवक्ता आंदोलन करने को बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस मुद्दे को लेकर क्षेत्र में भी चर्चा तेज हो गई है और लोग प्रशासन से राहत की उम्मीद लगाए बैठे हैं। हालांकि इसका विरोध सोशल मीडिया पर भी देखने को मिल रहा है। बतादें कि शाहजहांपुर पलिया हाइवे पर 11 मई को टोल प्लाजा शुरू कर दिया गया है। इसके बाद विरोध देखने को मिल रहा है। क्योंकि बंडा से आने वाले लोगों को दो बार टोल देना पड़ेगा।

## कलश यात्रा के बाद राम कथा का आयोजन

**नवनिर्मित मनकामेश्वर नाथ मंदिर में राम दरबार की स्थापना**

**पुवायां, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के गांव में नवनिर्मित मंदिर में राम दरबार स्थापना का आयोजन किया गया। इस दौरान कलश यात्रा निकाली गई। जिसके बाद राम कथा का आयोजन किया गया। क्षेत्र के गांव बितौनी में नवनिर्मित मनकामेश्वर नाथ मंदिर में मंदिर समिति एवं ग्राम वासियों के आयोजन में राम दरबार की स्थापना का आयोजन किया गया। इस दौरान कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा बेंड बाजे के साथ गांव बितौनी से गंगसरा के गदाई सांडा घाट पहुंची। जिसमें 101 महिलाओं ने गोमती घाट से जल कलश भरे। जिसके बाद गढ़ाई सांडा स्थित शिव शक्ति धाम मंदिर पर पूजा अर्चना की गई। जहां से यात्रा वापस गांव बितौनी आकर संपन्न हुई। यात्रा में शामिल महिलाओं ने जल कलश मंदिर में स्थापित किए। जिसके बाद आचार्य प्रवीण दीक्षित द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कर राम दरबार की स्थापना की गई। जिसके बाद गोला गोकर्णनाथ से पधारे आचार्य पीयूष दीक्षित एवं बाल व्यास पं आशीष पांडे ने श्री राम कथा का वर्णन किया। सोमवार की शाम को कथा व्यास ने श्री राम कथा में भगवान राम एवं उनके भाई भरत, लक्ष्मण, शत्रुघ्न के बाल लीला का वर्णन करते हुए कहा कि रघुनाथजी प्रात:काल उठकर माता-पिता और गुरु को मस्तक नवाते थे और इन्ही की आज्ञा लेकर नगर का काम करते थे। भगवान राम ने समाज को संदेश दिया कि माता, पिता और गुरु के चरणों सारी खुशियां मौजूद हैं । जो अपने से बड़ों का सम्मान और आदर करते हैं उनकी आयु, विद्या यश और बल खुद ही बढ़ जाते हैं। इस दौरान पूर्व प्रधान देवेंद्र शुक्ला, सुरेश चंद्र शुक्ला, अधिवक्ता नरेंद्र शुक्ला, सुधीर मिश्रा, विपिन शुक्ला, नीतीश शुक्ला, अमित शुक्ला, गंगेश, विकास मिश्रा, रोबिन आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

**संबंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र ऋषि सक्सेना को उसके गलत आचरण के कारण अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध बिच्छेद कर लिए हैं। **अखिलेश कुमार पुत्र रामचन्द्र नि.मोहल्ला सैय्यद बाड़ा, तिलहर, शाहजहांपुर।**

**अदालती सूचना**

**ता.पेशी 13-05-2026 हेतु संदर्शित करने की सूचना न्यायालय सिविल जज जू.डि.पुवायां-शाहजहांपुर वाद सं.133 वर्ष 2023**

शोभा देवी
बनाम
सतेंद्र सिंह बनाम
1- सतेंद्र सिंह पुत्र महेश्वर सिंह नि.ग्रा. बंडा पर. व तह. पुवायां शाहजहांपुर
2- अर्नव चौहान नावालिग पुत्र अमित कुमार सिंह नि.मो. कसभरा मिशन हाल निवासी सतवां बुजुर्ग पर. व तह. पुवायां जिला शाहजहांपुर वली व संरक्षक अमित कुमार सिंह (पिता) ...प्रतिवादी

चूंकि उपरिनिमांकित शोभा देवी वादिनी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है। अतएव आपको एतद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2026ई.के माह 05 के 13 दिवस को दस बजे के पूर्वान्ह में स्वंया या सम्यक रूपेण अनादिष्ट अपने अभिवक्ता द्वारा उपसंजात हों और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। आज सन् 2026 के माह 05 के 12 दिवस को मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।

**न्यायालय के आदेशानुसार श्रीमान सिविल जज जू.डि. पुवायां-शाहजहांपुर।**

# पलिया-शाहजहांपुर मार्ग पर 5 किमी दायरे वाले निवासियों को टैक्स से रखा जाए मुक्त

▸ 25 किमी में डबल टोलटैक्स, भाकियू परिवर्तनवादी का ज्ञापन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



जनपद के पुवायां रोड पर 25 किलोमीटर रेंज में दो टोल टैक्स बनाए जाने पर शाहजहांपुर से बंडा जाने वालो के लिए दोहरे टोल टैक्स का भार पड़ने से स्थानीय नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिसको लेकर भारतीय किसान यूनियन परिवर्तनवादी के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव ने आवाज मुखर करते हुए तत्काल प्रभाव से टोल टैक्स समाप्त किए जाने की मांग की जिला प्रशासन से मुलाकात करके राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जनहित में समस्या का समाधान किए जाने की मांग की। अन्यथा की स्थित में यूनियन द्वारा आंदोलन करना पड़ेगा।

डीएम संबोधित पत्र अतिरिक्त मजिस्ट्रेट चित्रा निर्वाल को राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव ने दिया और बताया कि शाहजहाँपुर से पलिया नेशनल हाईवे पर शाहजहाँपुर से 18 किमी दूर रजऊ व महमन्दपुर के मध्य टोल टैक्स का निमार्ण किया गया है। जिससे पुवायां क्षेत्र की जनता में गहरा असन्तोष हैं नेशनल हाईवे पर लागू हाने वाले टैक्स से क्षेत्रवासियों को दोहरे टोल टैक्स का अधिभार उठाना पड़ेगा जब कि पलिया नेशनल हाईवे टोल टैक्स से पुवायां बण्डा रोड पर बने टोल टैक्स की दूरी मात्र 25 किमी हैं ऐसी स्थिति में शाहजहाँपुर पलिया मार्ग पर बने टोल टैक्स से 5 किमी के दायरे में आने वाले स्थाई निवासियों को टोल-टैक्स के भार से मुक्त रखने का कष्ट करें। उन्होंने कहा कि हम लोग द्वारा विकराल समस्या के समाधान हेतु दूसरी बार ज्ञापन दिया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि हम लोगो की मांग न मानी गई तो हम लोग 15. मई से आन्दोलन, भूख हड़ताल, धरना प्रर्दशन करने को आन्दोलन करने को मजबूर होंगे। जिसका समस्त दायित्व शासन व प्रशासन का होगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र यादव, जिलाध्यक्ष मुकुट बिहारी यादव, खुशीराम राठौर, सौदान सिंह, सर्वेश कुमार राठौर, क्रांति सिंह, रामकुमार गौतम सहित अन्य लोगो मौजूद रहे।

## सोने व ईंधन का संयम

खाड़ी युद्ध से उपजे हालात व बाधित वैश्विक आपूर्ति शृंखला के बीच प्रधानमंत्री का ईंधन के उपयोग व सोने की खरीद में संयम बरतने का आह्वान निस्संदेह, वक्त की जरूरत है। लेकिन तेलंगाना के बाद बडोदरा से दूसरी बार उनके राष्ट्र को संबोधन व इसके समय को लेकर सवाल भी उठे हैं। निस्संदेह, हालात काफी दिनों से चुनौतीपूर्ण बने हैं, रुपये में तेज गिरावट व महंगे कच्चे तेल के आयात की वजह से हमारा विदेशी मुद्रा भंडार काफी दबाव में रहा है। आलोचक सवाल उठा रहे हैं कि इस घोषणा के लिये विधानसभा चुनाव परिणामों का इंतजार क्यों किया गया। कुछ लोगों का मानना है कि सत्ता शीर्ष से किया गया आह्वान कई बार देश में असुरक्षाबोध पैदा करता है, जिसका नकारात्मक असर भी पड़ सकता है। दरअसल, इससे कृत्रिम संकट पैदा करने वाले तत्व भी सक्रिय हो जाते हैं। इससे चीजों की जमाखोरी और कालाबाजारी को भी बढ़ावा मिलता है। इसमें दो राय नहीं कि देश बड़ी मात्रा में कच्चा तेल व सोना आयात करता है। जाहिर बात है जब इनकी वैश्विक कीमतें बढ़ती हैं तो इन दोनों के कारण भारी दबाव देश के विदेशी मुद्रा भंडार पर पड़ता है। निस्संदेह, विषम वैश्विक परिस्थितियों में ईंधन की बचत, घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देना और आयात पर निर्भरता कम करना चुनौतियों से मुकाबले के लिये समझदारी भरे उपाय हैं। लेकिन एक हकीकत यह भी है कि पिछले डेढ़ माह में सरकार विधानसभा चुनावों में व्यस्त रही। इस दौरान आर्थिक प्रबंधन का मुद्दा हाशिये पर चला गया। अब इन चुनौतियों से मुकाबले के प्रयास किए जा रहे हैं। लेकिन लोगों से विदेशों में शादियां टालने, सोना खरीदने से बचने के लिये कहना बताता है कि रुपये में तेज गिरावट से सरकार चिंतित है। कहा जा रहा है कि बार-बार अर्थव्यवस्था के मजबूत होने का दावा करने वाली सरकार को जनता से व्यवहार में संयम बरतने का आग्रह करने की जरूरत आखिर क्यों पड़ी। दरअसल, आशंका यह भी है कि इन कदमों के ऐसे भी नतीजे निकल सकते हैं,जिनकी उम्मीद न की गई हो। निर्विवाद रूप से सोना भारतीय संस्कारों में है। वहीं भारत में आभूषण उद्योग लाखों लोगों की रोजी-रोटी का जरिया है। ऐसे में सोने की खरीद में गिरावट से संपन्न निवेशकों के मुकाबले श्रमिकों को ज्यादा नुकसान पहुंच सकता है। वहीं दूसरी ओर वर्क-फ्रॉम होम की नीति, काम करने वालों के बड़े तबके के लिए व्यावहारिक नहीं है। निस्संदेह, किसी भी आसन्न संकट में नागरिकों की जिम्मेदारी मायने रखती है। यह हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य है। लेकिन सवाल यह है कि मंत्रियों के कारों के काफिलों पर भी अंकुश लगेगा.. क्या शासन प्रशासन की शाहखर्ची पर लगाम लगेगी...। यदि ऐसा नहीं होता तो जनता की स्वतःस्फूर्त पहल प्रभावित होगी। वैसे भी नागरिक जिम्मेदारी एक हद तक तो प्रभावी हो सकती है, लेकिन वह किसी आपातकालीन योजना का विकल्प नहीं हो सकती। सरकार को भी अपनी आर्थिक नीतियों पर पुनर्विचार की जरूरत है। जहां तक सोने की खरीद पर संयम का सवाल है तो उससे देश में गहरा भावनात्मक लगाव जुड़ा रहा है। सोना हमारी संस्कृति, परंपरा, बचत और पारिवारिक समारोहों में गहरे तक शामिल रहा है।

# दिव्यांगजन के लिए वरदान साबित हो रहे हैं, कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण

*मो. इकबाल खान*

समाज के सर्वांगीण विकास की अवधारणा तभी साकार होती है जब समाज के प्रत्येक वर्ग को समान अवसर और सुविधाएँ प्राप्त हों। विशेष रूप से दिव्यांगजन के लिए यह आवश्यक हो जाता है कि उन्हें ऐसी योजनाओं से जोड़ा जाए, जो उनके जीवन को सरल, सम्मानजनक और आत्मनिर्भर बना सकें। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिव्यांगजनों के लिए सामाजिक एवं आर्थिक पुनर्वासन की महत्वपूर्ण और प्रभावशाली योजनाएं संचालित की हैं। इस योजना का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग (।तजपपिबपंस स्पउइ) और सहायक उपकरण उपलब्ध कराना है, जिससे वे अपने दैनिक जीवन के कार्यों को सहजता से कर सकें और समाज की मुख्यधारा में सक्रिय रूप से भाग ले सकें। यह योजना न केवल शारीरिक सहायता प्रदान करती है, बल्कि आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता भी बढ़ाती है। दिव्यांगजन के जीवन को सुगम बनाने के लिए सहायक उपकरण केवल एक वस्तु नहीं, बल्कि उनके स्वावलंबन का आधार होते हैं। राज्य सरकार ने इस संवेदनशीलता को समझते हुए कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना में क्रांतिकारी सुधार किए हैं। इस योजना के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरण वितरित किए जाते हैं, जैसे कृत्रिम हाथ और पैर, ट्राइसाइकिल (हैंड/बैटरी संचालित), व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र (भ्मंतपदह ।पक), बैसाखी (ब्तनजबीमे), दृष्टिबाधितों के लिए विशेष उपकरण आदि। इन उपकरणों के माध्यम से दिव्यांगजन अपनी शारीरिक सीमाओं को पार करते हुए एक सामान्य जीवन जीने की दिशा में आगे बढ़ते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार ने दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए न केवल बजट में वृद्धि की है, बल्कि योजनाओं के स्वरूप को भी आधुनिक बनाया है। विशेष रूप से 'कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना' के माध्यम से दिव्यांग व्यक्ति न केवल आत्मनिर्भर बनें बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था में भी अपना योगदान दे सकें। सरकार ने दिव्यांगजनों की बढ़ती जरूरतों और उपकरणों की लागत को ध्यान में रखते हुए अनुदान की सीमा में महत्वपूर्ण वृद्धि की है। 28 अगस्त, 2024 से, दिव्यांगजनों को मिलने वाली अधिकतम अनुदान राशि को 10,000/- से बढ़ाकर 15,000/- कर दिया है। प्रदेश सरकार द्वारा बढ़ोत्तरी की गई इस धनराशि से लाभार्थी बेहतर गुणवत्ता वाले आधुनिक उपकरण प्राप्त कर सकेंगे। उत्तर प्रदेश सरकार ने वर्ष 2017 से लेकर 2026 तक इस योजना के माध्यम से उल्लेखनीय कार्य किया है। वर्ष 2017-18 में 63,049 लाभार्थियों को, 2018-19 में 63,744 को, 2019-20 में 27,905 लाभार्थी,



2020-21 में 59,283 दिव्यांगजनों को, 2021-22 में 42,184 लाभार्थियों को, 2022-23 में 49,111 लाभार्थियों को, 2023-24 में 33,043 लोगों को, 2024-25 में 35,136 लाभार्थियों को, 2025-26 (आंशिक) में 17,454 लाभार्थियों को कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण दे कर सहायता प्रदान की है। उत्तर प्रदेश सरकार लगातार इस योजना को सुदृढ़ करने और अधिक से अधिक दिव्यांगजनों तक पहुंचाने के लिए प्रयासरत है। इस योजना का सबसे बड़ा प्रभाव यह है कि यह दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान करती है। उदाहरण के तौर पर, जिन लोगों को पहले चलने-फिरने में कठिनाई होती थी, वे अब कृत्रिम अंग या ट्राइसाइकिल के माध्यम से स्वतंत्र रूप से अपने कार्य कर पा रहे हैं। किसी भी सरकारी नीति की सफलता उसके क्रियान्वयन और लाभार्थियों तक उसकी पहुँच से मापी जाती है। वर्ष 2017 से 2026 तक के आंकड़े राज्य सरकार की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। वित्तीय वर्ष 2017-18 से अब तक प्रदेश में कुल 3,90,909 विभिन्न प्रकार के कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरणों का वितरण किया जा चुका है। सरकार ने मिशन मोड में काम करते हुए लगभग 4 लाख दिव्यांगजनों के जीवन को सुगम बनाया है। छात्र अब विद्यालय और कॉलेज जाने में सक्षम हो रहे हैं। नौकरी करने वाले लोग अपने कार्यस्थल तक आसानी से पहुंच रहे हैं। छोटे व्यवसाय करने वाले लोग अपनी जीविका स्वयं चला रहे हैं। इस प्रकार यह योजना केवल सहायता प्रदान नहीं करती, बल्कि जीवन को नया आयाम देती है। दिव्यांगजनों के प्रति समाज में संवेदनशीलता और समावेशिता बढ़ाना भी इस योजना का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य है। जब दिव्यांगजन आत्मनिर्भर बनते हैं, तो वे समाज में सक्रिय भागीदारी करते हैं और एक सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने इस योजना के माध्यम से यह संदेश दिया है कि दिव्यांगजन समाज का अभिन्न अंग हैं और उनके अधिकारों की रक्षा करना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। सरकार द्वारा वितरित किए जाने वाले उपकरणों में आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। जैसे बैटरी से चलने वाली ट्राइसाइकिल, डिजिटल श्रवण यंत्र, हल्के और टिकाऊ कृत्रिम अंग आदि। दुनिया तेजी से डिजिटल हो रही है, और दिव्यांगजन इस दौड़ में पीछे न रहें, इसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने अपनी नीतियों में दूरदर्शिता दिखाई है। 14 अक्टूबर, 2024 से भारत सरकार की 'एडिप' योजना की तर्ज पर राज्य सरकार ने भी अपनी योजना के अंतर्गत आधुनिक उपकरणों को शामिल करने की व्यवस्था की है। अब दिव्यांगजनों को केवल बैसाखी या व्हीलचेयर ही नहीं, बल्कि स्मार्ट फोन, टैबलेट और डेजी प्लेयर जैसे डिजिटल उपकरण भी प्रदान किए जा रहे हैं। यह पहल विशेष रूप से दिव्यांग छात्रों के लिए क्रांतिकारी है, जिससे वे ऑनलाइन शिक्षा और सूचना के वैश्विक भंडार से जुड़ सकेंगे। इन नवाचारों के कारण उपकरण अधिक उपयोगी और टिकाऊ बन गए हैं, जिससे लाभार्थियों को दीर्घकालिक लाभ मिलता है। इस योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया, सत्यापन प्रणाली और वितरण की निगरानी की व्यवस्था की गई है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक ही पहुंचे। उत्तर प्रदेश सरकार की इन योजनाओं ने केवल शारीरिक सहायता ही प्रदान नहीं की है, बल्कि इसके व्यापक सामाजिक-आर्थिक परिणाम भी सामने आए हैं। कृत्रिम अंगों की गुणवत्ता में सुधार और अनुदान राशि में वृद्धि ने दिव्यांगों की गतिशीलता (डवइपसपजल) को बढ़ाया है। अब वे अपने दैनिक कार्यों के लिए दूसरों पर निर्भर रहने के बजाय स्वयं सक्षम बन रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में, राज्य सरकार ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति, विशेषकर दिव्यांगजनों को मुख्यधारा में लाने के लिए 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र को चरितार्थ किया है। पिछले 09 वर्षों में चिकित्सा और भौतिक पुनर्वास के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश ने जो मानक स्थापित किए हैं, वे अन्य राज्यों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।

कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना उत्तर प्रदेश सरकार की एक दूरदर्शी और संवेदनशील पहल है, जिसने हजारों दिव्यांगजनों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। यह योजना न केवल शारीरिक सहायता प्रदान करती है, बल्कि आत्मसम्मान, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की भावना को भी मजबूत करती है। उत्तर प्रदेश सरकार की सही नीतियों और प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से दिव्यांगजनों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है।

## मैनपुरी में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से संवरता मातृत्व

उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जनपद में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना केवल एक सरकारी पहल मात्र नहीं, बल्कि उन हजारों माताओं के लिए एक सुरक्षित कवच बनकर उभरी है, जो आर्थिक तंगी के कारण गर्भावस्था के दौरान अपने स्वास्थ्य और पोषण से समझौता करके असुरक्षित प्रसव की स्थितियों का सामना करती थीं। प्रदेश सरकार ने इस दूरदर्शी योजना से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की महिलाओं के बीच स्वास्थ्य के प्रति एक नई चेतना जागृत की है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य गर्भावस्था, प्रसव और स्तनपान के दौरान महिलाओं को पर्याप्त विश्राम और पौष्टिक आहार सुनिश्चित करने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करना है। मैनपुरी के विभिन्न गांवों जैसे बेरियाहार, जगतपुर, आलीपुर पट्टी और डगऊ नगरिया की सफल कहानियाँ इस बात का जीवंत प्रमाण हैं कि कैसे सही समय पर मिली सहायता मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने में मील का पत्थर साबित हो सकती है। योजना की संरचना इस प्रकार की गई है कि यह न केवल आर्थिक मदद देती है, बल्कि महिलाओं को नियमित स्वास्थ्य जांच और टीकाकरण के प्रति भी प्रोत्साहित करती है। पहली संतान के जन्म पर प्रदान की जाने वाली 5,000 रुपये की राशि दो किश्तों में सीधे बैंक खाते में हस्तांतरित की जाती है, जिससे बिचौलियों की गुंजाइश खत्म हो जाती है और सहायता सीधे पात्र के हाथ में पहुँचती है। पहली किश्त के 3,000 रुपये गर्भावस्था के प्रारंभिक पंजीकरण पर मिलते हैं, जो गर्भवती महिला को शुरुआती दौर में जरूरी पोषण संबंधी जरूरतों को पूरा करने में मदद करते हैं। दूसरी किश्त के 2,000 रुपये प्रसव के बाद शिशु के टीकाकरण चक्र के आधार पर दिए जाते हैं, जो यह सुनिश्चित करता है कि शिशु को जानलेवा बीमारियों से बचाने के लिए समय पर टीके लगें। इसके अतिरिक्त, बालिका जन्म को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा दूसरी संतान बालिका होने की स्थिति में 6,000 रुपये की एकमुश्त सहायता का विशेष प्रावधान किया गया है, जो समाज में लैंगिक समानता की दिशा में एक बड़ा कदम है। जिला प्रशासन द्वारा मैनपुरी में इस योजना के क्रियान्वयन को लेकर विशेष सक्रियता दिखाई गई है, जिसका परिणाम पिछले तीन वित्तीय वर्षों के आंकड़ों में स्पष्ट रूप से झलकता है।

विचार

# लागू हुईं चार नयी श्रम संहिताएं

*डॉ. ज्ञान पाठक*

शुक्रवार, 8 मई, 2026 को मजदूरी संहिता, 2019 और औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 के तहत अंतिम नियमों, और शनिवार, 9 मई, 2026 को श्सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य-दशा संहिता, 2020 के तहत नियमों के प्रकाशन के साथ, भारत की केंद्र सरकार ने सभी चार नयी श्रम संहिताएं पूरी तरह से लागू कर दिए हैं। इनके अलावा, केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्रालय ने इन संहिताओं को लागू करने से संबंधित अन्य आदेश और नियम भी अधिसूचित किए हैं। ये सभी चार विवादास्पद श्रम संहिताएं 21 नवंबर, 2025 को अधिसूचित किए गए थे, ठीक बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा की शानदार जीत के बाद। हालांकि, इन संहिताओं को लागू नहीं किया गया था, क्योंकि देश के 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों (सीटीयू) के संयुक्त मंच ने इनका कड़ा विरोध किया था और चेतावनी दी थी कि यदि इन्हें लागू किया गया तो वे पूरे भारत में हड़ताल करेंगे। इसके बाद, केंद्रीय श्रम मंत्रालय ने घोषणा की कि श्रम संहिताओं को पूरी तरह से लागू करने की प्रक्रिया 1 अप्रैल, 2026 से शुरू होगी, जो कि नए वित्तीय वर्ष 2026-27 की शुरुआत का दिन है। मंत्रालय ने कहा कि उन्हें अंतिम नियमों पर हितधारकों से और अधिक प्रतिक्रिया (फीडबैक) की आवश्यकता है। परिणामस्वरूप, हितधारकों की प्रतिक्रिया प्राप्त करने के लिए 30 दिसंबर, 2025 को केंद्रीय नियमों का अंतिम मसौदा प्रकाशित किया गया। सरकार ने औद्योगिक संबंध संहिता के लिए प्रतिक्रिया देने हेतु 30 दिनों का समय दिया, जबकि अन्य तीन संहिताओं के लिए यह समय-सीमा 45 दिन निर्धारित की गई थी।




इसी बीच, 12 फरवरी, 2026 को केन्द्रीय श्रम संगठनों, किसान संघों, योजना-कर्मियों, बैंक संघों और अन्य क्षेत्रीय यूनियनों के संयुक्त मंच ने श्रम संहिताओं के विरोध में पूरे भारत में हड़ताल का आयोजन किया और इन संहिताओं को तत्काल वापस लेने की मांग की। यह भारत के इतिहास में श्रमिकों द्वारा की गई अब तक की सबसे बड़ी हड़ताल थी। उन्होंने यह भी धमकी दी कि अगर सरकार संहिताओं को पूरी तरह से लागू करने के लिए अंतिम नियम जारी करने की दिशा में आगे बढ़ती है, तो वे अभूतपूर्व स्तर का विरोध प्रदर्शन और हड़ताल करेंगे, जिसमें देश भर के कामगारों की कई दिनों की आम हड़ताल भी शामिल होगी। इसके बावजूद, पश्चिम बंगाल विधान सभा चुनावों में शानदार जीत के बाद, सरकार ने अब चारों संहिताओं और उनके कार्यान्वयन के लिए आवश्यक संबंधित आदेशों और नियमों पर अंतिम नियम प्रकाशित कर दिए हैं। यह याद रखना जरूरी है कि पश्चिम बंगाल एकमात्र ऐसा राज्य है जिसने केंद्रीय श्रम संहिताओं के तहत अपने नियम प्रकाशित नहीं किए थेय जबकि उनके कार्यान्वयन के लिए ऐसा करना कानूनी रूप से आवश्यक था, क्योंकि श्श्रमश् भारत के संविधान की समवर्ती सूची में आता है। अब पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार सत्ता में है, और इसलिए, केंद्र सरकार के लिए नयी श्रम संहिताओं के तहत राज्य द्वारा नियम बनवाना और प्रकाशित करवाना कोई समस्या नहीं होगी। इससे देश भर के राज्यों में श्रम नियमों के पूर्ण कार्यान्वयन का मार्ग प्रशस्त होगा। वेतन संहिता में 4 कानून शामिल हैं- न्यूनतम वेतन, वेतन भुगतान, बोनस भुगतान और समान पारिश्रमिक से संबंधित। औद्योगिक संबंध संहिता में 3 कानून शामिल हैं- औद्योगिक विवाद, औद्योगिक रोजगार (स्थायी आदेश) और ट्रेड यूनियन से संबंधित। इन दोनों संहिताओं पर अंतिम नियम प्रकाशित कर दिए गए हैं। सामाजिक सुरक्षा संहिता में 9 कानून शामिल हैं, जिनमें ईपीएफ ईएआईसी, मातृत्व लाभ और ग्रेच्युटी शामिल हैं। व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य शर्तें संहिता में 13 कानून शामिल हैं, जिनमें कारखाना अधिनियम, खान अधिनियम और संविदा श्रम से संबंधित कानून शामिल हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया था कि इन चारों श्रम संहिताओं को पूरी तरह से लागू करने के लिए, इनसे संबंधित अंतिम नियम जल्द ही प्रकाशित किए जाएंगे। फिलहाल, जब तक इन संहिताओं से जुड़े नए नियमों का अंतिम प्रकाशन नहीं हो जाता, तब तक पुराने नियम ही लागू रहेंगे। चारों नए श्रम संहिताओं पर केंद्रीय नियमों के अंतिम प्रकाशन के साथ ही, ये नियम केंद्र सरकार के अधीन आने वाले क्षेत्रों और इकाइयों में तत्काल प्रभाव से लागू हो जाएंगे। हालांकि, राज्य सरकारों से अपेक्षा की जाती है कि वे केंद्रीय नियमों के अनुरूप, जल्द से जल्द अपने स्वयं के नियम भी प्रकाशित करें। आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि अंतिम नियमों के प्रकाशन में मुख्य रूप से इसलिए देरी हुई, क्योंकि कुछ परिभाषाओं और प्रावधानों के लिए स्पष्टीकरण की आवश्यकता थी। अंतिम नियमों के प्रकाशन के साथ ही, वह बाधा अब दूर हो गई है। नई संहिताओं को पूरी तरह से लागू करने के लिए अंतिम नियमों का प्रकाशन आवश्यक था। अब इन्हें देश भर में लागू किया जा सकता है। श्कोड ऑनवेजेसश् के तहत बने नियम केंद्र सरकार को न्यूनतम वेतन और एक राष्ट्रीय न्यूनतम वेतन तय करने का अधिकार देते हैंय साथ ही, यह भी तय करने का अधिकार देते हैं कि भुगतान किस तरीके से किया जाएगा। यह नियम ठेके पर काम करने वाले कर्मचारियों को बोनस का भुगतान न करने के लिए नियोक्ता को जिम्मेदार ठहराता है, भले ही वे ठेकेदारों के अधीन काम कर रहे हों। औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर परिवर्तनीय महंगाई भत्ते को साल में दो बार संशोधित किया जाएगा। काम करने के साप्ताहिक घंटों की सीमा 48 घंटे तय की गई है, और जो कोई भी इससे ज्यादा काम करेगा, उसे उसकी तय प्रति घंटे की मजदूरी का दोगुना भुगतान किया जाएगा। औद्योगिक संबंध संहिता के नियमों के तहत, सरकार एक राष्ट्रीय कौशल-पुनर्निर्माण कोष स्थापित करेगी। जिस कर्मचारी की नौकरी चली जाएगी, उसे एक बार का सेवा-समाप्ति भुगतान किया जाएगा और उसे नए कौशल सीखने के लिए फंड से आर्थिक सहायता दी जाएगी।

हालांकि सरकार ने इन संहिताओं के लागू होने को, बेहद जरूरी श्रम सुधारों की दिशा में अगला परिवर्तनकारी कदम बताया है, लेकिन केन्द्रीय श्रम संगठनों ने इसकी आलोचना की है और इन संहिताओं को तुरंत वापस लेने की मांग की है साथ ही, उन्होंने पूरे देश में बड़े पैमाने पर अभूतपूर्व विरोध प्रदर्शन करने की चेतावनी भी दी है।

साहित्य

## एनसीआरबी के आंकड़े और हमारे बच्चों से जुड़ी ये सच्चाई



**डॉ. निवेदिता शर्मा**

देश में बढ़ती छात्र आत्महत्याएं हमारे सामने वर्तमान दौर की उस सामाजिक और शैक्षिक व्यवस्था का आईना है, जिसमें बचपन धीरे-धीरे दबाव, प्रतिस्पर्धा और अपेक्षाओं के नीचे दम तोड़ रहा है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (छब्त्ठ) के अनुसार वर्ष 2024 में 14,488 छात्रों ने आत्महत्या की हैं। यह संख्या वर्ष 2023 की तुलना में 4.3 प्रतिशत अधिक है। इसमें सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि एक ओर देश में कुल आत्महत्या के मामलों में गिरावट दर्ज हुई है, वहीं छात्रों की आत्महत्या लगातार बढ़ती हुई दिखाई देती है। ऐसे में यह स्थिति स्पष्ट संकेत दे रही है कि हमारे बच्चे शिक्षा के अतिरिक्त बोझ के नीचे मानसिक रूप से टूट रहे हैं। सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि आत्महत्या करने वाले छात्रों में बड़ी संख्या कक्षा 10वीं तक के विद्यार्थियों की है।



## राशिफल

**मेषः-** भावुकता वश संबंधों में भावनात्मक शोषण की आशंका है। पूर्वाग्रह वश अपने निकटस्थ सम्बन्धों के बारे में गलत धारणा पालना ठीक नहीं।

**वृषभः-** व्यावसायिक संबंध प्रगाढ़ होंगे। परिश्रम से आर्थिक लाभ के योग हैं। अत्यधिक भावुकता से भावनात्मक शोषण की भी आशंका है।

**मिथुनः-** किसी अचल सम्पत्ति क्रय हेतु प्रयत्न तीव्र। अपने भाग्य को कोसना छोड़ अपने समय का सकारात्मक दिशा में लगावें। मान-प्रतिष्ठा में बृद्धि तो होगी परन्तु इससे अभिमानी न बनें।

**कर्कः-**समाजिक मान-सम्मान व वर्चस्व में बृद्धि होगी। व्यावसायिक क्षेत्र के प्रतिभा में निखार आयेगा। आपके स्थितियों में आकस्मिक सुधार के आसार बन रहें। कल्पनाएं साकार होती नजर आएंगी।

**सिंहः-**नये कायरे में पूंजी निवेश हेतु धनाभाव अवरोधक होगा। आपमें दूसरों को आकर्षित करने की अभूतपूर्व क्षमता है इसका भरपूर लाभ मिलेगा। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रमानुकूल सफलता प्राप्त होगी।

**कन्याः-** रोजगार के क्षेत्र में किये गये कर्म का फल सफलता का आगाज कर रहा है। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रमानुकूल सफलता प्राप्त होगी।

**तुलाः-** प्रणय सम्बन्ध में केन्द्रित मन प्रियतम से मिलने के लिऐ व्याकुल होगा। किसी खास मुद्दे को लेकर परिजनों के मतभेद का सामना करना पड़ेगा।

**वृश्चिकः-** अच्छे अवसरों का लाभ उठानें में सक्षम बनें। जीवन में नीरसता को कम करने के लिए मन को सकारात्मक दिशा देवें।

**धनुः-** भावुकतावश किसी सम्बन्धी की बातें मन को कष्ट पहुचा सकती हैं। अपने अन्दर नए उर्जा की अनुभूति करेंगे। लेकिन बिगड़े हुए सम्बन्धों को सुधारने की चेष्ठा करें।

**मकरः-**उच्छृंखल व मजाकिया स्वभाव आस-पास के वातावरण में महत्ता तो बढ़ाएगा। रोजगार में अपनी स्थिति को लेकर मन में हीनता का वाश होगा। महत्वपूर्ण पारिवारिक दायित्वों के पूर्ति के आसार बनेंगे।

**कुंभः-** परिवार में किसी की अस्वस्थता से मन चिन्तित होगा। पारिवारिक जिम्मेदारियां मन को बोझिल करेंगी।

**मीनः-** सरल व मिलनसार स्वभाव से संबंधों में लोकप्रिय होंगे। भौतिक सुख-साधनों की लालसा में व्यय के योग हैं। जीविका क्षेत्र में परिश्रम सार्थक होगा। भावना प्रधान मन जल्द ही दूसरों से प्रभावित हो जाता है।

# बी.सी. सखी कार्यक्रम से बदलता उत्तर प्रदेश का सामाजिक आर्थिक परिदृश्य

*बी.एल. यादव*

उत्तर प्रदेश में ग्रामीण विकास और महिला सशक्तिकरण की दिशा में अनेक नवाचार किए जा रहे हैं, जिनमें बीसी सखी कार्यक्रम एक अत्यंत प्रभावशाली और दूरगामी पहल के रूप में उभरा है। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा संचालित यह कार्यक्रम न केवल महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बना रहा है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं की पहुँच को भी अभूतपूर्व रूप से सुदृढ़ कर रहा है। एक ग्राम पंचायत-एक बीसी सखी÷ के सिद्धांत पर आधारित यह योजना आज लाखों ग्रामीण परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। बी.सी. सखी कार्यक्रम का मूल उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को वित्तीय सेवाओं से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। इसके तहत स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को प्रशिक्षित कर उनके ही गांव में बैंकिंग प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त किया जाता है। ये सखियाँ ग्रामीण समुदाय को उनके घर के निकट ही बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराती हैं, जिससे लोगों को बैंक शाखाओं तक जाने की आवश्यकता काफी हद तक कम हो जाती है।इस योजना का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह महिलाओं को केवल रोजगार ही नहीं देता, बल्कि उन्हें डिजिटल और वित्तीय साक्षरता से भी सशक्त बनाता है। इससे महिलाएं न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करती हैं, बल्कि समाज में अपनी एक अलग पहचान भी स्थापित करती हैं। बीसी सखी कार्यक्रम ने उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय समावेशन को नई गति प्रदान की है। वर्तमान में प्रदेश में लगभग 40,000 बीसी सखियाँ सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं, जो गांवों में घर-घर जाकर बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध करा रही हैं। इनके माध्यम से अब तक 44,000 करोड़ रुपये से अधिक के वित्तीय लेन-देन किए जा चुके हैं, जो इस योजना की सफलता का स्पष्ट प्रमाण है।ये सखियाँ नकद जमा और निकासी, आधार सक्षम भुगतान प्रणाली के माध्यम से लेन-देन, बैलेंस जांच, बीमा, पेंशन, और ऋण पुनर्भुगतान जैसी सेवाएं प्रदान कर रही हैं। इसके अलावा, वे विभिन्न सरकारी योजनाओं में नामांकन भी सुनिश्चित करती हैं, जिससे ग्रामीणों को सरकारी लाभ समय पर मिल सके। इस पहल ने विशेष रूप से उन क्षेत्रों में बड़ा बदलाव लाया है, जहां बैंकिंग सुविधाएं पहले बहुत सीमित थीं। अब ग्रामीणों को छोटी-छोटी बैंकिंग आवश्यकताओं के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ती, जिससे समय और धन दोनों की बचत हो रही है। बीसी सखी कार्यक्रम ने ग्रामीण महिलाओं के जीवन में एक नई ऊर्जा का संचार किया है। इस योजना के तहत कार्य कर रही महिलाएं न केवल आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं, बल्कि सामाजिक रूप से भी उनका सम्मान बढ़ा है। उदाहरण के तौर पर, सुल्तानपुर की प्रियंका मौर्य और लखनऊ की अनीता पाल जैसी बीसी सखियाँ प्रतिमाह औसतन 45,000 रुपये से अधिक का कमीशन अर्जित कर रही हैं। यह आय उनके परिवार के जीवन स्तर को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। साथ ही, ये महिलाएं अपने गांव की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बन रही हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से अब तक बीसी सखियों ने 121 करोड़ रुपये से अधिक का कमीशन अर्जित किया है, जो यह दर्शाता है कि यह योजना महिलाओं के लिए एक स्थायी और सम्मानजनक आजीविका का माध्यम बन चुकी है। बीसी सखी कार्यक्रम के तहत कई सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक साझेदार के रूप में जुड़े हुए हैं। इन बैंकों के सहयोग से ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं का दायरा लगातार बढ़ रहा है। भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा सहित अन्य बैंक इस पहल में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इसके साथ ही, बीसी सखियों को डिजिटल उपकरणों जैसे माइक्रो एटीएम, लैपटॉप और स्मार्टफोन से लैस करने पर विचार चल रहा है। बैंकों के सी एस आर फंड के माध्यम से इन उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की योजना है, जिससे वे अपने कार्य को और अधिक कुशलता से कर सकें।डिजिटल माध्यमों के उपयोग से न केवल सेवाओं की गति बढ़ी है, बल्कि पारदर्शिता भी सुनिश्चित हुई है। इससे ग्रामीणों में बैंकिंग प्रणाली के प्रति विश्वास भी बढ़ा है। बीसी सखी कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए इसके कार्यक्षेत्र का लगातार विस्तार किया जा रहा है। अब बीसी सखियों को जन सुविधा केंद्रों के संचालन, बीमा सेवाओं, आरडी खाता खुलवाने, ऋण वितरण, ऋण वसूली, और पोस्ट ऑफिस की योजनाओं से जोड़ने जैसे कार्यों में योगदान लेने का मसौदा बन रहा है। इसके अतिरिक्त, भविष्य में बीसी सखियों को आधार अपडेट जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में भी शामिल करने पर विभाग मे विचार मंथन चल रहा है। इससे उनकी भूमिका और अधिक व्यापक हो जाएगी और उन्हें अतिरिक्त आय के अवसर भी प्राप्त होंगे। बड़ी ग्राम पंचायतों में एक से अधिक बीसी सखियों की नियुक्ति पर भी विचार किया जा रहा है, ताकि सेवाओं की गुणवत्ता और पहुंच को और बेहतर बनाया जा सके। बीसी सखी कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन में विभिन्न जनपदों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा भी देखने को मिल रही है। वर्तमान में प्रयागराज इस कार्यक्रम में प्रथम स्थान पर है, जबकि बरेली और शाहजहांपुर क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। यह प्रतिस्पर्धा न केवल कार्यक्रम के बेहतर क्रियान्वयन को प्रेरित करती है, बल्कि अन्य जनपदों को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करती है। बीसी सखी कार्यक्रम केवल एक रोजगार योजना नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण भारत में समावेशी विकास का एक सशक्त माध्यम बन चुका है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### पुलिस ने पचास हजार के ईनामियां अभियुक्त किया गिरफ्तार



**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि 50000 के ईनामियां अभियुक्त राहुल श्रीवास्तव पुत्र अशोक कुमार श्रीवास्तव निवासी सुंदर नगर कॉलोनी को परिक्रमा मार्ग श्याम कुटी के पास थाना क्षेत्र वृंदावन जनपद मथुरा से थाना कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। यह अभियुक्त ट्रिपल आत्म हत्या केस में फरार चल रहा था वही पूछतांछ में इसने बताया कि मृतक अमर को लगभग एक लाख रुपए उधार वह दिए था तथा लगातार रुपए वापस करने हेतु मृतक पर दबाव बना रहा था धन वाले दिन भी अभियुक्त द्वारा मृतक अमर को फोन कर रुपए वापस करने के संबंध में बात करने का प्रयास किया गया था लेकिन अभियुक्त ने बताया कि बाद में उसे जानकारी हुई कि मृतक अमर श्रीवास्तव ने अपनी माता चाचा एवं स्वयं द्वारा आत्महत्या कर ली। सुसाइड नोट में उसका नाम भी अंकित किया गया था। सुसाइड नोट में नाम अंकित और गिरफ्तारी के भय से अभियुक्त अपने परिवार सहित फ़तेहपुर से फरार हो गया था। अभियुक्त द्वारा गिरफ्तारी से बचने हेतु अपना मोबाइल फोन एवं सिम भी बदल दिया गया। अभियुक्त ने बताया कि उसने न्यायालय में आत्मसमर्पण प्रार्थना पत्र भी प्रस्तुत किया था जो निरस्त हो गया। इसके बाद वह अपने परिवार सहित मथुरा वृंदावन क्षेत्र में जाकर रहने लगा जहां पुलिस टीम द्वारा उसे गिरफ्तार कर लिया गया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक हेमंत मिश्रा भी मौजूद रहे। हम आपको बता दें की चौफेरवा में ट्रिपल आत्महत्या से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी।

### उरई विकास प्राधिकरण ने निर्माणाधीन अवैध मैरिज लॉन किया सील




**उरई (जालौन)।** राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर सरोवर पोर्टीको के पास बिना मानचित्र स्वीकृत कराए अनाधिकृत मैरिज लॉन का निर्माण किया जा रहा था। जिसके विरुद्ध उरई विकास प्राधिकरण द्वारा उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की धारा 27 के अंतर्गत नोटिस जारी किया गया था। निर्माणकर्ता उदय प्रताप एवं अन्य द्वारा शमन मानचित्र दाखिल नहीं किया गया। जिलाधिकारी-उपाध्यक्ष उरई विकास प्राधिकरण के निर्देश पर आज प्राधिकरण प्रवर्तन टीम द्वारा उक्त अवैध निर्माण सील कराते हुए पुलिस अभिरक्षा में दे दिया गया है। कार्यवाही के दौरान सचिव उरई विकास प्राधिकरण , पुलिस बल एवं प्राधिकरण प्रवर्तन टीम उपस्थित रही। समस्त विकासकर्ता एवं भवन निर्माणकर्ता से अपेक्षा है कि प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत करवा कर ही निर्माण कार्य करें अन्यथा प्राधिकरण द्वारा नोटिस, सील, अभियोजन एवं ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की जा सकती है। जिससे होने वाले किसी क्षति के लिए निर्माणकर्ता स्वयं जिम्मेदार होंगे।

### आधी रात एसडीएम का छापा, लकड़ी माफियाओं में भगदड़



**जालौन।** नगर में लंबे समय से फल-फूल रहे अवैध लकड़ी कारोबार पर सोमवार देर रात प्रशासन ने ऐसा शिकंजा कसा कि लकड़ी माफियाओं में भगदड़ मच गई। आधी रात के करीब उप जिलाधिकारी रिंकू सिंह राही अचानक पुलिस फोर्स के साथ चुंगी नंबर चार स्थित दाऊ जी गार्डन के पास पहुंचे और छापेमारी शुरू कर दी। प्रशासन की गाड़ियों को देखकर मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी फैल गई। छापेमारी के दौरान अवैध लकड़ी से भरी एक डीसीएम और लकड़ी लोड करने में लगी हैड्रा मशीन को मौके से कब्जे में ले लिया गया। कार्रवाई इतनी अचानक हुई कि वहां मौजूद लोग संभल भी नहीं सके। देर रात तक पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी से पूरे इलाके में सनसनी फैली रही। सूत्रों के मुताबिक प्रशासन को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि नगर और आसपास के क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर अवैध लकड़ी कटान कर रात के अंधेरे में उसका परिवहन किया जा रहा है। शिकायतों के बाद एसडीएम रिंकू सिंह राही ने पूरी योजना के साथ देर रात दबिश दी और मौके पर चल रहे अवैध खेल का पर्दाफाश कर दिया। कार्रवाई के बाद लकड़ी कारोबार से जुड़े लोगों में खौफ का माहौल देखा गया। नगर में देर रात से ही इस छापेमारी की चर्चा होती रही। लोगों का कहना है कि प्रशासन पहली बार इतने सख्त अंदाज में कार्रवाई करता नजर आया, जिससे अवैध कारोबारियों के होश उड़ गए हैं। बताया जा रहा है कि प्रशासन अब इस पूरे नेटवर्क की जांच में जुट गया है। अवैध कटान से जुड़े लोगों और लकड़ी कहां से लाई जा रही थी, इसकी भी पड़ताल की जा रही है। अधिकारियों ने साफ संकेत दिए हैं कि अवैध कारोबार करने वालों पर आगे भी लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

### ज्येष्ठ के द्वितीय मंगलवार पर संकटमोचन मंदिर में गूंजा सुंदरकांड पाठ, श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद



**कालपी, जालौन।** श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर समिति स्टेशन चौराहा कालपी द्वारा जेठ माह के द्वितीय मंगलवार के अवसर पर संकटमोचन हनुमान मंदिर में भव्य सुंदरकांड पाठ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर हनुमान जी महाराज का प्रसाद ग्रहण किया। गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी रेलवे स्टेशन चौराहे स्थित श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर में सत्यम शिवम सुंदरम मंडल के संचालक एस.पी. सिंह महेवा एवं उनकी टीम द्वारा उच्च कंठ से दिव्य एवं भव्य सुंदरकांड पाठ किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम के दौरान मंदिर समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें साबूदाना खिचड़ी एवं रवा का हलवा वितरित किया गया। सुंदरकांड पाठ के उपरांत ज्ञानेन्द्र मिश्रा द्वारा विधिवत आरती संपन्न कराई गई। इस अवसर पर जीआरपी इंचार्ज संजना सिंह, कुलदीप नारायण शुक्ला, संदीप गुप्ता, अरविंद शर्मा, सुबोध द्विवेदी, भारत सिंह यादव, राजेश गुप्ता, मिठाई लाल, शरद शुक्ला, सौरभ गुप्ता, रामजी, छोटू सोनी, राम मिश्रा, विदित शुक्ला, हर्षित खन्ना, पंकज पांडेय, अनूप पांडेय, सौरभ रंगबाज, कपिल गुप्ता, कल्लू बाबा, कल्लू रायक्वार, रमेश सोनी, राजू सविता, नरेश द्विवेदी, अरविंद निषाद, कल्लू तिवारी, अंकित गुप्ता, राजेश गुप्ता एडवोकेट, रविंद्र श्रीवास्तव एडवोकेट सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# निर्माणाधीन परियोजनाओं के कार्य में तेजी लाएं: डीएम

- निर्माणाधीन पेय जल पाइप लाइन के मार्गो को हर हाल में चलने योग्य बनायें
- ग्राम स्तर के सभी सरकारी संस्थानों को पाइप पेय जल योजना से संतृप्त किया जाए



**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**

जल निगम नगरीय/ग्रामीण विभाग से संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। उन्होंने अधिशाषी अभियंता जल निगम नगरीय और ग्रामीण से विभाग में स्वीकृत निर्माणाधीन परियोजनाओं, पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं व संचालित परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने जल निगम ग्रामीण के अंतर्गत जल जीवन मिशन के तहत पाइप पेय जल योजना के निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की, जिसमें पाया गया कि कार्यदाई संस्था गायत्री द्वारा भ्रामक/गलत रिपोर्ट प्रस्तुत करने और कार्य की प्रगति धीमी पाए जाने पर अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया कि कार्यदाई संस्था गायत्री को स्पष्टीकरण जारी करते हुए ब्लैक लिस्ट करने की संस्तुति की जाय। उन्होंने कहा कि जो परियोजनाएं निर्माणाधीन है और पाइपलाइन बिछा दी गए है, में सभी मार्गो को माह जून तक हर हाल में मोटरेबल कराना सुनिश्चित किया जाय अन्यथा कार्यवाही के लिए तैयार रहे एवं जो परियोजनाएं पूर्ण हो गई है में मार्गो को पुनः मरम्मत कराकर उसी तरह बना दिया जाय। उन्होंने कहा कि जिन परियोजनाओं में छोटे-छोटे कार्य रह गए है, को जल्द से जल्द पूरा कराकर पानी की आपूर्ति सुनिश्चित कराए। निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति में तेजी लाए, के लिए हर माह में कितनी योजनाएं पूर्ण हो सकती है, का लक्ष्य निर्धारित करते हुए कार्य कराए साथ ही रिपोर्ट से अवगत कराएं। उन्होंने कार्यदाई संस्थाओं को निर्देशित किया कि जितनी भी परियोजनाएं क्रिटिकल एएनसी के लिए लंबित है का हर हाल में एक माह में पूरा करा दिया जाय, साथ हाउस होल्ड कनेक्शन में तेजी लाए। उन्होंने अधिशाषी अभियंता जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया कि निर्माणाधीन परियोजनाओं का समय-समय निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता को देखे और जो परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी है उन्हें जनप्रतिनिधियों से अवलोकित कराए। जल जीवन मिशन के तहत जल संरक्षण के बारे में लोगों को जागरूक करते हुए व्यापक प्रचार-प्रसार भी कराए। इस अवसर पर अधिशाषी अभियंता जल निगम ग्रामीण, शहरी, जिला समन्वय कार्यदाई संस्था, कार्यदाई संस्था के पदाधिकारी गायत्री, बाबा, भू-रतनम, पावर मैक आदि उपस्थित रहे।

### नाबालिका के साथ अश्लील हरकत करने पर मुकदमा दर्ज

**कोंच(जालौन)।** कोतवाली के मोहल्ला निवासी ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि मेरी नाबालिक पुत्री उम्र करीब 12 वर्ष सूरज ज्ञान सिटी ब्रांच में कक्षा आठ में पढ़ती है। और वह प्रतिदिन की भांति 11 मई 2026 शाम बजे घर से ट्यूशन पढ़ने के लिए सूरज ज्ञान सिटी के अध्यापक समीर अग्रवाल पुत्र रमेश चन्द्र निवासी पुराना नगर के घर गयी थी तभी समीर ने ट्यूशन के दौरान पुत्री के साथ बंद कमरे में अश्लील हरकत करते हुए मोबाइल में अश्लील वीडीओ दिखाने लगा जिससे घबराकर पुत्री चीख पुकार करने लगी इसी से घबराकर समीर ने दरवाजे की कुंडी खोल दी जिससे मौका पाकर पुत्री दौड़कर अपने घर आई और उसने रोते-रोते अपनी मां को घटना की जानकारी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त के खिलाफ मुकदमा संख्या 96/26 धारा 74 बीएनएस एवं 7/8 पास्को एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## महिला आरक्षण बिल के विरोध पर फूटा महिलाओं का गुस्सा, सपा कार्यालय घेरा

- महिला जन आक्रोश अभियान के चौथे दिन सदर विधानसभा की महिलाओं ने सांसद नरेश उत्तम के खिलाफ किया प्रदर्शन

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



महिला आरक्षण बिल को लेकर समाजवादी पार्टी के रुख और फ़तेहपुर सांसद नरेश उत्तम के विरोध में महिलाओं का प्रदर्शन अब उग्र होता जा रहा है। महिला जन आक्रोश अभियान के लगातार चौथे दिन आज जनपद की सैकड़ों महिलाओं ने समाजवादी पार्टी कार्यालय का घेराव किया और जमकर नारेबाजी की। अभियान के क्रम में आज सदर विधानसभा क्षेत्र की महिलाओं ने भारी संख्या में एकत्रित होकर सांसद नरेश उत्तम के खिलाफ मोर्चा खोला। प्रदर्शनकारी महिलाओं का कहना है कि एक तरफ जहाँ देश महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए आरक्षण की बात कर रहा है, वहीं समाजवादी पार्टी और उनके सांसद के विरोधाभासी कदम महिलाओं के अधिकारों के हनन के समान हैं। महिलाओं ने सपा कार्यालय के बाहर धरना दिया और सांसद होश में आओ तथा महिलाओं का हक देना होगा जैसे नारे लगाए। 4 दिनों से जारी है आक्रोश यह अभियान पिछले चार दिनों से जनपद के अलग-अलग हिस्सों में चल रहा है, जो अब एक बड़े जनांदोलन का रूप ले चुका है। सांसद के रुख पर नाराजगी महिलाओं ने आरोप लगाया कि सांसद नरेश उत्तम को सदन में महिलाओं की आवाज बुलंद करनी चाहिए थी, लेकिन उनके विरोध ने क्षेत्र की आधी आबादी को निराश किया है। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रही महिला नेताओं ने स्पष्ट शब्दों में कहा यह केवल एक दिन का प्रदर्शन नहीं है, बल्कि हमारे हक की लड़ाई है। अगर समाजवादी पार्टी ने महिला आरक्षण बिल पर अपना रुख स्पष्ट नहीं किया और महिलाओं के सम्मान से समझौता किया, तो आने वाले समय में इसका जवाब वोटों के जरिए दिया जाएगा।

इस अवसर पर प्रेम सिंह राठौर, सुशीला मौर्य, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष ज्योति प्रवीण, सुनिधि तिवारी, गायत्री सिंह, पुष्पा पासवान, मधु शर्मा, कल्पना सिंह, सरोज मौर्य, शैल त्रिपाठी, सुशील मौर्य, अन्नू सविता, अंजू त्रिपाठी, लक्ष्मी मौर्य ज्ञाना पासवान, ममता श्रीवास्तव, शैल त्रिपाठी, सरोज मौर्या, गायत्री सिंह, स्नेहा राजपूत आदि सैकड़ों महिलाएं मौजूद रहीं।

## श्याम नर्सिंग होम में अन्तर्राष्ट्रीय नर्सेज डे पर हुआ सम्मान



**फतेहपुर।** श्याम नर्सिंग होम एंड ब्लड सेंटर में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर नर्सो को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नर्सो को प्रतीक चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वाली नर्सो में मुस्कान, अंजलि, कंचन रानी, चंद्रबाला, संजना सिंह, साक्षी सिंह, मनोरमा रही। श्याम नर्सिंग होम एंड ब्लड बैंक के प्रवीण श्रीवास्तव व नीलम सोनी ने सभी नर्सो को सम्मानित किया। इस दौरान प्रवीण श्रीवास्तव ने बताया की यह नर्से पूरे वर्ष सेवा भाव के साथ मरीजों की सेवा करती हैं और उन्हें नर्सेज डे के अवसर पर सम्मानित करके वह खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। वही नर्सो ने भी कहा कि इस नर्सिंग होम में कार्य करते हुए उन्हें बहुत ही सुकून मिलता है क्योंकि समय-समय पर उनके द्वारा किए गए कार्यो के चलते उन्हें यहां सम्मान भी मिलता है।

## मित्रों के साथ नहाना पड़ा भारी, डूब कर युवक की मौत

**कोटरा(जालौन)।** आज कस्बा कोटरा में नदी पर एक युवक की डूब कर मृत्यु हो गई। मृतक राहुल पुत्र चंद्रशेखर जो गोरन में डेकोरेशन का कार्य करता था वह अपने साथियों के साथ नदी पर नहाने लगभग 12:30 बजे आया था परंतु नदी की गहराई से मृतक राहुल अनजान था। साथियों के द्वारा बताया गया कि राहुल का अचानक पर फैसला और वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। साथियों ने जैसे ही यह घटना देखी तत्काल प्रभाव से 112 डायल कर पुलिस को सूचना दी और कोटरा पुलिस को जैसे ही सूचना प्राप्त हुई तत्काल प्रभाव से थाना प्रभारी विमलेश कुमार और फायर ब्रिगेड एवं गोताखोरों की टीम बुलाकर राहुल की



बॉडी की छानबीन शुरू कर दी। करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद लगभग 3:30 बजे उसकी बॉडी प्राप्त हुई परंतु तब तक बहुत देर हो चुकी थी और उसे मृत घोषित करार दे दिया गया। मृतक राहुल सरसेल का रहने वाला था जिसकी उम्र मात्र 19 वर्ष थी। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए उरई भेज दिया जिससे घटना पूर्ण रूप से जांच हो सके।

## जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डकोर का किया औचक निरीक्षण

**उरई(जालौन), समृद्धि न्यूज़।**

ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी डकोर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने डिलीवरी, पैथोलॉजी जांच, दवा वितरण और टीकाकरण व्यवस्था का गहन जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डिलीवरी सेवाएं सुचारु मिलीं और मरीजों ने निशुल्क दवाओं एवं जांच सुविधाओं पर संतोष जताया। डीएम ने मरीजों व तीमारदारों से संवाद कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता परखी और एएनएम को ग्रामीण महिलाओं के स्वास्थ्य संरक्षण में अहम भूमिका निभाने के निर्देश दिए। लैब का



अवलोकन करने पर सभी आवश्यक जांचें संचालित पाई गईं, जिस पर डीएम ने प्रसन्नता जताई।जांच सेवाओं को और प्रभावी बनाने के लिए उन्होंने लैब में दो एसी लगाने की तत्काल स्वीकृति प्रदान कर दी। साथ ही, मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दो फार्मासिस्टों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि दवा वितरण व्यवस्था सुचारु हो सके। डीएम ने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक व्यक्ति को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सहजता से उपलब्ध हों। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह, डीसी मनरेगा रामेन्द्र सिंह और चिकित्सक मौजूद रहे।

### डूबने की घटनाओं में बढ़ोतरी से जिला प्रशासन ने जताई चिंता, बचाव के दिए दिशा निर्देश

**महोबा।** विगत दिवसों में देखा गया है कि जनपद में डूबने से जनहानि की घटनाओं में बढ़ोत्तरी हुयी है। जिसमें बच्चे, किशोर, बुजुर्ग शामिल है। बढ़ती गर्मी से राहत पाने के लिए बांधों, तालाबों में जाकर स्नान करते हैं और थोड़ी सी चूक के कारण डूब जाते हैं जो संबंधित परिवार के लिए त्रासदी है, इससे बचाव हेतु सूचना जारी कर जिला प्रशासन ने जनपद में डूबने से हो रही घटनाओं से रोकथाम के लिए दिशा-निर्देश क्या करें-क्या न करें जारी किये है। यदि तैरना जानते हों तभी नदियों, तालाबों के किनारे जायें। कोई व्यक्ति डूब रहा हो तो डूबते हुये व्यक्ति को धोती, साड़ी, रस्सी या बांस से सहारे से बचायें पानी में न जायें, सहायता के लिए अन्य लोगों को पुकारें। किसी नये स्थान पर नदी, तालाब, बांध, नहर आदि में जाने से पहले नदी की गहराई का ध्यान अवश्य रखें। डूबे व्यक्ति को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाने हेतु 112 पर कॉल करें। बच्चों को पुल, तालाब, नदी, गडढा तथा तेज पानी के बहाव में स्नान करने से रोकें। बच्चों को पुल/ऊँचे टीलों से पानी में छलांग लगाकर नहाने से रोकें। नदियों/तालाबों में स्नान करते समय शेल्फी लेने से रोकें। किसी के बहकावे में आकर गहरे पानी में न जायें। नदियों, तालाबों, बांधों में स्नान करते समय खेल-कूद न करें। डूबते व्यक्ति को पानी से बाहर निकालकर तत्काल प्राथमिक उपचार इस प्रकार करें। सबसे पहले यह सुनिश्चि करें की डूबे हुए व्यक्ति के मुंह में कुछ फंसा तो नहीं है, यदि है तो उसे बाहर निकालें। नाक व मुंह पर उंगलियों के स्पर्श से जांच कर लें कि व्यक्ति की सांस चल रही है। नब्ज की जांच करने हेतु गले की किनारों के हिस्से में उंगलियों से छूकर जानकारी प्राप्त करें कि नब्ज चल रही है कि नहीं। चोट के स्थान पर पट्टी बांधे जिससे खून के बहाव को कम किया जा सके। बचाये गये व्यक्ति को अविलम्ब नजदीकी प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र पर ले जायें।

## अपर पुलिस अधीक्षक ने किया साप्ताहिक परेड का निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज, महोबा।**

- अपर पुलिस अधीक्षक ने परेड की सलामी गृहण कर अनुशासन एवं व्यवस्थाओं पर दिया विशेष जोर



अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह द्वारा पुलिस लाइन में आयोजित साप्ताहिक परेड की सलामी ग्रहण कर परेड का विधिवत निरीक्षण किया गया तथा पुलिस कर्मियों से सुदृढ़, सुसंगठित एवं अनुशासित परेड कराई गई। परेड के दौरान उन्होंने उपस्थित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सदैव सक्षम रहने हेतु प्रेरित किया तथा इसी क्रम में जवानों की दौड़ भी कराई गई, जिससे उनमें कार्य के प्रति उत्साह एवं ऊर्जा का संचार बना रहे। परेड के बाद अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण करते हुए परिवहन शाखा, मेस, कैंटीन एवं आरओ प्लांट का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं की गुणवत्ता का आंकलन करते हुए संबंधित प्रभारी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त क्वार्टर गार्ड एवं आदेश कक्ष का निरीक्षण करते हुए अभिलेखों/रजिस्टरों का बारीकी से अवलोकन किया गया तथा अभिलेखों को अद्यतन एवं सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए गए। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त पुलिस कर्मियों को उच्च कोटि का अनुशासन बनाए रखने, कर्तव्य के प्रति सजग रहने तथा बेहतर पुलिसिंग सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

## थाना पनवाड़ी पुलिस ने दो वांछितों को किया गिरफ्तार



**पनवाड़ी/महोबा।** अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पनवाड़ी पुलिस ने 2 वांछित अभियुक्तों को गिरफतार कर न्यायिक हिरासत में भेजा है।

पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के नेतृत्व में, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गोंड के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक थाना पनवाड़ी बीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित टीम, उपनिरीक्षक सनय कुमार मय हमराह हे.का. विजय सिंह द्वारा क्षेत्र भ्रमण, विवेचना मर्जुआत, लंबित विवेचनाओं के निस्तारण एवं वांछित अभियुक्तों की तलाश के दौरान मुअसं. 49/26 धारा 108 बीएनएस से संबंधित 2 नफर वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तगण कृष्णा उर्फ कृष्णकान्त पुत्र जयपाल, उम्र करीब 24 वर्ष तथा जयपाल पुत्र परशुराम, उम्र करीब 55 वर्ष, निवासीगण ग्राम बंगरा थाना चिकासी जनपद हमीरपुर को स्योढ़ी तिगैला थाना पनवाड़ी जनपद महोबा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

## एसपी ने पेट्रोल पंप व गैस एजेंसी संचालकों के साथ गोष्ठी कर दिए निर्देश

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह ने पुलिस लाइन स्थित सभाकक्ष में अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह की उपस्थिति में जनपद के समस्त पेट्रोल पम्प संचालकों एवं गैस एजेंसी संचालकों के साथ एक महत्वपूर्ण गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा पेट्रोल पम्प एवं गैस एजेंसियों की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने सभी संचालकों से उनकी समस्याओं एवं सुझावों के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा सुरक्षा संबंधी विभिन्न पहलुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने



निर्देशित किया कि सभी पेट्रोल पम्प एवं गैस एजेंसियों पर उच्च गुणवत्ता के सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से स्थापित किए जाएं तथा उनका नियमित रूप से संचालन एवं मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। रात्रि के समय पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था रखी जाए तथा संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी जाए। इसके अतिरिक्त कैश के सुरक्षित प्रबंधन, कर्मचारियों के सत्यापन, आपातकालीन नंबरों की उपलब्धता एवं किसी भी संदिग्ध घटना की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को देने के संबंध में भी विस्तार से निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा यह भी कहा गया कि पुलिस एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर अपराधों की रोकथाम में प्रभावी सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने सभी संचालकों को आश्वस्त किया कि जनपद पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है तथा किसी भी समस्या के समाधान हेतु पुलिस प्रशासन पूर्ण सहयोग प्रदान करेगा। गोष्ठी के अंत में उपस्थित संचालकों द्वारा अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए गए, जिन पर शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया गया।

### हनुमान गढ़ी में चोरी की वारदात, नकदी व जेवरात लेकर फरार हुए चोर

**रामपुरा(जालौन)।** मजरा हनुमान गढ़ी गांव निवासी रामबिहारी 65 वर्ष एवं उनकी पत्नी संतोषी देवी 60 वर्ष घर के बाहर सो रहे थे। इसी दौरान चोर पीछे के रास्ते से सीढ़ियों के सहारे घर के अंदर घुस आए और कमरे में रखे दो बक्सों के ताले तोड़ दिए। चोर दो सोने की अंगूठियां, चांदी के जेवरात तथा करीब 16 हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए। सुबह जब दंपति जागे तो दरवाजा नहीं खुला, जिसके बाद भतीजे रोहित को बुलाया गया। दरवाजा खुलने पर घर के अंदर सामान बिखरा पड़ा मिला। पीड़ित परिवार ने डायल 112 पर सूचना देकर पुलिस से मामले की जांच और चोरी के खुलासे की मांग की है। वहीं ग्रामीणों ने लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं को लेकर पुलिस गश्त पर सवाल उठाए हैं।

**कार्यालय नगर पंचायत कुलपहाड़ जनपद, महोबा**

पत्रांक-85/एन.पी.के./निविदा सूचना/2026-27 दिनांक-12.05.2026

(ई प्रोक्योरमेण्ट नोटिस)

अल्पकालीन निविदा सूचना

सीवरेज एवं जल निकासी योजना व 15वां वित्त आयोग निधि अन्तर्गत नगर पंचायत, कुलपहाड़ द्वारा निर्माण कार्य की निविदायें दिनांक दिनांक 13.05.2026 से 19.05.2026 को अपरान्ह 06:00 बजे तक डाउनलोड व ऑनलाइन अपलोड की जायेगी, जिनकी तकनीकी बिड दिनांक 20.05.2026 को प्रातः 11:00 बजे ऑनलाइन खोली जायेगी, जिन्हें विभाग की वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर भी देखा जा सकता है। बिडर को सलाह दी जाती है कि बिड की नियम व शर्तों को ध्यान से पढ़ लें।

प्रवेन्द्र कुमार
अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत कुलपहाड़
जनपद- महोबा

वैभव अरजरिया
अध्यक्ष
नगर पंचायत कुलपहाड़
जनपद- महोबा

# डीएम की अध्यक्षता में हुई सीएम डैशबोर्ड की बैठक

▸ कम रैंकिंग वाले विभागों से जवाब तलब तथा प्रगति सुनिश्चयन के निर्देश

बाराबंकी,समृद्धि न्यूज।



कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के अंतर्गत जनपद की विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति एवं रैंकिंग की गहन समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाले 37 बिंदुओं पर विभागवार स्थिति की समीक्षा की गई, जिसमें अप्रैल माह में जारी रैंकिंग के आधार पर प्रदर्शन का मूल्यांकन किया गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन विभागों की रैंकिंग अपेक्षित स्तर से नीचे है, उनके विभागाध्यक्ष व्यक्तिगत रुचि लेते हुए योजनाओं की प्रगति में त्वरित सुधार सुनिश्चित करें। उन्होंने सी, डी एवं ई श्रेणी में शामिल विभागों के खराब प्रदर्शन पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए चेतावनी दी कि निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य न होने की स्थिति में संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

जिलाधिकारी ने सड़क निर्माण, स्वच्छ भारत मिशन, फैमिली आईडी, मध्यान्ह भोजन, छात्र उपस्थिति, पर्यटन, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मुख्यमंत्री ग्रामीण योजना, ग्रामीण अभियंत्रण, सेतु निर्माण, किसान सम्मान निधि, मनरेगा, दुग्ध विकास, दिव्यांग पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, युवा स्वरोजगार, महिला एवं बाल विकास तथा पिछड़ा वर्ग कल्याण सहित अन्य योजनाओं में प्रगति तेज करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी विभागों को नियमित मॉनिटरिंग, डाटा फीडिंग में शुद्धता एवं समयबद्ध अपडेट सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। बैठक में जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, उपायुक्त मनरेगा, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस कार्यालय पर हुई पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक

अमेठी, समृद्धि न्यूज़।



अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा के निर्देशन पर कांग्रेस संगठन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मंगलवार को राजीव गांधी सभागार, गौरीगंज में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने की। जिसमें एसआईआर एवं संगठन प्रभारी के साथ सभी ब्लॉक अध्यक्षगण उपस्थित रहे।

बैठक में संगठन की जमीनी मजबूती पर विशेष जोर दिया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि न्याय पंचायत स्तर तक संगठन को मजबूत बनाना समय की आवश्यकता है। इसके लिए पुनरीक्षण कार्यक्रम न्याय पंचायत कमेटियों का, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी तथा ग्राम सभा अध्यक्षों और बूथ कमेटियों को सशक्त करने पर विस्तृत चर्चा की गई। संगठन प्रभारी ने कार्यकर्ताओं को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक बूथ पर सक्रिय टीम तैयार की जाए, ताकि पार्टी की नीतियों और विचारों को जन-जन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सके। साथ ही आगामी कार्यक्रमों और अभियानों को लेकर भी आगे की रणनीति तय की गई। बैठक में सभी ब्लॉक अध्यक्षों ने अपने-अपने क्षेत्र की संगठनात्मक स्थिति की जानकारी दी और उसे और मजबूत करने का संकल्प लिया। अंत में जिलाध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक में खुर्शीद अजीज, सुनील सिंह, सर्वेश सिंह, प्रवक्ता अनिल सिंह, कोषाध्यक्ष छोटू, अशोक शुक्ला, सहित सभी ब्लॉक अध्यक्ष व नगर अध्यक्ष उपस्थित रहे।

## सड़कों पर फर्राटा भर रहे बिना नंबर प्लेट के डंपर

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जिले की सड़कों पर बिना नंबर प्लेट के दौड़ रहे डंपर आमजन के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। विभागों की सख्ती जमीन पर कम और सिर्फ कागजों पर दिखाई दे रही है। हाल के दिनों में हुए सड़क हादसों में डंपरों की भूमिका बार-बार सामने आई है, जिससे लोगों में भय और आक्रोश दोनों बढ़ रहे हैं। आरोप है कि कार्रवाई के नाम पर सिर्फ कागजी खानापूर्ति हो रही है, जबकि ये भारी वाहन दिन-रात बेखौफ फर्राटा भरते नजर आते हैं। बताया जा रहा है कि जिले में बड़ी संख्या में ऐसे डंपर संचालित हो रहे हैं जिन पर नंबर प्लेट तक नहीं लगी है। हादसे के बाद चालक आसानी से मौके से फरार हो जाते हैं और बिना नंबर होने के कारण वाहन की पहचान करना पुलिस व ग्रामीणों के लिए बेहद मुश्किल हो जाता है। मुख्यालय से लेकर अमेठी, अठेहा, जामो, मुसाफिरखाना और सुल्तानपुर रोड तक इन डंपरों की आवाजाही आम बात हो गई है।

# जेबीएस इंस्टीट्यूट में अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस मनाया, फ्लोरेंस नाइटिंगेल को दी श्रद्धांजलि



रामसनेहीघाट बाराबंकी समृद्धि न्यूज।

मालिनपुर स्थित जे बी एस इंस्टीट्यूट में अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें नर्सिंग विद्यार्थियों और स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन नर्सिंग प्राचार्य लवकुश विश्वकर्मा के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने आधुनिक नर्सिंग की जनक फ्लोरेंस नाइटिंगेल को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और स्वास्थ्य सेवा व मानवता के क्षेत्र में उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम में नर्सिंग सेवा के महत्व, मानव सेवा के प्रति समर्पण और स्वास्थ्य क्षेत्र में नर्सों की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। संस्थान के अधिकारियों और शिक्षकों ने विद्यार्थियों को सेवा, अनुशासन और करुणा के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

इस मौके पर प्रशासनिक अधिकारी राम किशोर वर्मा, लवकुश विश्वकर्मा, अंशिका सिंह, श्रृंगारिका, मंजीत कुमार, शाहनवाज अहमद, अरविंद, विमल कुमार, अविनाश, रघुवेंद्र शर्मा, तनुजा मिश्रा, आकाश वर्मा सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम का समापन नर्सिंग पेशे के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ किया गया।

# पूर्व मंत्री गोप ने बड़े मंगल पर भण्डारे का किया शुभारंभ



बाराबंकी,समृद्धि न्यूज।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने जेष्ठ मास के दूसरे बड़े मंगल पर हनुमान जी के भक्तों की सेवा के लिए सफेदाबाद स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर के प्रांगण में दिनेश सिंह द्वारा आयोजित भंडारे मे उपस्थित होकर संकटहर्ता पवन पुत्र हनुमान जी महाराज का दर्शन पूजन कर भोग अर्पण कर आरती उतारी और देशवासियों को सुख समृद्धि यश कीर्ति प्रदान करने की कामना की। श्री गोप ने महाबली का आशीर्वाद प्राप्त कर भंडारों का शुभारंभ किया और भक्तों में प्रसाद वितरित कर किये।

इस अवसर पर दिनेश सिंह अंशुमान सिंह पप्पू यादव आदित्य सिंह अंकित यादव सुमित वर्मा सपा जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान आदि लोगों ने हनुमान जी महाराज का दर्शन पूजन कर बजरंगबली जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम में एसपी ने किया छात्राओं को जागरूक

अमेठी समृद्धि न्यूज़।



मंगलवार को बालिका इंटर कॉलेज शाहगढ़ में अमर उजाला फाउंडेशन द्वारा आयोजित पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा विद्यालय की छात्राओं व उपस्थित शिक्षकों को ÷मिशन शक्ति÷ नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के तहत महिला शिक्षा, सुरक्षा, अधिकार व आत्मरक्षा पर विशेष जोर देकर जागरूक किया गया। आपात स्थिति में पुलिस आपातकालीन सेवा 112 पर फोन करने को बताया गया। छात्राओं को 1090-वीमेन पॉवर लाइन,181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा,1076 - मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098-चाइल्ड लाइन् आदि के बारे में जागरूक किया गया। साथ-साथ यातायात नियमों ओवर स्पीड वाहन न चलाने, सीट बेल्ट लगाने, दो पहिया वाहनो पर हेलमेट लगाकर चलने आदि यातायात नियमों का पालन करने के संबंध में जागरूक किया गया। विभिन्न प्रकार के साइबर अपराध व उनसे बचने के उपाय जैसे साइबर अपराध होने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने को कहा गया। उन्होंने बताया कि 24 से 48 घंटे के अंतराल में आपके धन को वापस कराने की अधिक संभावना रहती है। सिम ब्लाक/ संदेश प्राप्त होने पर दिये गये नम्बरों पर वार्तालाप न करें । किसी भी प्रकार के साइबर अपराध होने पर तत्काल हेल्पलाइन नं 1930 पर संपर्क करने को बताया गया।

## खबरें एक नजर में

### मरीज के तीमारदारों ने चिकित्सक व स्टाफ से की हाथापाई

**मसौली, बाराबंकी।** सोमवार की देर शाम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव मे इलाज कराने के लिए आये मरीज के साथियो ने इमरजेंसी डियूटी पर तैनात चिकित्सक एव स्टॉफकर्मियों से हाथापाई करते हुए अभद्र व्यवहार किया चिकित्सक ने थाना मसौली मे तहरीर दी है। बताते चले कि सोमवार की शाम करीब साढ़े 7 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव इमरजेंसी कक्ष मे तैनात चिकित्सक डॉ. जाकिर हुसैन मौजूद थे तभी थाना क्षेत्र के ग्राम हबीपुर मरीज राजेश तिवारी पुत्र श्रीराम के साथ आये लोगो ने चिकित्सक जाकिर हुसैन एव स्टॉफकर्मियों से अभद्र व्यवहार करते हुए गाली गलौच करने लगे चिकित्सक के विरोध करने पर नशे मे धुत लोग हाथापाई करने लगे डाक्टर जाकिर हुसैन ने मेडिकल प्रोटवशन 2013 के अंतर्गत सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने एवं सरकारी सम्मति नुकसान पहुंचाने की कोशिश के तहत कार्यवाही की मांग की है।

### अपने बेटे से परेशान बाप ने पुलिस से मांगा न्याय

**हैदरगढ़, बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** सुबेहा थाना क्षेत्र के ताला रुकनुद्दीनपुर गांव का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। पिता ने अपने सगे बेटे से नाबालिग पौत्री व खुद को असुरक्षित बताते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की गुहार लगायी है यहां के निवासी साहबदीन रावत ने बताया कि उसके मनबढ शराबी बेटे बाबूलाल ने दूसरी शादी कर ली हैं। आये दिन घरवालों से गाली गलौज व मारपीट करता है। और अपनी ग्यारह वर्षीय सगी नाबालिग बेटी से जबरन खाना बनवाता है, जरा सी गलती होने पर बेरहमी से पिटाई करता है। पीड़ित पिता का आरोप है कि आरोपी अवैध असलहा भी रखता है और पिता को जान से मारने की धमकी देता रहता हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### खड़ी कार को किया क्षतिग्रस्त, मना करने पर दी धमकी

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** कस्बा के शुभाष वार्ड स्थित एक घर के निकट गेट बंद परिसर में खड़ी कार को अज्ञात व्यक्ति ने बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। मना करने पर जान से मारने की धमकी दी इस संबंध में कार मालिक ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की गुहार लगायी है। इसी वार्ड निवासी मोहित कुमार अवस्थी पुत्र राकेश कुमार अवस्थी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनके घर के निकट गेट बंद परिसर में उनकी कार खड़ी थी। बीती 28 अप्रैल को एक अज्ञात व्यक्ति दोपहर में परिसर के अंदर घुस आया।उसने कार को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। मना करने पर जान से मार डालने की धमकी देकर चला गया। बताया कि कार को क्षतिग्रस्त करने वाले की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है।

### विपक्ष की नारी विरोधी मानसिकता से सांसदों के आवास का किया घेराव

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** संसद में नारी शक्ति को मिलने वाले 33 प्रतिशत आरक्षण पर विपक्ष द्वारा किए गए विरोध से नारी शक्ति में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है इसी आक्रोश के तहत नारी शक्ति द्वारा पूरे देश में विपक्षी सांसदों का घेराव करके लोकतांत्रिक तरीके से विरोध प्रदर्शन कर विरोध दर्ज कराया जा रहा है। सीतापुर में नारी शक्ति द्वारा विपक्षी सांसदों के आवास पर पहुंच कर विरोध प्रदर्शन एवं घेराव किया गया। जिसके तहत सर्वप्रथम लोहार बाग स्थित सीतापुर सांसद राकेश राठौर के आवास पर विरोध प्रदर्शन किया गया वही धौरहरा लोकसभा से सांसद आनंद भदौरिया के आवास पर भारी संख्या में नारी शक्ति ने पहुंचकर सांसद के समक्ष संसद में विपक्ष द्वारा 33 प्रतिशत आरक्षण संबंधी बिल गिराने के नकारात्मक रोल पर आपत्ति जताते हुए विरोध प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित नारी शक्ति में भारी आक्रोश देखा गया वह एक स्वर में विपक्ष के नारी विरोधी होने का आरोप लगा रही थी साथ ही साथ नारी शक्ति के द्वारा विपक्ष को सीधी चेतावनी दी गई है कि जिस तरह से आपने नारी शक्ति को संवैधानिक शक्ति प्राप्त करने में अपनी कुटिल नीति का प्रयोग किया है आने वाले समय में नारी शक्ति लोकतांत्रिक तरीके से इसका भरपूर जवाब देगी।

# अवैध खनन के विरुद्ध हुई कार्यवाही ट्रैक्टर-ट्राली व खुदाई मशीन सीज



**अमेठी,समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध पर प्रभावी अकुंश लगाने एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में मंगलवार को क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्रा के नेतृत्व में संग्रामपुर पुलिस द्वारा अवैध खनन के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए अवैध खनन में शामिल 3 ट्रैक्टर मय ट्राली व एक ट्रैक्टर मय मिट्टी और खुदाई मशीन को कब्जे में लिया गया है। ट्रैक्टर चालकों से खनन अनुमति व उपरोक्त वाहन संबंधित प्रपत्र मांगने पर प्रस्तुत नहीं कर सके। थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा 3 ट्रैक्टर मय ट्राली व एक ट्रैक्टर मय मिट्टी खुदाई मशीन को कब्जे में लेकर एमवी एक्ट में नियमानुसार अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस टीम में संजय सिंह थानाध्यक्ष संग्रामपुर, उ.नि. राजेश कुमार, उ.नि. रामकुमार यादव, हे.का. जय प्रकाश पटेल, का. नरेन्द्र कुमार,का. प्रमोद कुमार व का. अनुज कुमार शामिल रहे।

## हनुमानगढ़ी पर विशाल भंडारा,भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

**महराजगंज रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** ज्येष्ठ माह के द्वितीय बड़े मंगलवार पर महराजगंज नगर के सुप्रसिद्ध हनुमानगढ़ी पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने महाबली का प्रसाद ग्रहण कर सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। सैकड़ो वर्ष पुराने इस स्थान पर क्षेत्र में भक्तों की अपार श्रद्धा है तथा ज्येष्ठ माह पर प्रत्येक मंगलवार को बजरंगबली की पूजा अर्चना हवन पूजन एवं विशाल भंडारी का कार्यक्रम किए जाते हैं जिसमें नगर के व्यापारी सहित जनप्रतिनित एवं समाजसेवी विशेष रूप से शामिल होते हैं दूसरे बड़े मंगलवार को विशाल भंडारे का कार्यक्रम रखा गया जिसमें हजारों की संख्या में पहुंचे भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर पूर्व एमएलसी राजा राकेश प्रताप सिंह चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू पूर्व विधायक राजाराम त्यागी प्रांतीय परिषद सदस्य भाजपा डॉक्टर मातादीन पासी लक्ष्मी शंकर श्रीवास्तव प्रमुख व्यवसाई भाजपा जिला उपाध्यक्ष जन्मेजय सिंह पंकज श्रीवास्तव सहित हजारों की संख्या में बजरंगबली के भक्त मौजूद रहे।

# महिला की डेढ़ लाख की चेन पर साफ किया हाथ

रामसनेहीघाट बाराबंकी समृद्धि न्यूज।



ज्येष्ठ माह के दूसरे बड़े मंगल पर बाबा रामसनेही दास मंदिर में भारी भीड़ के बीच एक महिला की सोने की चेन चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना के बाद मंदिर परिसर में कुछ देर अफरा-तफरी मच गई। पीड़ित परिवार ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार, कोतवाली रामसनेहीघाट क्षेत्र के ग्राम पिपरिया भावनिया पुर खेवली निवासी आलोक यादव अपनी पत्नी रीता यादव के साथ मंगलवार दोपहर करीब एक बजे मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए पहुंचे थे। उस समय मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मौजूद थी। बताया गया कि पूजा के दौरान रीता यादव प्रसाद चढ़ा रही थीं, तभी एक महिला ने उन्हें धक्का देते हुए आगे बढ़ने की कोशिश की। धक्का लगने से उनका संतुलन बिगड़ गया और वे गिर गईं। कुछ देर बाद उन्हें अहसास हुआ कि उनके गले से सोने की चेन गायब है। पीड़िता के मुताबिक चोरी हुई चेन की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये है। घटना के बाद उन्होंने मंदिर परिसर में मौजूद लोगों और पुजारी से मदद की गुहार लगाई, लेकिन तत्काल कोई सहायता नहीं मिल सकी। आरोप है कि पुजारी ने अपने सामान की सुरक्षा स्वयं करने की बात कही। इसके बाद उनके पति आलोक यादव ने डायल 112 पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेने के बाद पीड़ित पक्ष को कोतवाली में तहरीर देने के लिए कहा, ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि बड़े मंगल और मेलों के दौरान भीड़ का फायदा उठाकर चोर सक्रिय हो जाते हैं। यह पहली घटना नहीं है—पिछले वर्ष भी विजयलक्ष्मी साहू की सोने की चेन मंदिर परिसर से चोरी हो चुकी है, जिसका अब तक खुलासा नहीं हो पाया है।

लगातार हो रही घटनाओं से श्रद्धालुओं में नाराजगी और भय का माहौल है ।इस संबंध में कोतवाल दयाशंकर द्विवेदी ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है और मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम की अध्यक्षता में सड़क परियोजनाओं हेतु भूमि अधिग्रहण की समीक्षा बैठक आयोजित

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।



जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में संचालित विभिन्न सड़क परियोजनाओं के भूमि अधिग्रहण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा भूमि अधिग्रहण की वर्तमान स्थिति, मुआवजा वितरण, अवरोधों तथा लंबित प्रकरणों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क परियोजनाओं से संबंधित भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पूर्ण कराया जाए, ताकि परियोजनाओं के निर्माण कार्य में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि किसानों एवं प्रभावित व्यक्तियों को शासन की मंशा के अनुरूप नियमानुसार मुआवजा उपलब्ध कराया जाए तथा उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में विभिन्न परियोजनाओं के अंतर्गत लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित उप जिलाधिकारियों एवं विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भूमि अधिग्रहण से जुड़े विवादित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाए।,बैठक में गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण में क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की भी समीक्षा की गई व यूपीडा को निर्देशित किया गया कि चिन्हित की गई सड़कों को समयबद्ध रिस्टोर कराया जाए।

# हाईकोर्ट के आदेश पर मॉडिफाइड साइलेंसर के विरुद्ध चला अभियान

▸ प्रवर्तन टीम ने किये 11 बुलेट सीज, 12 का चालान

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।



उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद मॉडिफाइड साइलेन्सर व प्रेशन हार्न के खिलाफ परिवहन एंव यातायात विभाग ने वृहद स्तर पर चेकिंग अभियान की कार्यवाही को गति देना शुरु कर दिया है। इस दौरान चालकों पर लगभग 15000 तक का जुर्माना और भारी ध्वनि प्रदूषण करने वाले साइलेंसरों को नष्ट कर वाहन को सीज किया जा रहा है। आज मंगलवार को एआरटीओ अंकिता शुक्ला, यात्री मालकर अधिकारी रविचन्द्र त्यागी, यातायात उनि नसीर सिद्दीकी की संयुक्त टीम ने मॉडिफाइड साइसेन्सर वाली 11 बुलेट वाहनो को थानो मे निरुद्ध किया। तथा 12 वाहनो का चालान किया। एआरटीओ ने बताया यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

## तहसील गौरीगंज में हुआ भंडारे का आयोजन

**अमेठी,समृद्धि न्यूज़।** ज्येष्ठ माह के दूसरे बड़े मंगल के पावन अवसर पर तहसील गौरीगंज प्रशासन द्वारा श्रद्धा एवं भक्ति के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी संजय चौहान, मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता द्वारा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण कर किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बड़े मंगल के धार्मिक एवं सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक समरसता, सेवा भावना और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का कार्य करते हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं को बड़े मंगल की शुभकामनाएं देते हुए जनकल्याण एवं सुख-समृद्धि की कामना की। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं आमजन ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। तहसील प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा एवं व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा गया।

# सचिव ने मुंशी के नाम निकाला भुगतानः सुनील राजवंशी

सीतापुर,कसमण्डा समृद्धि न्यूज।

विकास खण्ड कसमण्डा में तैनात सचिव गणेश कुमार पर ग्राम पंचायतों की निधि में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार, फर्जीवाड़ा और सरकारी आदेशों की धज्जियाँ उड़ाने के गंभीर आरोप लगे हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष, भारतीय किसान मंच उत्तर प्रदेश सुनील राजवंशी द्वारा जिलाधिकारी को भेजे गए शिकायत पत्र में यह दावा किया गया है कि सचिव ने न केवल ग्राम निधि का दुरुपयोग किया, बल्कि अपने निजी मुंशी के माध्यम से सरकारी धन की बंदरबांट भी की है। शिकायत पत्र के अनुसार, सचिव गणेश कुमार द्वारा सरकार की पारदर्शी व्यवस्था को दरकिनार करते हुए ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर भुगतान के लिए आवश्यक एमबी, बिल, वाउचर की जगह सादे कागज़ अपलोड कर फर्जी तरीके से भुगतान किया गया। इससे पंचायतों के विकास कार्य प्रभावित होने के साथ-साथ शासन की भ्रष्टाचार-



निरोधी मंशा पर सवाल उठ रहे हैं। इसके अलावा, तत्कालीन जिलाधिकारी द्वारा निजी व्यक्तियों से सरकारी कार्य न कराए जाने के निर्देश के बावजूद, सचिव गणेश कुमार ने अपने निजी व्यक्ति दिनेश कुमार पुत्र सत्रोहन लाल को कार्यालय में लगाकर कार्य कराना जारी रखा, जो कि नियम विरुद्ध है।

सबसे गंभीर आरोप यह है कि सचिव ने अपने निजी हैण्ड दिनेश कुमार के नाम पर विभिन्न ग्राम पंचायतों से बड़ी धनराशि का भुगतान करवाया। शिकायत पत्र में पंचायतवार भुगतान का विवरण इस प्रकार दिया गया है— रेहुवा - लगभग 24,250

खैरन्देशनगर - लगभग 1,26,354 अलोइया - लगभग 16,000 असोधन - लगभग 1,00,000 मंगरौरा - लगभग 24,000 दुलारपुर - लगभग 23,000 रमनगरा - लगभग 24,000 बलोइया - लगभग 15,000 इस तरह कुल मिलाकर लगभग 3,50,000 का भुगतान एक साल में सरकारी धन का गबन कर किया गया बताया जाता है। शिकायतकर्ता सुनील राजवंशी ने जिलाधिकारी से मांग की है कि पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कर भ्रष्टाचार में लिप्त सचिव गणेश कुमार पर कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी अनियमितताएँ दोबारा न हो सकें।

## नाबालिग बच्चों को आर्थिक क्षतिपूर्ति प्रदान करने हेतु जिला संचालन समिति की बैठक आयोजित



**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना के अंतर्गत, पॉक्सो अधिनियम की धारा 4,6 तथा आईपीसी की धारा 376घ में रेप विक्टिम व दहेज हत्या के मामलों में मृतका के नाबालिग बच्चों को आर्थिक क्षतिपूर्ति प्रदान कराए जाने हेतु जिला स्तर पर जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. की अध्यक्षता में गठित जिला संचालन समिति की बैठक का आयोजन एन.आई.सी. कक्ष में किया गया, आयोजित बैठक में पुलिस अधीक्षक महोदय (प्रतिनिधि), मुख्य चिकित्सा अधिकारी, संयुक्त निदेशक अभियोजन, अग्रणी बैंक प्रतिनिधि, नोडल मेडिकल ऑफिसर उपस्थित रहे, जिसमें जिला संचालन समिति के स्तर पर प्राप्त 37 प्रकरणों के निस्तारण पर चर्चा की गई। पुलिस व मेडिकल स्तर पर लंबित प्रकरणों में आवश्यक कार्यवाही करते हुए प्रकरणों को जिला संचालन समिति के स्तर पर अग्रसारित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया तथा जिला संचालन समिति के स्तर पर लंबित प्रकरणों में कार्यवाही कर निस्तारित हेतु जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया गया।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई स्वच्छता समिति की बैठक

अमेठी, समृद्धि न्यूज़।



जिले में स्वच्छता एवं ग्रामीण विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेंट कमेटी के अंतर्गत जिला स्वच्छता समिति की बैठक जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में ग्राम पंचायतों में संचालित स्वच्छता एवं विकास से संबंधित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने व्यक्तिगत शौचालय एवं सामुदायिक शौचालयों के निर्माण तथा संचालन की स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी निर्माण कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराए जाएं। जिलाधिकारी ने ओडीएफ प्लस की स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायतों में स्वच्छता के मानकों को बेहतर बनाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। बैठक में आरआरसी सेंटर (रिसोर्स रिकवरी सेंटर) के क्रियान्वयन एवं संचालन की स्थिति की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कचरा प्रबंधन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाए, जिससे ग्राम पंचायतों में स्वच्छता अभियान को स्थायी रूप से प्रभावी बनाया जा सके। इसके अतिरिक्त अंत्येष्टि स्थलों एवं जन सेवा केंद्रों के निर्माण एवं संचालन की स्थिति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ किया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू, जिला विकास अधिकारी वीरभान सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज त्यागी सहित अन्य संबंधित अधिकारी, खंड विकास अधिकारी एवं सहायक विकास अधिकारी पंचायत उपस्थित रहे।

# किसानों की समस्याओं का हो समाधान, नहीं तो होगा घेराव

- तहसील के कर्मचारी किसानों से सुविधा शुल्क के नाम पर उन्हें करते हैं परेशान



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

गंगोत्री गैलेक्सी गेस्ट हाउस में आयोजित भारतीय किसान यूनियन अवधेश की किसान पंचायत में किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं होने पर प्रशासन को घेराव की चेतावनी दी गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित अवधेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि जिले के कृषि अधिकारी अपने एसी कमरों से निकलकर के क्षेत्र में भ्रमण करें और किसानों को खाद और बीज समय पर उपलब्ध कराएं। मैं स्वयं जिला कृषि अधिकारी से फोन पर वार्ता करूंगा फिर भी समस्या का निदान न हुआ तो जिले भर में धरना प्रदर्शन और अनशन करूंगा। कुछ पदाधिकारियो ने बताया है कि तहसील के कर्मचारी किसानों के जरूरी कार्य नहीं करके सुविधा शुल्क के नाम पर उन्हें परेशान करते हैं। एसडीएम तत्काल संज्ञान लेकर निरंकुश कर्मचारियों पर लगाम लगाएं अन्यथा उनके कार्यालय का घेराव किया जाएगा। मक्का, मूंगफली, उड़द, मूंग जैसी कई प्रकार की फैसले खड़ी हैं। गर्मी की वजह से पानी की अति आवश्यक है इसलिए बिजली विभाग लाइट की सप्लाई निरंतर जारी रखे। राष्ट्रीय संरक्षक राजपाल सिंह चौहान ने कहा कि हमारा एकमात्र ऐसा संगठन है जो किसानों की समस्याओं को दमदारी से उठा कर निदान तक पहुंचाने के बाद ही दम लेता है। किसी भी पदाधिकारी से सदस्यता शुल्क नहीं लेता है और निरंतर किसान हित में कार्य करता है।

**संगठन का किया गया विस्तार**

**छिबरामऊ।** राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विवेक कुमार गुप्ता के संचालन में हुई पंचायत में संगठन का विस्तार करते हुए मैनपुरी से दीपक उर्फ अभिमन्यु यादव जिला उपाध्यक्ष, राजेश पांडे जिला संयोजक, संजीव कुमार कश्यप को ब्लॉक उपाध्यक्ष सुलतानगंज, रामस्वरूप को जिला मंत्री, शैलेंद्र कुमार को जिला सचिव, कन्नौज से अक्षय यादव को जिलाध्यक्ष शिक्षा प्रकोष्ठ, शेर सिंह यादव को जिला संयोजक, राजेश सक्सेना को ब्लॉक सचिव, मनोज कुमार को जिला संगठन मंत्री, राकेश कुमार को ब्लॉक उपाध्यक्ष छिबरामऊ, राजेश पांडे को जिला उपाध्यक्ष, दिलीप कुमार को जिला संयोजक, जन्मेद सिंह को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

# बहुजन समाज को एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



सौरिख क्षेत्र के उड़ेलापुर में आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के तत्वावधान में आयोजित जनसभा में पार्टी नेताओं ने केंद्र व योगी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए बहुजन समाज को एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया।

भाईचारा कानपुर मंडल प्रभारी कयूम खां ने कहा कि देश की आजादी की लड़ाई सभी ने मिलकर लड़ी थी। भारत किसी के बाप की जागीर नहीं है।

वर्तमान सरकार में मुस्लिमों और दलितों पर सबसे ज्यादा अत्याचार हो रहे हैं। बुलडोजर कार्रवाई भी जाति और धर्म के आधार पर की जा रही है। मंडल प्रभारी छबिराम जाटव ने कहा कि आज बहुजनों की आवाज उठाने वाली एकमात्र पार्टी आजाद समाज पार्टी है। यूपी में स्मार्ट मीटरों से निजात दिलाने का काम सांसद चंद्रशेखर आजाद जी ने किया, जिसके कारण भाजपा सरकार को अपना फैसला वापस लेना पड़ा। जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम ने कहा कांशीराम जी ने ठीक कहा था कि सत्ता ही हर समस्या का समाधान है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार गरीबों को लूट रही है और अमीरों को फायदा पहुंचा रही है। राज्य में जंगल राज व्याप्त है। दलित, मुस्लिम, पिछड़ा और महिला विरोधी इस सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने का काम आजाद समाज पार्टी करेगी।

लोगों को अब न्याय की उम्मीद चंद्रशेखर आजाद जी से है। इस मौके पर मंडल संयोजक शेर सिंह, जिला उपाध्यक्ष गुलाम वारिस, अजीत कुमार, ब्रजेश कुमार, मीडिया प्रभारी अनुज रावण, विधानसभा उपाध्यक्ष सुशील, रामखिलवन, तालिब अली सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आंखों के ऑपरेशन में सौ शैया अस्पताल जनपद में रहा टॉप

- 345 सफल ऑपरेशन कर प्रदेश में पाया 32 वां स्थान

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



राष्ट्रीय अंधता निवारण कार्यक्रम के अंतर्गत सौ शैया अस्पताल ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। अस्पताल के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अविनाश गुप्ता द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों के चलते अस्पताल को जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। डॉ. अविनाश गुप्ता ने कुल 345 सफल मोतियाबिंद ऑपरेशन कर मरीजों को नई रोशनी देने का कार्य किया। उनके इस सराहनीय प्रदर्शन के आधार पर अस्पताल ने जिले में शीर्ष स्थान हासिल किया है, जबकि प्रदेश स्तर की रैंकिंग में भी 32वां स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। अस्पताल प्रशासन ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए डॉ. गुप्ता के कार्यों की प्रशंसा की है। अधिकारियों का कहना है कि सीमित संसाधनों में भी उन्होंने पूरी लगन और समर्पण के साथ मरीजों का इलाज किया। स्थानीय लोगों ने भी नेत्र रोग विशेषज्ञ के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि अब ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को बेहतर नेत्र चिकित्सा सुविधा स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो रही है, जिससे उन्हें इलाज के लिए दूर-दराज के शहरों का रुख नहीं करना पड़ रहा।

# पुलिस ने बाल अपचारी को किया गिरफ्तार

**छिबरामऊ, कन्नौज।** थाना विशुनगढ़ पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे एक बाल अपचारी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार और सीओ सुरेश कुमार के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार 12 मई को थाना क्षेत्र के गांव रसूलाबाद में हुई मारपीट की घटना में बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था।

घटना के बाद से 15 वर्षीय आरोपी अंकित पुत्र जय सिंह निवासी विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलाबाद (ऐंचापुर) फरार चल रहा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने उसे रसूलाबाद मोड़ के पास से पकड़ लिया।

# पुलिस मुठभेड़ में अपहरणकर्ता गिरफ्तार

**घटना की पृष्ठभूमि**

12 अक्टूबर 2022 को पंथरा गांव निवासी राहुल का अपहरण कर हत्या कर दी गई थी। मामले में राहुल की पत्नी संगीता देवी ने सागर समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। 16 अक्टूबर को राहुल का शव बरामद होने के बाद हत्या की धारा जोड़ी गई। पुलिस ने विजेंद्र और विवेक को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जबकि सागर फरार था।

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



तीन साल पहले एक युवक के अपहरण व हत्या के मुख्य आरोपी हिस्ट्रीशीटर गैंगस्टर को पुलिस ने मंगलवार सुबह हाफ एनकाउंटर में घायल कर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग की, जिसके जवाब में पुलिस की गोली उसके दाहिने पैर में लगी। पुलिस के अनुसार, छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के मनिकापुर गांव निवासी 31 वर्षीय सागर उर्फ धर्मवीर उर्फ धर्मा पर हत्या, लूट, अपहरण समेत करीब 10 मुकदमे दर्ज हैं। उसके सिर पर 25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित था। मंगलवार सुबह मुखबिर की सूचना पर छिबरामऊ कोतवाली प्रभारी कपिल दुबे के नेतृत्व में एसओजी टीम ने फर्रुखाबाद रोड पर नाकाबंदी की। संदिग्ध व्यक्ति को रुकने का संकेत दिए जाने पर आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में वह घायल हो गया। पुलिस ने उसे मौके से गिरफ्तार कर कन्नौज मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। आरोपी के कब्जे से एक तमंचा, तीन कारतूस, एक खोखा और दो हजार रुपये बरामद किए गए। क्षेत्र में आतंक मचाने वाले इस गैंगस्टर पर कन्नौज में 8 और फर्रुखाबाद में 2 मामले दर्ज हैं।

# संचारी रोगों से बचाव को लेकर छात्राओं को किया जागरूक

**गुरसहायगंज,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



नगर मे तिर्वा रोड सरोजनी देवी आर्य बालिका इंटर कॉलेज में संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूकता सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को विभिन्न संचारी रोगों से बचाव, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारियां प्रदान करना रहा। सभा में विद्यालय की छात्राओं को डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, वायरल बुखार तथा अन्य संक्रामक बीमारियों के कारण, लक्षण एवं बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से बताया गया। वक्ताओं ने कहा कि स्वच्छ वातावरण और व्यक्तिगत साफ-सफाई अपनाकर कई बीमारियों से बचा जा सकता है। छात्राओं को आसपास पानी जमा न होने देने, नियमित हाथ धोने, साफ पेयजल का उपयोग करने तथा मच्छरों से बचाव के उपाय अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रशासन ने छात्राओं से अपील की कि वे स्वयं जागरूक बनें और अपने परिवार व समाज को भी संचारी रोगों के प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिकाएं एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

# आधुनिक युग में मिट्टी के घड़ों की बढ़ी मांग लोग अपना रहे देसी ठंडक का तरीका



**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नगर मे भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान के बीच आधुनिक युग में मिट्टी के घड़ों की मांग एक बार फिर तेजी से बढ़ने लगी है। कभी गांवों और पुराने घरों तक सीमित रहने वाला घड़ा अब शहरोंए दुकानों और कार्यालयों में भी दिखाई देने लगा है। लोग फ्रिज के अत्यधिक ठंडे पानी की बजाय अब प्राकृतिक रूप से ठंडा और स्वास्थ्यवर्धक पानी पीने को प्राथमिकता दे रहे हैं। स्थानीय बाजारों में इन दिनों मिट्टी के घड़े बेचने वाले कुम्हारों के यहां ग्राहकों की भीड़ देखी जा रही है। कुम्हारों का कहना है कि इस वर्ष पिछले वर्षों की तुलना में घड़ों की बिक्री काफी बढ़ी है। छोटे घड़ों से लेकर डिजाइनदार और आधुनिक आकार के टोटी वाले घड़ों की मांग अधिक हो रही है। कई लोग घर की सजावट के साथ.साथ स्वास्थ्य लाभ के लिए भी मिट्टी के घड़े खरीद रहे हैं। चिकित्सकों के अनुसार मिट्टी के घड़े का पानी शरीर के लिए लाभकारी होता है। यह पानी प्राकृतिक रूप से ठंडा रहता है और गले व पाचन संबंधी समस्याओं से भी राहत देता है। वहीं फ्रिज का अत्यधिक ठंडा पानी कई बार स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव डालता है। यही कारण है कि लोग अब पारंपरिक तरीकों की ओर लौट रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से भी मिट्टी के घड़े महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। इनमें बिजली की आवश्यकता नहीं होतीए जिससे ऊर्जा की बचत होती है। साथ ही यह प्लास्टिक के उपयोग को भी कम करने में सहायक हैं। कुम्हार समुदाय के लोगों का कहना है कि घड़ों की बढ़ती मांग से उनके रोजगार को नई मजबूती मिली है। आधुनिकता के इस दौर में मिट्टी का घड़ा एक बार फिर लोगों की पहली पसंद बनता दिखाई दे रहा है।

# स्व गणना अभियान में नगर पालिका परिषद जिले में प्रथम

- अधिशासी अधिकारी के निर्देशन में हो रहा है नगर में कार्य
- पालिका अध्यक्ष प्रतिदिन ने किया नागरिकों से आवाहन

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



अधिशासी अधिकारी की कड़ी निगरानी एवं दूरदर्शिता के चलते नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज ने जनपद में स्व गणना में अब तक प्रथम स्थान प्राप्त किया है 7 मई से 21 मई तक चलने वाले इस अभियान में नगर के जागरूक नगर वासियों ने 6 दिनों के अंदर 1284 की संख्या पार कर ली है । यह नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज के लिए गौरव का विषय है। यह जानकारी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद अनिल कुमार ने दी उन्होंने बताया कि स्व गणना अभियान में नगरपालिका जनपद में प्रथम स्थान पर चल रही है। अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार ने नगर के लोगों से आवाहन किया कि वह स्व गणना अभियान में बढ़ चढ़कर भाग लेना सुनिश्चित करें 21 मई के बाद स्व गणना अभियान स्वत समाप्त हो जाएगा।

नगरपालिका अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि सात मई से 21 मई तक स्व गणना अभियान चलाया जा रहा है। इसमें नगरपालिका के कर्मचारी डोर-टू-डोर जाकर नागरिकों को स्व गणना की जानकारी दे रहे हैं और उसको करा रहे हैं। ईओ ने बताया कि सात मई को 28, आठ मई को 165, नौ मई को 102, दस मई को 452, ग्यारह मई को 295 तथा बारह मई को 242 लोगों ने स्व गणना की।

छह दिनों में 1284 लोगों ने स्व गणना की। जनपद की सभी नगरपालिका व नगर पंचायत में प्रथम स्थान पर रही। यह स्व गणना कार्यक्रम 21 मई तक चलेगा। उन्होंने बताया कि नगर पालिका द्वारा बनाए गए नोडल अधिकारी जनार्दन मिश्र तथा गठित की गई टीम के अलावा सुपरवाइजर प्रगणक इस अभियान में पूरा सहयोग कर रहे हैं इधर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता ने कहा कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि नगर पालिका परिषद द्वारा चलाए जा रहे अभियान में पूरा सहयोग करें सुगना अभियान को गति प्रदान करने के लिए यदि कोई दिक्कत नागरिक को आ रही है तो तत्काल फोन करके अधिशासी अधिकारी को अवगत कारण और समस्या का निस्तारण पूछे उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अभियान मैं प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य बनता है। कि वह सहयोग करें और गणना को पूरा करने में नगर पालिका द्वारा दो टू डोर गणना कर रहे कर्मचारियों का सहयोग करें।

# फांसी के फंदे से लटका मिला युवक का शव



- मामला कन्नौज जिले के थाने इंदरगढ़ क्षेत्र के गांव बिशनापुर गांव का

**तिर्वा,कन्नौज।** घर से एक किण्मी दूर एक खेत में लगे पेड़ से फंदे के सहारे लटके एक युवक का शव मिलने की खबर पर हड़कंप मच गया। जानकारी के मुताबिक जिले के थाना इंदरगढ़ क्षेत्र के गांव बिशनापुर गांव निवासी 18 वर्षीय शिवा पुत्र विनोद कुमार दिल्ली में रहकर प्राइवेट नौकरी करता था। विगत दिन वह गांव वापस आया था। मंगलवार की सुबह उपरोक्त गांव स्थित घर से करीब एक किण्मी दूर एक खेत में चिल्ववा के पेड़ से अंगोछे का फंदा बनाकर शिवा ने मौत को गले लगा लिया। मामले की जानकारी सुबह नित्य क्रिया को निकले ग्रामीणों को हुई जिसके बाद सूचना शिवा के परिजनों को हुई। घटना की जानकारी पर परिजन घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। यहां फंदे से लटक रहे शिवा को देख परिजनों का हाल बेहाल हो उठा। मामले की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने फंदे से लटक रहे शिवा के शव को नीचे उतरवाया।

शिवा की मौत पर परिजनों के करुण क्रंदन का सिलसिला जारी था। परिजनों द्वारा कोई पुलिसिया कार्यवाही नहीं की गई है। थाना प्रभारी नीलम सिंह ने बताया किए परिजन कार्यवाही नहीं चाहते थे इस कारण कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

# जैविक पदार्थों के प्रयोग से बढ़ेगी भूमि की ताकतः डॉ. कनौजिया

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

भूमि में रासायनिक उर्वरकों के लगातार असंतुलित प्रयोग और जैविक खादों की अनदेखी से मिट्टी की उर्वरा शक्ति कमजोर होती जा रही है। इससे खेती की लागत बढ़ने के साथ उत्पादन भी प्रभावित हो रहा है। यह बात कृषि विज्ञान केंद्र कन्नौज के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. वीके कनौजिया ने ग्राम तिखवा में आयोजित संतुलित उर्वरक प्रयोग जागरूकता अभियान में कही। उन्होंने कहा कि भूमि को स्वस्थ और उपजाऊ बनाए रखने के लिए हरी खाद, गोबर की खाद और जैव उर्वरकों का प्रयोग बेहद जरूरी है। यदि समय रहते किसानों ने जैविक पदार्थों का उपयोग नहीं बढ़ाया तो भूमि की स्थिति लगातार खराब होती जाएगी। कार्यक्रम में दलहन अनुसंधान संस्थान कानपुर से आए प्रधान वैज्ञानिक एवं अनुभागाध्यक्ष डॉ. मो. अकरम, वैज्ञानिक डॉ. डीके गुप्ता और वैज्ञानिक डॉ. कल्पना तिवारी ने भी किसानों को खेती की नई तकनीकों की जानकारी दी।



किसानों को जानकारी देते वैज्ञानिक

डॉ. अकरम ने प्राकृतिक खेती में बीजामृत और घनजीवामृत के उपयोग तथा उनके भूमि पर सकारात्मक प्रभावों के बारे में बताया। उन्होंने नीम आधारित जैव कीटनाशकों के प्रयोग और नीम की पत्तियों व फलों से कीट नियंत्रण की विधियों की भी जानकारी दी। डॉ. डीके गुप्ता ने मूंग और उड़द की उन्नतशील प्रजातियों की बुवाई के साथ जैव उर्वरकों के प्रयोग के लाभ बताए। उन्होंने कहा कि जैव उर्वरक भूमि में नत्रजन और फास्फोरस की उपलब्धता बढ़ाने में सहायक होते हैं। डॉ. कल्पना तिवारी ने कहा कि जैविक पदार्थों और उर्वरकों से निकलने वाले जैव रसायन कम लागत में फसलों की उपज बढ़ाने में मददगार साबित होते हैं।

कार्यक्रम के दौरान मुकेश कटियार के खेत पर कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा लगाए गए प्राकृतिक खेती प्रदर्शन का वैज्ञानिकों और किसानों ने अवलोकन भी किया।

# ऑफलाइन ट्रांसफर नीति के विरोध में पशु चिकित्सकों का प्रदर्शन

**मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन, ऑनलाइन स्थानांतरण व्यवस्था लागू करने की मांग**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश पशु चिकित्सा संघ के आवाहन पर जनपद इकाई कन्नौज के पशु चिकित्सकों ने पशुपालन विभाग की स्थानांतरण नीति में कथित अनियमितताओं के विरोध में रविवार को पशु चिकित्सालय सदर कन्नौज पर प्रदर्शन किया। इसके बाद चिकित्सकों ने विकास भवन पहुंचकर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डाव सरदूल सिंह को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। संघ के अध्यक्ष डाव नेम कुमार ने कहा कि सरकार पारदर्शिता की बात करती है लेकिन विभाग में ऑफ्लाइन ट्रांसफर की प्रक्रिया अपनाई जा रही हैए जो न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने ऑनलाइन स्थानांतरण व्यवस्था लागू करने की मांग उठाई। महामंत्री डाव सौरभ गंगवार ने चेतावनी दी कि यदि ऑफ्लाइन ट्रांसफर व्यवस्था समाप्त नहीं की गई तो प्रदेश स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। विरोध स्वरूप पशु चिकित्सकों ने अपने-अपने कार्यस्थलों पर काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण ढंग से कार्य किया। इस दौरान उपाध्यक्ष डाव संतोष सिंह, संयुक्त मंत्री डॉ. प्रदीप कुमार, कोषाध्यक्ष डॉ. रिजवान आलम, मीडिया प्रभारी डाव विकराल सिंह सहित कई चिकित्सक मौजूद रहे।

# मिट्टी डालकर बंद कर दी खुबरियापुर रोड की नाली

- बरसात में जलभराव का है खतरा

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



ग्राम खुबरियापुर रोड पर एक माह पूर्व बनी नालियां क्षतिग्रस्त हो गई हैं। पीडब्ल्यूडी ने जलभराव रोकने के लिए सड़क के दोनों ओर इन नालियों का निर्माण कराया था। स्थानीय लोगों ने कुछ दिनों बाद ही इन नालियों को तोड़कर उनमें ईंटें, पत्थर और मिट्टी भर दी। इसके बाद उन्होंने इन नालियों के ऊपर से रास्ता बना लिया, जिससे जल निकासी बाधित हो गई है।

यहां के मनोज कुमार पाल ने बताया कि नालियों के टूटने और उनमें मिट्टी भरने से बरसात के मौसम में फिर से जलभराव की स्थिति बन जाएगी। उन्होंने चिंता व्यक्त की है कि जिस उद्देश्य से सड़क और नालियों का निर्माण किया गया था, वह विफल हो जाएगा, जिससे ग्रामीणों और बच्चों का आवागमन प्रभावित होगा। पिछले कई दिनों से रोड पर जलभराव की स्थिति बनी हुई थी। पुरजोर मांग के बाद रोड के निर्माण का कार्य शुरू ही पाया था। स्थानीय लोगों द्वारा नालियों के निर्माण को भी रोका गया और नालियां खोदती हुई जेसीबी वापस करनी पड़ी। जिसके कारण नालियों का निर्माण बीच में ही रोकना पड़ा। निर्मित नालियों को भी स्थानीय लोगों द्वारा ईंट पत्थर एवं मिट्टी से भरकर बंद कर दिया गया। इस संबंध में ठेकेदार कौशल शुक्ला से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि उन्हें नालियों के क्षतिग्रस्त होने या उनमें ईंट-पत्थर भरने की कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस मामले पर जल्द ही संज्ञान लिया जाएगा और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# सरकारी तालाब पर कब्जे से भड़के ग्रामीण, कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

- हरिहरपुर गांव के सैकड़ों ग्रामीण पहुंचे डीएम दरबार
- कब्जा हटाने की प्रशासन से की मांग

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

हरिहरपुर गांव के सरकारी तालाब पर दबंगों द्वारा कब्जा किए जाने के आरोप को लेकर सोमवार को ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। सैकड़ों ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे और धरना प्रदर्शन कर प्रशासन से तालाब को कब्जामुक्त कराने की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के सरकारी तालाब पर अवैध कब्जा कर लिया गया है जिससे गांव के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

कई बार शिकायत करने के बावजूद कार्रवाई न होने से नाराज ग्रामीण जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते हुए तालाब को तत्काल कब्जामुक्त कराने की मांग उठाई।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन तेज किया जाएगा। धरना प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# टीबी उन्मूलन अभियान में युवाओं की होगी अहम भूमिका

- मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में किया कार्यक्रम का शुभारंभ
- युवाओं को दिया जाएगा फील्ड प्रशिक्षण

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



मेरा युवा भारत एवं जिला क्षय रोग विभाग के संयुक्त तत्वावधान में श्ज्ञ 100 दिन के अंतर्गत पांच दिवसीय अनुभवात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को टीबी उन्मूलन अभियान से जोड़ते हुए उन्हें जनजागरूकता एवं स्वास्थ्य सेवाओं का व्यावहारिक प्रशिक्षण देना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता ने की। इस दौरान जिला युवा अधिकारी सागर महेश्वरी एवं टीबी कोऑर्डिनेटर पूनम दुबे मौजूद रहीं।

सीएमओ ने कहा कि टीबी केवल बीमारी नहीं बल्कि सामाजिक जागरूकता से जुड़ा विषय है। समय पर पहचान और सही उपचार से इसे पूरी तरह समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से गांव.गांव तक जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के तहत चयनित स्वयंसेवकों को जिला चिकित्सालय, सेंटर, मेडिकल कॉलेज एवं अन्य स्वास्थ्य इकाइयों में प्रशिक्षण एवं फील्ड एक्सपोजर दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान युवाओं को टीबी जांच, मरीज परामर्श, पोषण सहायता और जागरूकता अभियान की जानकारी दी जाएगी। इस मौके पर बड़ी संख्या में युवा स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# पुलिस की सख्ती के बावजूद सपा प्रतिनिधि मण्डल पीड़ित परिवार से मिला

- डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव बोले: पीड़ित परिवार को मिलेगा न्याय
- प्रदेश सचिव ने पीड़ित परिवार की तहरीर सीओ को सौंपी
- एसपी ने निष्पक्ष जांच कराने का दिया आश्वासन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राजेपुर के चाचूपुर जटपुरा में विगत दिनों युवक ब्रजेश राजपूत का शव संदिग्ध अवस्था में मिलने के बाद परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया था। पीड़ित परिवार द्वारा कार्यवाही की मांग को लेकर पुलिस और ग्रामीणों में हिंसक झड़प हुई थी। जिसमें पुलिस कर्मियों सहित कई ग्रामीण भी घायल हुए थे। उपरोक्त घटनाक्रम के बाद पुलिस ने ग्रामीणों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव प्रतिनिधि मण्डल के साथ पीड़ित परिवार मिले और आश्वासन दिया कि पूरे मामले की उच्चाधिकारियों से वार्ता कर निष्पक्ष जांच कराकर न्याय दिलाया जायेगा और जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्यवाही करायी जायेगी। पुलिस को किसी भी निर्दोष व्यक्ति का उत्पीड़न नहीं करने दिया जायेगा और जो हर संभव मदद समाजवादी पार्टी करेगी। पीड़ितों के साथ है। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने एक प्रतिनिधि मण्डल नियुक्त कर भेजने का निर्णय



पीड़ित परिवार से घटना के संदर्भ में जानकारी लेते डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव जिलाध्यक्ष आदि

लिया। उसी क्रम में मंगलवार को जिला कार्यालय पर प्रतिनिधि मण्डल के सदस्य एकत्रित हुए, लेकिन प्रशासन ने जिला कार्यालय पर क्षेत्राधिकारी अमृतपुर ऐश्वर्या उपाध्याय एवं क्षेत्राधिकारी सिटी के नेतृत्व में भारी पुलिस बल लगाकर सभी को रोक लिया। इस दौरान जिला कार्यालय में काफी गहमागहमी रही, करीब एक 1 घंटे तक सपा नेताओं एवं क्षेत्राधिकारी में बातचीत होती रही। सपा नेता घटना स्थल पर जाने पर अड़े रह, इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव से फोन पर वार्ता की और सभी नेताओं के अपने कार्यालय बुला लिया और फिर पुलिस अधीक्षक ने कानून व्यवस्था का हवाला देते हुए प्रदेश कार्यालय से नामित प्रतिनिधि मण्डल के सदस्यों को ही जाने की अनुमति दी। क्षेत्राधिकारी अमृतपुर ऐश्वर्या उपाध्याय, क्षेत्राधिकारी सिटी के साथ भारी पुलिस बल की कड़ी निगरानी में सिर्फ नामित सदस्य ही पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। सपा नेताओं ने पीड़ित परिवार से मुलाकात के दौरान पाया कि मृतक व्यक्ति के परिवार की तहरीर भी पुलिस को नहीं मिल पाई है। सपा नेताओं ने अपने सामने ही पीड़ित परिवार की तहरीर क्षेत्राधिकारी को दिलवाई एवं पुलिस अधीक्षक ने आश्वासन दिया कि निष्पक्ष तरीके से जांच होगी और पीड़ित परिवार को न्याय मिलेगा। इस दौरान जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव, पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत, प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव, डॉ. जेपी वर्मा, डॉ. नवल किशोर शाक्य, इलियास मंसूरी, उदय प्रताप सिंह भोला यादव, अजीत यादव, राधेश्याम सविता, विनीत परमार, पवन कठेरिया, रामशरण कठेरिया, सभासद मुदस्सिर खां, अरविंद कश्यप, शिवम यादव आदि मौजूद रहे।



पीड़ित परिवार से सीओ को तहरीर दिलाते प्रदेश सचिव डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव

## तमंचा कारतूस सहित युवक गिरफ्तार



पुलिस हिरासत में आरोपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान एक युवक को तमंचा कारतूस सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोतवाली फर्रुखाबाद पुलिस संदिग्ध वाहनों/व्यक्तियों की चेकिंग अभियान चला रही थी, तभी एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से एक देशी तमंचा व एक कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान युवक ने अपना नाम मौसम अली उर्फ मोअज्जम पुत्र नसरत निवासी मोहल्ला गढ़ी अब्दुल मजीद खां कोतवाली फर्रुखाबाद बताया ।पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

## नर्सिंग दिवस पर स्वामी विवेकानंद कालेज में प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



छात्र को सम्मानित करते विद्यालय स्टाफ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** स्वामी विवेकानंद कॉलेज आफनर्सिंग सरैया में नर्सेस दिवस का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ स्वामी विवेकानन्द, भारत माता एवं फ्लोरेंस नाइटेंगल की पूजा अर्चना कर की गयी। पूजन पश्चात् गणेश वंदना की गई। नर्सेज दिवस पर पोस्टर मैकिंग प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मैडल, ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। छात्रों द्वारा फ्लोरेंस नाइटेंगल के जीवन परिचय पर प्रस्तुति दी गयी और साथ ही कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। चेयरमैन अनुराग दुबे ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस उत्साह और सेवा के संकल्प के साथ मनाया जाता है। आधुनिक नर्सिंग की जननी फ्लोरेंस नाइटेंगल के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में सभी स्टाफको भी नर्सेज दिवस की बधाई प्रेषित की। डायरेक्टर डॉ0 सचिन दुबे ने सभी छात्र-छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा के आदर्शों पर चलते हुए हमारा संस्थान ऐसे नर्स तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है जो न केवल तकनीकी रूप से सक्षम हों, बल्कि जिनमें करुणा और सेवा भाव भी कूट-कूट कर भरा हो। कार्यक्रम में प्राचार्य एवं समस्त टीचिंग व नान टीचिंग स्टाफसहित सभी विद्यार्थी गण उपस्थित रहे।

# नगर पंचायत की लापरवाही से नाला बना जी का जंजाल

- सड़क से ऊँचा निर्माण देख भड़के स्थानीय लोग, जेई की लापरवाही

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत द्वारा मुख्य बाजार मार्ग पर कराए जा रहे नाला निर्माण कार्य में बड़ी लापरवाही का मामला सामने आया है। मछली मंडी के समीप निर्माणाधीन नाले की ऊँचाई सड़क के स्तर से अधिक कर दी गई है, जिससे भविष्य में जलभराव की गंभीर स्थिति पैदा होने की आशंका है।

**जेई की अनुपस्थिति पर उठे सवाल**

स्थानीय निवासियों का सीधा आरोप है कि यह गड़बड़ी जूनियर इंजीनियर जेई अंकित कुमार की घोर लापरवाही और कार्यस्थल से अनुपस्थिति के कारण हुई है। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य शुरू होने से लेकर अब तक जेई एक बार भी मौके पर निरीक्षण करने नहीं पहुँचे। अधिकारियों की इसी अनदेखी के कारण ठेकेदार ने मानकों को ताक पर रखकर नाले का निर्माण कर दिया।



नगर पंचायत द्वारा खोदा गया नाला

**बरसात में डूबने का डर**

क्षेत्रीय नागरिकों ने अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि नाला सड़क से ऊँचा होगा, तो बारिश का पानी नाले में जाने के बजाय सड़कों और घरों में भरेगा। विरोध दर्ज कराने वालों में मुख्य रूप से शामिल रहे। मोहम्मद सेफ और अल्ताफ अली, अमित गुप्ता और अवध पाल, शंकर शर्मा, राघवेंद्र प्रताप और टीपू टेलर इन लोगों का कहना है कि सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है और बिना तकनीकी देखरेख के कराए जा रहे इस कार्य से जनता को सुविधा के बजाय मुसीबत झेलनी पड़ेगी।

**जांच के घेरे में मामला: क्या बोले अधिकारी?**

मामले की गंभीरता को देखते हुए अधिशासी अधिकारी प्रमोद कुमार ने संज्ञान लिया है। उन्होंने बताया कि प्रकरण उनके संज्ञान में है और इसकी गहन जांच कराई जा रही है। जेई अंकित कुमार को तत्काल मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लेने और तकनीकी खामियों की रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर निर्माण में सुधार कराया जाएगा और संबंधित के खिलाफउचित कार्रवाई की जाएगी। अब देखना यह है कि क्या प्रशासन इस ऊँचे बन चुके नाले को सही कराकर जनता को राहत देता है या फिर यह निर्माण भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाएगा।

## अलग-अलग मार्ग घटना में चार घायल



अस्पताल में भर्ती घायल

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** संकिसा रोड पर दो अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद लाया गया। जहां एक युवक की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पहली घटना में मेरापुर थाना क्षेत्र के ग्राम नूननगर निवासी 21 वर्षीय सुचेंद्र पुत्र चंद्रपाल तथा अक्षय कुमार पुत्र हरिकिशन बाइक से मोहम्मदाबाद में अपने रिश्तेदार को देखकर वापस घर लौट रहे थे। बताया गया कि मुरान गांव के पास सामने से आ रही एक पिकअप ने अनियंत्रित होकर उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक घायल हो गए। पिकअप चालक घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद पहुंचाकर वाहन सहित वहां से चला गया। दूसरी घटना में जनपद के पंचालनगर निवासी 40 वर्षीय कुंवर सिंह पुत्र राजबहादुर अपनी पत्नी रीता के साथ मेरापुर थाना क्षेत्र के ग्राम अर्जुनपुर से वापस लौट रहे थे। पखना चौराहे के पास अचानक बाइक के सामने कुत्ता आ जाने से बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। जिससे दोनों पति-पत्नी घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची डायल 108 एंबुलेंस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद पहुंचाया। सीएचसी में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर जितेंद्र यादव ने सभी घायलों का उपचार किया। घायल अक्षय कुमार की हालत गंभीर होने तथा फ्रैक्चर की आशंका के चलते उसे बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल राम मनोहर लोहिया रेफर कर दिया गया।

# आजीवन कारावास की सजा काट रहे गनेशी की मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

लम्बे समय से था बीमार

फतेहगढ़ स्थित सेंट्रल जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे एक कैदी की उपचार के दौरान मौत हो गई। कैदी अपहरण और हत्या के मामले में सजायाफ्ता था। मृतक कैदी काफी समय से बीमार चल रहा था और उसका उपचार किया जा रहा था। मंगलवार को लोहिया अस्पताल की इमरजेंसी लाया गया। यहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना कैदी के परिजनों को दी गई। सूचना मिलने पर मृतक के भाई मुकेश और परिवार के अन्य सदस्य लोहिया अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक की पहचान गनेशी के रूप में हुई है। गनेशी के बड़े भाई मुकेश ने बताया कि उनके छोटे भाई को कई वर्ष पहले अपहरण और हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। परिजनों के अनुसार मृतक अपने परिवार के साथ शहर से बाहर रहकर व्यापार करता था। उन्होंने बताया कि काफी समय पहले वे जेल में गनेशी से मुलाकात करने आए थे, जिसके बाद उनकी कोई मुलाकात नहीं हुई थी। मंगलवार को उन्हें गनेशी की मौत की जानकारी मिली। परिजनों ने बताया कि मृतक की शादी नहीं हुई थी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।



लोहिया अस्पताल में मौजूद पुलिस

## दहेज हत्या के मामले में महिला सहित तीन पर दोष सिद्ध

**फर्रुखाबाद समृद्धि न्यूज।** दहेज हत्या के मामले में अपर जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश एफटीसी प्रथम न्यायाधीश संजय कुमार ने अभियुक्त सुमित पुत्र हंसराम, हंसराम पुत्र पातीराम, रामकली पत्नी हंसराम समस्त निवासीगण सोना जनकीपुर नवाबगंज को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर 14 मई की तिथि नियत की गई है।

विगत चार वर्ष पूर्व को थाना नवाबगंज पुलिस को कश्मीर सिंह पुत्र केशव दयाल निवासी भवानीपुर गुस्सायगंज ने दी गई तहरीर में बताया कि मैंने अपनी बहन की शादी 21 जून 2022 को हिंदू रीति रिवाज से अपनी हैसियत के मुताबिक दान दहेज देकर लगभग सात लाख रुपए खर्चा किया था, परंतु दिए दहेज से बहनोई सुमित कुमार, बड़े भाई अमित कुमार, हंसराम, अनारकली अतिरिक्त दहेज की मांग में बुलेट मोटर साइकिल, सोने की लर, अंगूठी की मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगे। 12 जुलाई को समय 7 बजे मेरी बहन मुन्नी देवी की हत्या कर फांसी के फंदे पर लटका दिया। जिसकी सूचना गांव के लोगों ने दी जब हम लोग गांव में घर वाले मौके से फरार थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता तेज सिंह राजपूत की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश संजय कुमार ने अभियुक्त सुमित, हंसराम, रामकली को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर 14 मई की तिथि नियत की गई है।

# ट्रेन से कटकर सिविल इंजीनियर की मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

याकूतगंज स्टेशन से कमालगंज की ओर खंभा नंबर 126/16-17 के मध्य ट्रेन से कटकर सिविल इंजीनियर की मौत हो गयी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मंगलवार को छपरा-मथुरा एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर एक सिविल इंजीनियर की मौत हो गई। मृतक की पहचान महाराष्ट्र के नागपुर के आर्य नगर मनकापुर निवासी सुनील बाबूलाल यादव के रूप में हुई है। सुनील अपनी पत्नी रीना यादव और बेटी आन्या के साथ दो दिन पहले मथुरा दर्शन करने गए थे। वे मथुरा से गोरखपुर लौट रहे थे और एसी फर्स्ट कोच में उनका रिजर्वेशन था। फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र याकूतगंज स्टेशन से कमालगंज की ओर खंभा नंबर 126/16-17 के मध्य सुबह के समय वह ट्रेन से गिर गए। जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सुनील को लोहिया अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके पास मिले सामान से उनकी पत्नी को फोन किया गया। तब तक ट्रेन कानपुर पहुंच चुकी थी। सुनील की पत्नी और बेटी कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर उतर गई और एक चार पहिया वाहन से फतेहगढ़ पोस्टमार्टम हाउस पहुंचीं। बेटे वेदांश ने बताया कि उनके पिता सिविल इंजीनियर थे और एक निजी कंपनी में कार्यरत थे। पुलिस ने बताया कि मृतक के परिजन और रिश्तेदार नागपुर से फर्रुखाबाद पहुंच रहे हैं। इस घटना से मृतक की पत्नी व बेटी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।



अस्पताल में मौजूद परिजन

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** देर रात हुए एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। यह घटना नवाबगंज थाना क्षेत्र के सादिकपुर गांव के पास फर्रुखाबाद-कायमगंज मार्ग पर हुई। युवक अपनी मोटरसाइकिल से गांव लौट रहा था तभी यह हादसा हुआ। मृतक की पहचान शमशाबाद थाना क्षेत्र के दलेलगंज गांव निवासी शिवा पुत्र सर्वेश चंद्र के रूप में हुई है। वह रात करीब 10 बजे फर्रुखाबाद से अपने गांव जा रहा था। रास्ते में अचानक एक गाय का बछड़ा सड़क पर आ गया। जिससे उसकी मोटरसाइकिल टकरा गई और वह सड़क पर गिर गया। इसके बाद वह किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। गंभीर रूप से घायल शिवा को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरौन ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम भेजा गया। परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

# चाचूपुर हिंसा के आरोपी गिरफ्तार पुलिस ने भेजा कोर्ट, गये जेल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राजेपुर के चाचूपुर में हुए हिंसक में जान से मारने की नियत से सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए पुलिसकर्मियों के ऊपर प्राण घातक हथियार, लाठी, डण्डा, सरिया व ईट पत्थर से हमला करने के मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार जेल भेज दिया।

जानकारी के अनुसार राजेपुर थानाध्यक्ष नागेन्द्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि वादी उ0नि0 महेश कुमार की लिखित तहरीर 09 मई को अभियुक्तों द्वारा सामान्य आशय से एक राय होकर जान से मारने की नियत से सरकारी कार्य मे बाधा डालते हुए पुलिसकर्मियों के ऊपर प्राण घातक हथियार, लाठी, डण्डा, सरिया व ईट पत्थर से हमला कर जिससे पुलिस फोर्स के गम्भीर चोटे आना एवं सरकारी वाहन संख्या यूपी 76 जी-0311 को तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर देना।

जिससे अफरातफरी का माहौल उत्पन्न हो जाने के सम्बंध मे थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 67/2026 धारा 191(2), 191(3),190, 221, 132,121(2)क, 352, 109, बीएनएस व 3 लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम एवं 7 आपराधिक विधि संशोधन अधिनियम बनाम कश्मीर आदि 14 नफर व करीब 25-30 व्यक्ति नाम व पता अज्ञात पंजीकृत कर विवेचना के क्रम में अभियुक्त विकास पुत्र बृह्मपाल निवासी चाचूपुर जटपुरा थाना राजेपुर, कश्मीर पुत्र रामगुलाम निवासी चाचूपुर जटपुरा थाना राजेपुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।



पुलिस हिरासत में आरोपी

# जनपद न्यायाधीश ने स्व-गणना कर जनपदवासियों को दिया संदेश

- बोले: इच्छुक नागरिक भारत सरकार के आधिकारिक स्व-गणना पोर्टल के माध्यम से कर सकते है स्वगणना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद न्यायाधीश द्वारा स्व-गणना कर जनपदवासियों को जनगणना 2027 के संबंध में महत्वपूर्ण संदेश दिया गया। उन्होंने बताया कि प्रदेश में जनगणना 2027 की प्रक्रिया 07 मई से प्रारम्भ हो चुकी है। इसके अंतर्गत नागरिकों को 21 मई तक स्वयं अपनी जानकारी ऑनलाइन भरने की सुविधा प्रदान की गई है। जनपद न्यायाधीश ने कहा कि इच्छुक नागरिक भारत सरकार के आधिकारिक स्व-गणना पोर्टल के माध्यम से मोबाइल फोन, लैपटॉप अथवा कंप्यूटर का उपयोग कर स्वगणना कर सकते हैं। यह सुविधा पूर्णतः वैकल्पिक है तथा नागरिक अपनी सुविधा अनुसार इसका उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो लोग किसी कारणवश पोर्टल के माध्यम से स्वगणना नहीं कर पाएंगे, उन्हें चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि 22 मई से जनगणनाकर्मी घर-घर जाकर प्रत्येक परिवार का विवरण एकत्रित करेंगे। जनगणना कार्य निदेशालय द्वारा इस महत्वपूर्ण अभियान की शुरुआत समाज के विशिष्ट एवं सम्मानित व्यक्तियों के माध्यम से कराई जा रही है, ताकि आमजन में जागरूकता बढ़े तथा अधिक से अधिक लोग स्वगणना प्रक्रिया में सहभागिता करें। स्वगणना की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि सर्वप्रथम नागरिकों को स्व-गणना पोर्टल पर जाना होगा। वहां अपना प्रदेश चयन करने के उपरांत कैप्चा कोड भरना होगा। इसके बाद परिवार पंजीकरण प्रक्रिया में परिवार के मुखिया का नाम, मोबाइल नंबर तथा ई-मेल आईडी यदि उपलब्ध हो दर्ज करनी होगी। यह भी अवगत कराया गया कि एक बार दर्ज किया गया परिवार के मुखिया का नाम परिवर्तित नहीं किया जा सकेगा तथा एक मोबाइल नंबर का उपयोग केवल एक ही परिवार के पंजीकरण हेतु मान्य होगा। जनपद न्यायाधीश ने जनपदवासियों से अपील की कि वे जनगणना जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें तथा अधिक से अधिक लोगों को स्वगणना प्रक्रिया के प्रति जागरूक करें।



जनपद न्यायाधीश को स्वगणना कराते एडीएम

# शटडाउन के बाद लाइन चालू होने से युवक की मौत

- एलटी लाइन ठीक करते समय लगा करंट
- खंभे पर लटका रहा शव, पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

राजेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम दौलतपुर में एलटी लाइन ठीक करते समय करंट लगने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार कुसुमापुर निवासी अर्जुन पुत्र रामप्रकाश ग्राम दौलतपुर में बिजली लाइन का कार्य कर रहा था। इसी दौरान अचानक लाइन में करंट प्रवाहित हो गया, जिससे वह खंभे पर ही झुलस गया और बिजली के पोल पर लटक गया। हादसा इतना भयावह था कि मौके पर मौजूद लोगों में चीख पुकार मच गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना थाना राजेपुर पुलिस को दी। थाना प्रभारी नागेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों से पूछताछ की। बाद में परिजनों के पहुंचने पर युवक के शव को खंभे से नीचे उतारा गया। मृतक अर्जुन पांच भाइयों में सबसे बड़ा था। उसके भाइयों के नाम सहदेव, विनोद, आकाश और विशाल बताए गए हैं। मृतक अपने पीछे पत्नी उषा तथा चार बच्चों बिटिया जयशू, अंशिका और पुत्र करन व अर्पित को छोड़ गया है। घटना के बाद मां मुन्नी देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। बिजली विभाग के एसडीओ विनोद शुक्ला ने बताया कि मृतक व्यक्ति बिजली विभाग में न तो संविदा कर्मी था और न ही सरकारी कर्मचारी। वहीं ग्राम प्रधान संजय सोमवंशी ने बताया कि अर्जुन डेली बेसिस पर बिजली विभाग के लिए कार्य करता था। शटडाउन लेने के बाद वह नियमित रूप से लाइन ठीक करने गया था, लेकिन लापरवाही के चलते किसी ने दोबारा लाइन चालू कर दी। जिससे वह हादसे का शिकार हो गया। घटना की सूचना मिलने पर तहसीलदार शशांक सिंह व लेखपाल आदिल भी मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। एहतियात के तौर पर गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है।




मौके पर मौजूद पुलिस बल

# डीएम ने गेहूं क्रय की प्रगति व उठान की स्थिति की समीक्षा

- उठान की धीमी प्रगति पर संबंधित एजेंसियों पर कार्यवाही के दिये निर्देश
- गेहूं भीगने पर कायमगंज के मार्केटिंग इंस्पेक्टर पर की कार्यवाही



बैठक लेती डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में संचालित गेहूँ खरीद कार्य की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में गेहूँ क्रय की प्रगति, उठान की स्थिति तथा क्रय केंद्रों पर व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान जिला खाद्य विपणन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में अब तक कुल 5502 मीट्रिक टन गेहूँ की खरीद की जा चुकी है, जबकि इसके सापेक्ष 1485 मीट्रिक टन गेहूँ का उठान किया गया है। जिलाधिकारी ने खरीद के सापेक्ष गेहूँ उठान की धीमी प्रगति पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने निर्देश दिए कि कम उठान के लिए जिम्मेदार अधिकारियों एवं संबंधित एजेंसियों की जवाबदेही तय करते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। कायमगंज मंडी स्थित खाद्य विभाग के क्रय केंद्र पर गेहूँ भीगने की घटना को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने कायमगंज के संबंधित मार्केटिंग इंस्पेक्टर के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए प्रतिकूल प्रविष्टि दिए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि गेहूँ की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा गेहूँ भीगने अथवा क्षति होने की स्थिति में संबंधित क्रय एजेंसी एवं अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। डीएम ने सभी क्रय एजेंसियों को निर्देशित किया कि क्रय केंद्रों पर गेहूँ के सुरक्षित भंडारण, समयबद्ध उठान एवं किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न होने के लिए प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शी एवं सुचारु गेहूँ खरीद व्यवस्था बनाए रखना सभी संबंधित विभागों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सरकार द्वारा नामित सदस्यों को एसडीएम ने दिलायी शपथ


शपथ ग्रहण के दौरान मौजूद नामित सभासद

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

नगर पालिका परिषद के सभागार में सरकार द्वारा नामित सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें उपजिलाधिकारी अतुल कुमार सिंह ने सभी नामित सदस्यों अवनीश चतुर्वेदी, अमित राठौर, सियाराम कोरी, अशोक गुप्ता, मधु गंगवार को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उप जिलाधिकारी ने कहा की सभी सम्मानित सदस्यों को जब भी किसी काम में प्रशासन की मदद की आवश्यकता हो तो प्रशासन सदैव उनके साथ खड़ा रहेगा। उनके सुझाव समाज हित में आमंत्रित है। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ0 शरद गंगवार ने सभी नामित सदस्यों का माल्यार्पण कर कहा की नामित सदस्यों का कार्य क्षेत्र पूरी नगर पालिका होती है। समाज के हित में यदि कोई भी कार्य आपके द्वारा मेरे संज्ञान में लाया जाएगा तो यथाशीघ्र उन कार्यों का निष्पादन करने का प्रयास करूंगा। आप सभी का आवाह्न करता हूं कि मेरे साथ कंधे से कंधा मिलाकर इस नगर पालिका को सुचार रूप से संचालित करने में मदद करें। नामित सदस्य भाजपा नेता अवनीश चतुर्वेदी ने कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग के व्यक्ति के हित के लिए कार्य करना है, हम लोगों को समाज के हित के लिए सरकार ने प्रतिनिधित्व सौंपा है। सरकार की मंशा के अनुरूप इस नगर पालिका को बेहतर बनाने के लिए जो भी सार्थक प्रयास होंगे। उनको पूरी श्रद्धा और तत्परता से निर्वहन करेंगे। सरकार की समस्त लाभकारी योजनाओं को पटल से उठाकर धरातल पर क्रियान्वयन करने का पूर्ण प्रयास किया जाएगा।

सभी का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी डॉ. लव कुमार मिश्र, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. विकास शर्मा, व्यापार मंडल से अमित सेठ, आर.आई. अंशुमन शुक्ला, सभसद अनूप पांडे, मनु कौशल, आरती मिश्रा, झगड्डु यादव, प्रदीप शाक्य, सुनील गुप्ता, नीलकांत उपस्थित रहे।

## पत्नी के वियोग में पति ने खाया जहरीला पदार्थ

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव अचरिया वाकरपुर निवासी आशीष उम्र 22 वर्षीय पुत्र राम सेवक ने प्रेम प्रसंग के चलते लाली निवासी शीगनपुर गुरसहायगंज जनपद कन्नौज से प्रेम विवाह किया था। दोनों लोग राजी खुशी रह रहे थे। लाली के गर्ववती होने पर पति ने कहा अपनी माँ को फोन करके बुलालो और उनके साथ मायके चली जाओ। वहाँ तुम्हारी देखभाल परिजन अच्छी तरह से करेंगे। सुबह होते ही लाली ने अपने मयके माँ मीरा को करके बुला लिया और उनके साथ अपने मयके चली गई। पति ने पत्नी की याद में जहरीला कीटनाशक पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे उपचार के लिए कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए। जहाँ डयुटी पर तैनात चिकित्सक अमरेश कुमार ने प्रथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# विज्ञान बस का हुआ आगमन, छात्राओं को दी गई वैज्ञानिक तथ्यों की जानकारियां

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।


छात्राओं को विज्ञान के बारे में जानकारी देते शिक्षक

पीएम श्री महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद लखनऊ की ओर से संचालित विज्ञान बस का आगमन हुआ। कक्षा 6 से 12 तक की छात्राओं ने विज्ञान के विभिन्न प्रयोगों के माध्यम से वैज्ञानिक तथ्यों को रोचक ढंग से समझा। आसपास के विद्यालयों के विद्यार्थी भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। विज्ञान बस में थ्री-डी प्रिंटर, माइक्रोस्कोप सहित कई आधुनिक उपकरणों के माध्यम से प्रयोग प्रदर्शित किए गए। छात्राओं को विज्ञान के महत्वपूर्ण सिद्धांतों जैसे बर्नौली प्रमेय तथा दाब के प्रभाव आदि को प्रयोगात्मक रूप में समझाया गया। जिससे उनकी वैज्ञानिक जिज्ञासा और समझ में वृद्धि हुई। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षक भी उपस्थित रहे। जिन्होंने छात्राओं का मार्गदर्शन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या दीपिका राजपूत ने विज्ञान बस से जुड़े सभी अधिकारियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर निर्मला सिंह, ज्योति, अर्चना गुप्ता, ऋचा तिवारी, आरती यादव सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। यह विज्ञान बस कार्यक्रम छात्राओं में वैज्ञानिक सोच को विकसित करने और विज्ञान को व्यवहारिक रूप में समझने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुई।

# जनपद की मृदुकीर्ति नेशनल यूथ लीडरशिप अवार्ड से हुई सम्मानित


कार्यक्रम में सम्मानित होती मृदुकीर्ति

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

दिल्ली के विश्व युवक केंद्र के राम कृष्ण बजाज सभागार मे प्रोजेक्ट पॉइंट की ओर से युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार माई भारत के सहयोग से युवा संवाद का आयोजन किया गया। जिसका विषय यूथ इन डेमोक्रेसी और गवर्नमेंट फॉर विकसित भारत 2047 रहा। यूथ राइट एडवोकेसी एवं पॉलिसीज पर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत में श्रीलंका की राजदूत महिषणी कोलोन ने किया। इंटरनेशनल प्रोग्राम में देश के 23 राज्यों के चुनिंदा युवाओं के अलावा श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल के युवा प्रतिनिधि ने भाग लिया। नेकपुर चौरासी निवासी श्याम कुमार चतुर्वेदी रिटायर्ड शिक्षक राजकीय इण्टर कालेज की पुत्री मृदुकीर्ति को कार्यक्रम में श्रीलंका की राजदूत महिषणी कोलोन ने सम्मानित किया। यह सम्मान उनको स्पोर्ट्स एंड एडवेंचर के लिए दिया गया। जहां केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुअल ओराम, ओडिशा सरकार के विशेष सचिव निहार रंजन दास, विश्व युवक केंद्र के मुख्य कार्यकारी अधिकारी उदय शंकर सिंह, प्रोजेक्ट पॉइंट ओडिशा के संस्थापक एवं चेयरपर्सन डॉ. संग्राम केसरी सामंतराय की उपस्थिति में प्रदान किया गया।

# बच्चों ने जल जीवन मिशन के तहत निकाली जागरुकता रैली



जल मिशन रैली में भाग लेते बच्चे

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जल मिशन जागरुकता अभियान आईएसए सर्वार्थ सेवा संस्थान की लखनऊ टीम द्वारा मंगलवार को राजेपुर विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय अलीगढ़ में विद्यालय के बच्चों एवं स्टाफ के साथ प्रभातफेरी निकालकर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरुक कर जानकारियां दी गई। जल जनित रोगो से तनाव पर चर्चा की गई। एवं विद्यालय में बच्चों को हैण्डवॉस करने की गतिविधियां करायी गई। बच्चों ने जल है तो कल है, जल ही जीवन है। स्वच्छ रहेगें, तो स्वस्थ रहेंगे नारे लगाकर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरुक किया। स्वच्छता के अभाव में होने वाली बीमारियों पीलिया, डायरिया आदि रोगों से बचाव के उपचार बताये गये। विद्यालय में महिला एवं पुरुषों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रधानाध्यापक संतोष गुप्ता, साजिद खान, शिवम अवस्थी ने विचार रखे। इस मौके पर शिक्षक मनोरमा यादव, नूरुलसवा, सुनीता देवी, सुशीला, रामप्यारी, मीरावती, राजबेटी आदि लोग मौजूद रहे।

## स्काउट्स गाइड्स द्वारा निःशुल्क जल शिविर का हुआ आयोजन


जल वितरण के दौरान मौजूद स्काउट गाइड कैडेट्स

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मंगलवार को उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड के सौजन्य से रेलवे स्टेशन फर्रुखाबाद पर पर नि:शुल्क जल सेवा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोज कुमार स्टेशन अधीक्षक द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। शिविर में रेलवे स्टेशन प्रबंधन में सीसीएस राजेश कुमार, कमर्शियल इंस्पेक्टर आशुतोष कुमार, ट्रैफिक इंस्पेक्टर राजा बाबू, आईपीएफ ओपी मीणा, एसआई नरेश कुमार का योगदान रहा। शिविर का संचालन जिला संस्था के मुख्य आयुक्त दिनेश कुमार वर्मा, महेश चंद्र राजपूत जिला सचिव, संतोष कुमार त्रिपाठी, पुष्पेंद्र कुमार शर्मा, गजेंद्र सिंह चौहान, चमन शुक्ला जिला संगठन कमिश्नर एवं डॉ0 यशवंत सिंह राठौड़ स्काउट मास्टर के साथ विभिन्न विद्यालयों की स्काउट और गाइड कुंज कसरे, रामजी, आराध्या शुक्ला, प्रतीक गुप्ता, सृष्टि राजपूत, मांडवी तिवारी, कुशाग्र दीक्षित, गोविंद चौधरी, आयुष कुमार आदि ने तपती धूप में प्यास से राहगीर बच्चों, महिलाओं, को जल पिलाकर प्यास से निज़ाकत दिलाइ। साथी ही छोटे-छोटे बच्चों को बिस्कुट पैकेट वितरित किए गए।

## राजीव कुमार शुक्ल ने प्राप्त की शिक्षाशास्त्र विषय में पीएचडी


छात्रों के साथ राजीव शुक्ला

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** अमृतपुर क्षेत्र नगर निवासी राजीव कुमार शुक्ल पुत्र स्वर्गीय सुंदर लाल शुक्ल को जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षाशास्त्र विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। यह सम्मान विश्वविद्यालय में 11 मई को आयोजित नवम दीक्षांत समारोह में प्रदान किया गया। उपाधि प्राप्त करते ही क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई और लोगों ने इसे अमृतपुर की बड़ी उपलब्धि बताया। दीक्षांत समारोह में देशभर से आए शोधार्थियों को विभिन्न विषयों में उपाधियां प्रदान की गईं। राजीव कुमार शुक्ल को उनके उत्कृष्ट शोध कार्य, शिक्षा के प्रति समर्पण और अकादमिक योगदान के लिए डॉक्टर ऑफफिलॉसफी (पीएचडी) की उपाधि से सम्मानित किया गया। समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति, प्राध्यापकगण, शोध निर्देशक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। राजीव कुमार शुक्ल की इस उपलब्धि की जानकारी मिलते ही उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। परिजनों, मित्रों, शिक्षकों और शुभचिंतकों ने मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। राजीव कुमार शुक्ल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने स्वर्गीय माता-पिता, स्वर्गीय चाचाजी विद्याराम शुक्ल, बड़े भाई श्रीकृष्ण शुक्ल एवं भाभी मंजू शुक्ल को दिया। क्षेत्र के शिक्षकों और बुद्धिजीवियों ने कहा कि राजीव कुमार शुक्ल की यह उपलब्धि अमृतपुर के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।

# डॉ. बीपी अग्रवाल शिक्षा निकेतन में साइंस बस व एस्ट्रोनॉमी शो का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



विज्ञान बस के साथ मौजूद विद्यार्थी

शिक्षण संस्थान डॉ. बी.पी.अग्रवाल शिक्षा निकेतन में विज्ञान भारती (विभा) के सौजन्य से ज्ञान-विज्ञान के विशेष संगम का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में पहुँची साइंस बस और देर शाम आयोजित नाइट एस्ट्रोनॉमी शो के माध्यम से विद्यार्थियों को विज्ञान के रहस्यों को प्रयोगात्मक रूप से समझने का अवसर मिला।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विज्ञान भारती के प्रदेश समन्वयक व सचिव मनोज चतुर्वेदी, साइंस बस के संयोजक व जिला समन्वयक महेश चंद्र उपाध्याय, कोषाध्यक्ष धीरेंद्र वर्मा, स्टेम एक्सपर्ट भोपाल अमृतांशु बाजपेई, आशीष द्विवेदी एवं जितेंद्र सिंह उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत विद्यालय प्रबंधन द्वारा किया गया। इस दौरान विज्ञान भारती द्वारा भेजी गई आधुनिक साइंस बस आकर्षण का मुख्य केंद्र रही। आईआईटी कानपुर के विशेषज्ञ ब्रिकेश ने विद्यार्थियों को बस में स्थापित विभिन्न वैज्ञानिक मॉडलों जैसे- ऑटोमैटिक प्रिंटर और स्लाइड ऑब्जर्वेशन की जटिल कार्यप्रणाली को अत्यंत सरल ढंग से समझाया। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न स्लाइड्स का सूक्ष्मदर्शी से अवलोकन कर अपनी जिज्ञासाओं को शांत किया। दिनभर चले विज्ञान सत्र के उपरांत रात्रि में खगोल शास्त्र पर आधारित नाइट एस्ट्रोनॉमी शो आयोजित हुआ। वरिष्ठ टीम एजुकेटर सुभाशीष पांडेय के निर्देशन में छात्रों ने शक्तिशाली टेलिस्कोप के माध्यम से ब्रह्मांड के विशाल ग्रहों, बृहस्पति और शनि का सजीव अवलोकन किया। अपनी आँखों से इन ग्रहों को देख विद्यार्थी रोमांचित हो उठे। संचालन विद्यालय के प्रबंधक डॉ. बी.पी. अग्रवाल एवं निदेशक डॉ. विशाल अग्रवाल व समस्त अध्यापक द्वारा किया गया। विद्यार्थियों के वैज्ञानिक कौशल की प्रशंसा करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया।

## नामित सभासदों को एसडीएम ने दिलायी शपथ


शपथ ग्रहण में मौजूद सांसद मुकेश राजपूत आदि

**खिमसेपुर, समृद्धि न्यूज।** शासन द्वारा नामित सभासदों को मुख्य अतिथि की मौजूदगी में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी गई। नगर पंचायत खिमसेपुर में शासन द्वारा तीन सदस्य आलोक दिवाकर, नीतू राजपूत, राघवेन्द्र शाक्य को नामित किया है। सोमवार को उपजिलाधिकारी सदर ने सभी नामित सदस्यों को शपथ दिलायी। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में सांसद मुकेश राजपूत रहे। नगर पंचायत अध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने मुख्य अतिथि का माला पहनाकर स्वागत किया और सभी नामित सभासदों को बधाई दी। इस अवसर पर मुख्य रुप से खिमसेपुर नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी डॉ. लव कुमार मिश्र के अलावा सभासदगण व कार्यालय कर्मचारी आदि लोग मौजूद रहे।

## युवकों पर दुष्कर्म सहित पास्को एक्ट का मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने न्यायालय के आदेश पर गांव के ही प्रांशु पुत्र सतीश कुमार प्रदीप पुत्र शैलेंद्र के विरुद्ध दुष्कर्म सहित कई अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है।

तहरीर के अनुसार 19 मार्च को पीड़ित की 15 वर्षीय पुत्री गोबर डालने गई थी, तभी उपरोक्त दोनों आरोपितों ने उसे पकड़ लिया और खंडहर पड़े पंचायत घर में ले गए। दोनों ने पुत्री के साथ छेड़छाड़ की और जबरदस्ती प्रांशु ने उसके साथ बलात्कार किया। इस दौरान उपरोक्त आरोपित प्रदीप ने मोबाइल फोन से वीडियो बना लिया। 25 मार्च को मेरी पुत्री ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। वीडियो के माध्यम से उपरोक्त घटना की जानकारी हुई।

# विज्ञान भारती द्वारा विज्ञान मेले का हुआ आयोजन

- विज्ञान प्रदर्शनी, भाषण व अन्य प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने लिया भाग


विज्ञान जागरुकता कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

विज्ञान भारती के तत्वावधान में विज्ञान मेले का आयोजन हुआ। 12 मई को जिले से विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया।

विज्ञान जागरुकता कार्यक्रम के तहत भाषण प्रतियोगिता, विज्ञान प्रदर्शनी, खगोल विज्ञान गतिविधियाँ तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा संचालित विज्ञान बस के माध्यम से विद्यार्थियों को आधुनिक विज्ञान एवं तकनीक से परिचित कराया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और आमजन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना तथा विज्ञान को जन जन तक पहुँचाना रहा। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद की विज्ञान बस का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। विज्ञान बस, आईआईटी कानपुर के सहयोग से जिले के विभिन्न विद्यालयों में पहुँची। इस दौरान आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़, राजपुताना पब्लिक स्कूल, ज्ञानफोर्ट इनोवेटिव स्कूल, ब्लू बेल पब्लिक स्कूल, सीपीवीएन विद्या निकेतन कायमगंज, सीपी इंटरनेशनल स्कूल, डॉ. बीपी अग्रवाल शिक्षण निकेतन, जीजीआईसी फतेहगढ़, एमआईसी फतेहगढ़, जीआईसी फतेहगढ़, रखा इंटर कॉलेज तथा सनबीम पब्लिक स्कूल सहित अनेक विद्यालयों में विज्ञान से जुड़े रोचक प्रयोगों का प्रदर्शन किया गया। विद्यार्थियों ने 3डी प्रिंटिंग, जैव विज्ञान, ऊर्जा, खगोल विज्ञान तथा अन्य वैज्ञानिक मॉडलों को देखकर अत्यधिक उत्साह व्यक्त किया। कई विद्यालयों ने इस कार्यक्रम में अभिभावकों को भी आमंत्रित किया, जिससे विज्ञान जागरूकता का संदेश समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुँचा। विज्ञान मेले के दौरान आयोजित स्टार गेजिंग कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

इस गतिविधि में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को दूरबीन की सहायता से दिन में सूर्य तथा रात्रि में जुपिटर और वीनस ग्रहों का अवलोकन कराया गया। विज्ञान भारती के सचिव मनोज चतुर्वेदी, महेश उपाध्याय, धीरेंद्र वर्मा, संदीप सिंह राठौर, विमल सिंह राठौर, भूपेंद्र प्रताप सिंह, हिमांशु शुक्ला सहित आदि ने सहयोग किया।

# मातृ दिवस के उपलक्ष्य में सीपी विद्या निकेतन स्कूल में हुआ कार्यक्रम

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।


मिथलेश अग्रवाल को सम्मानित करते विद्यालय स्टाफ

सी.पी. विद्या निकेतन इण्टर कालेज में मातृ दिवस के उपलक्ष्य पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सुकेशनी अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि के रूप में निमिता अग्रवाल, अर्चना चौहान एव सुशील राजपूत तथा विद्यालय की निर्देशिका डॉ. मिथलेश अग्रवाल एव भारी संख्या में माताए उपस्थित रही। जूनियर विंग के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक नाटक एव एकाकियों द्वारा सबका मन मोह लिया।

प्रधानाचार्य योगेश चन्द्र तिवारी ने माँ के महत्व को बताया। डॉ. सुकेशनी अग्रवाल ने अपनी आत्म कथा एवं शिक्षा के संघर्ष को बताकर माँ की महिमा का व्याख्यान किया एवं बच्चों को अपना मार्ग दर्शन दिया। पूर्व छात्रों के अभिभावकों को एव उनकी माताओं को विद्यालय परिवार की ओर से सम्मानित किया गया, जो चिकित्सा एवं वाणिज्य के क्षेत्र मे अपना योगदान दे रहे है विद्यालय की निर्देशिका डॉ. मिथलेश अग्रवाल ने बच्चों को माँ का सहयोग करने के लिए प्रेरित किया। उपप्रधानाचार्य मनोज तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर जूनियर विग इन्चार्ज वीर सिंह शाक्य, नेहा रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

## सूचना

मेरी पुत्री के जन्म पत्र में त्रुटिवश नाम HABEEA KHAN HILAL AHMAD KHAN गलत अंकित हो गया है, जो की सही नहीं है। मेरी पुत्री के आधार कार्ड में नाम HABEEA KHAN अंकित है, जो सही है। वही जन्म पत्र में दर्ज किया जाये। हिलाल अहमद खान पुत्र अजीज अहमद खान निवासी दाउद खां, फर्रुखाबाद।

# मोबाइल की लत के कारण बच्चों के साथ बढ़ रहे अपराधः बीडीओ

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।



बैठक में मौजूद बीडीओ व जानकारी देते बाल संरक्षण अधिकारी

विकास खण्ड नवाबगंज में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति बैठक का आयोजन खण्ड विकास अधिकारी अमरेश सिंह चौहान की अध्यक्षता में किया गया। उन्होंने कहा कि किसी भी योजना में लाभ प्राप्त करने के लिए जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र की आवश्यकता होती है, यदि प्रमाण पत्र बनवाने में कोई समस्या हो तो तत्काल सूचित करें। उन्होंने यह भी कहा कि अभिभावक अपने बच्चे पर कड़ी नजर रखें तथा यह देखें कि बच्चा कितना समय मोबाइल पर व्यतीत कर रहा है और किससे बात कर रहा है। मोबाइल के कारण ही बच्चों के साथ अपराध बढ़ रहे हैं। बाल संरक्षण अधिकारी सचिन सिंह ने बताया कि जनपद में प्राप्त 0 से 6 वर्ष के बच्चों को कोई भी व्यक्ति सीधे गोद नहीं ले सकता है, बल्कि वह केंद्रीय दत्तक ग्रहण प्राधिकरण की वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीकरण के माध्यम से निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए बच्चा गोद ले सकता है। उन्होंने किशोर न्याय बालकों की देखरेख और संरक्षण अधिनियम, बाल श्रम अधिनियम, गुड टच बैड टच आदि के बारे में जानकारी दी। बाल विकास परियोजना अधिकारी मीनाक्षी सिंह ने कहा कि प्रत्येक आंगनबाड़ी कार्यकत्री पुष्टाहार का वितरण नियमित रूप से करें और बच्चों का पंजीकरण विद्यालय में अवश्य कराएं। इस अवसर पर बाल कल्याण पुलिस अधिकारी सत्य नारायण, सहायक विकास अधिकारी पंचायत किशन पाल सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता अखलेश कुमार, ब्लॉक समन्वयक कुणाल मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# टैक्स बार एसोसिएशन के चुनाव में अब तक दस हुए नामांकन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

टैक्स बार एसोसिएशन द्वारा घोषित चुनाव को लेकर दूसरे दिन चुनाव अधिकारी राजेश कुमार अग्निहोत्री, उप चुनाव अधिकारी राकेश कुमार सक्सेना ने आयकर कार्यालय बढ़पुर पहुंचकर कार्यालय के भवन में चुनाव के दूसरे दिन कार्यवाही पूर्ण की। नामांकन के प्रथम दिन अध्यक्ष पद हेतु रामकुमार अग्रवाल, प्रवीण कुमार माथुर, उपाध्यक्ष पद हेतु प्रमोद कुमार त्रिपाठी, कमलेन्द्र सिंह कुशवाहा, सचिव पद हेतु दलपत सिंह राठौर, संजीव कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष सुनीता कटियार, महामंत्री पद हेतु रामजी बाजपेयी, उपाध्यक्ष पद हेतु व सचिव पद हेतु नामांकन प्राप्त किये गये। कोषाध्यक्ष का एक नामांकन प्राप्त हुआ। महामंत्री पद हेतु नामांकन प्राप्त नहीं हुआ है। कुल आठ नामांकन लिये गये, जिसमें सात नामांकन पत्र प्राप्त हो गये है। जिसमें अशोक कुमार तिवारी, संजीव रस्तोगी, राजगौरव पाण्डेय, अविनाश दुबे, करण सागर, संजीव, अखिलेश कटियार, अजय कुमार अग्रवाल आदि के नामांकन प्राप्त हुए है। दूसरे दिन तीन नामांकन हुए। महामंत्री, उपाध्यक्ष व सम्प्रेक्षक पद के लिए नामांकन हुए। जिसमें अब तक अध्यक्ष पद के लिए 2, उपाध्यक्ष पद के लिए 3, सचिव पद के लिए 2, महामंत्री पद के लिए 1, कोषाध्यक्ष पद के लिए 1, संप्रेक्षक पद के लिए 1 नामांकन हुआ। अब तक कुल 10 नामांकन हो चुके है। चुनाव अधिकारी राजेश अग्निहोत्री व उप चुनाव अधिकारी राकेश सक्सेना ने नामांकन प्राप्त किये।



## कार्यालय नगर पंचायत कम्पिल, जनपद-फर्रुखाबाद।

पत्रांकः 758/न0पं0 कम्पिल/रा0वि0आ0/ ई0नि0सू0/2026-27 — दिनांक 12/05/ 2026

### अल्पकालीन निविदा सूचना

नगर पंचायत कम्पिल, फर्रुखाबाद को राज्य वित्त आयोग/नगर निधि के अन्तर्गत कार्यो को कराये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसके लिए अल्पकालीन निविदा नगर पंचायत कम्पिल में वित्तीय वर्ष 2026-27 में समस्त ठेकेदार/ आपूर्तिकर्ताओं हेतु निविदा पत्र के माध्यम से दिनांक 13/05/2026 को प्रातः 10:00 बजे से दिनांकः 21/05/2026 को अपरान्ह 03: 00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं एवं समस्त निविदायें दिनांक 21/05/2026 को ही अपरान्ह 04:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के समक्ष/द्वारा खोली आयेंगी। निविदा सम्बन्धी अन्य समस्त जानकारी व नियम शर्तो हेतु किसी भी कार्यालय दिवस में कार्यालय समय में उपस्थित हो कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है। बिना किसी कारण बताए किसी भी निविदा/समस्त निविदाओं को अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

| क्र | कार्य का नाम | आगणन धनराशि (with 18% GST) | जमानत धनराशि | निविदा शुल्क | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पंचायत कम्पिल में नाला सफाई का कार्य। | 06.46 लाख | 13000 | 600 | एक सप्ताही |

(अवनीश कुमार)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत कम्पिल
फर्रुखाबाद

(राजवती यादव)
अध्यक्षा
नगर पंचायत कम्पिल
फर्रुखाबाद

## खबरें एक नजर में

### बड़े मंगल पर आर.एम. ज्ञान दायिनी इंटर कॉलेज में समर पार्टी का आयोजन



**लखीमपुर खीरी।** आर.एम. ज्ञान दायिनी इंटर कॉलेज में बड़े मंगल के शुभ अवसर पर विशेष समर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राओं ने अपने उत्साह और मासूमियत से सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर बच्चों को भारतीय परंपरागत पेय शरबत एवं पारंपरिक खाद्यान्न चूरा परोसा गया। इन पारंपरिक व्यंजनों के स्वाद और खुशबू ने बच्चों को भारतीय संस्कृति से जोड़ने का अनूठा अनुभव प्रदान किया। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, समर पार्टी का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं था, बल्कि बच्चों को भारतीय पारंपरिक खाद्यान्नों और पेयों के महत्व से परिचित कराना भी था। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक राकेश वर्मा ने बच्चों के साथ पार्टी का आनंद लिया और उन्हें भारतीय खाद्यान्नों के इतिहास, उनकी पोषकता एवं सांस्कृतिक महत्व के बारे में जानकारी दी। प्रधानाचार्य सचिन शुक्ला, शिक्षण प्रमुख विनीता, शिवानी, आशीष सिंह सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बच्चों को भारतीय भोजन के प्रति सम्मान और रुचि विकसित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में उल्लास और उत्साह का माहौल बना रहा। बच्चे पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद लेते हुए बड़े मंगल के पावन पर्व की महत्ता को भी समझते नजर आए। आयोजन ने बच्चों के मनोरंजन के साथ-साथ उन्हें अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का भी कार्य किया।

### बसढिया गांव में लगा निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर, दर्जनों ग्रामीणों ने उठाया लाभ



**धौरहरा खीरी।** धौरहरा विधानसभा क्षेत्र के बसढिया गांव में मंगलवार को ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन किरन सामाजिक सेवा समिति के सहयोग से भाजपा नेता अनुपम अवस्थी के आवास पर किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर अपनी आंखों की जांच कराई। शिविर में सीतापुर आंख अस्पताल की विशेषज्ञ चिकित्सक टीम ने लोगों की आंखों का परीक्षण कर उन्हें आवश्यक चिकित्सीय परामर्श दिया। जांच के दौरान मोतियाबिंद सहित अन्य गंभीर नेत्र रोगों से पीड़ित मरीजों की पहचान की गई। चिकित्सकों ने चिन्हित मरीजों को निःशुल्क ऑपरेशन के लिए सीतापुर आंख अस्पताल भेजा। शिविर में पहुंचे ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सेवाओं की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि गांव स्तर पर इस प्रकार के शिविर आयोजित होने से जरूरतमंद लोगों को समय पर उपचार मिल पाता है। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि भविष्य में भी क्षेत्रीय लोगों की सुविधा के लिए स्वास्थ्य संबंधी शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे। इस दौरान क्षेत्र के कई गणमान्य लोग एवं सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे तथा शिविर को सफल बनाने में सहयोग किया।

### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में लक्ष्य शुक्ला ने जिले में किया टॉप



**निघासन-खीरी।** तहसील निघासन क्षेत्र के ग्राम बरोठा निवासी 11 वर्षीय होनहार छात्र कार्तिकेय शुक्ला उर्फ लक्ष्य शुक्ला ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में जनपद लखीमपुर खीरी में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस सफलता से परिवार, विद्यालय और गांव में खुशी का माहौल है। लक्ष्य शुक्ला, अमर प्रकाश शुक्ला के सुपुत्र हैं। इससे पहले भी वह नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर बेहतर रैंक प्राप्त कर चुके हैं तथा अपनी कक्षा में लगातार प्रथम स्थान हासिल करते आ रहे हैं। शिक्षकों ने उन्हें मेधावी, अनुशासित और संस्कारवान छात्र बताया। लक्ष्य ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों और ईश्वर के आशीर्वाद को दिया। ग्रामीणों व शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### मेजा बांध की रेलिंग से टकराने से पिकअप सवार किशोरी की मौत

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मेजा ददरी बांध के रेलिंग से टकराने से पिकअप सवार किशोरी की सोमवार की रात्रि में मौत हो गई। थाना क्षेत्र के कुशियरा गांव निवासी जगबली की 15 वर्षीय पुत्री सना उर्फरुकसाना अपने ननिहाल सोनभद्र के घोरावल थाना क्षेत्र के मूर्तियां गांव से रिस्तेदार के साथ पिकअप से मौसी के यंहा शादी में शामिल होने के लिए रामपुर नौडिहवा गांव आ रही थी की पिकअप वाहन जैसे ही मेजा ददरी बांध पर पहुंची की भारी वाहनों के रोक के लिए लगाए गए रेलिंग से पिकअप सवार किशोरी का सिर टकराने से किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई किशोरी के रिश्तेदार किशोरी को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक विवेक खरे द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद किशोरी की हालत गंभीर देखकर ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया किशोरी के रिश्तेदार एम्बुलेंस सेवा वाहन से मिर्जापुर लेकर जा रहे थे की लालगंज में किशोरी की मौत हो गई किशोरी के मौत की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया है ।

### संगठन की मजबूती के लिए कार्यकर्ता पूरी निष्ठा से करें कामः शशिकांत पटेल



**हलिया (मिर्जापुर)।** अपना दल एस जोन हलिया की बैठकर पार्टी हाईकमान के निर्देशानुसार मंगलवार को अपना दल (एस) कार्यकर्ताओं की बैठक प्रदेश सचिव शशिकांत सिंह पटेल के आवास पर संपन्न हुई। बैठक में संगठन की मजबूती, बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की नियुक्ति तथा सदस्यता अभियान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष गुलाब बहादुर पटेल ने कहा कि किसी भी संगठन या पार्टी की मजबूती उसके कार्यकर्ताओं पर निर्भर करती है। कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ होते हैं। और उन्हीं के बल पर पार्टी आगे बढ़ती है। उन्होंने बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने तथा महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। मुख्य अतिथि जिला सचिव विकास सोनकर ने कहा कि अपना दल (एस) एवं भाजपा गठबंधन के नेतृत्व में प्रदेश और देश में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। जो विकास पूर्ववर्ती सरकारों में लंबे समय तक नहीं हो सका, वह आज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल के नेतृत्व में संभव हो रहा है। इस मौके पर सतीश कुमार, उमेश कुमार सिंह, रघुनंदन विश्वकर्मा, शिवशंकर सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जगदगुरु रामभद्राचार्य का वंदना महोत्सव में होगा आगमन



**प्रतापगढ़।** जेठवारा थाना के आशापुर गांव में 14 मई दिन गुरुवार को आयोजित वंदना महोत्सव मे जगद्गुरु रामभद्राचार्य का आगमन होगा ।उनके स्वागत के लिए क्षेत्र में श्रद्धालुओं व आयोजकों के बीच उत्साह का माहौल है। जगद्गुरु के स्वागत की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है ।कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई, बैठक व्यवस्था व श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे है ।दूर-दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है ।बताया जा रहा है कि जगद्गुरु रामभद्राचार्य अपने प्रवचन एवं आशीर्वचन से श्रद्धालुओं को संबोधित करेंगे ।महोत्सव में तुलसी पीठ के उत्तराधिकारी आचार्य रामचंद्र दास,राजू दास जी महाराज,आचार्य प्रमोद कृष्णन जी,सुखानंद जी महाराज,भजन गायिका अक्षरा सिंह,रितेश पांडे सहित दर्जनों प्रमुख हस्तियां मौजूद रहेंगी।

### नीट का पेपर लीक होना लाखों छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ः प्रमोद तिवारी



**प्रतापगढ़।** सांसद प्रमोद तिवारी उप नेता विरोधी दल राज्य सभा ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा है कि नीट- 2026 की परीक्षा, पेपर लीक होने के कारण रद्द कर दी गयी है। सरकार कार्यवाही और सीबीआई से जांच कराने की बात कहकर अपना पल्ला झाड़ने का प्रयास कर रही है, किन्तु नीट का पेपर लीक होने के कारण 22- 23 लाख से अधिक छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया है। परोक्ष रूप से देखा जाय तो यह मात्र बच्चों के भविष्य के साथ ही छल नहीं किया गया है बल्कि इससे उनके परिवार से जुड़े के करोड़ों लोग भी प्रभावित हुये हैं ।तिवारी ने कहा है कि पेपर लीक होने का प्रकरण संसद से लेकर विधान सभा तक में उठाया जा चुका है। समय- समय पर पेपर लीक होते रहे हैं। नीट का पेपर लीक होना कोई इत्तेफाक की बात नहीं है बल्कि यह सुनियोजित षड़यंत्र के तहत लीक हुआ है, क्योंकि यदि छात्र उत्तीर्ण होंगे तो वे नौकरियां पाने के लिये पात्र होंगे और सरकार के पास नौकरी है नहीं इसीलिए ऐसा जान बूझकर किया गया है। तिवारी ने कहा है कि सरकार लम्बी- लम्बी बातें कर रही है कि प्रकरण की जांच सीबीआई से करायी जायेगी, दोबारा रजिस्ट्रेषन नहीं कराना होगा किन्तु छात्रों का जो समय बर्बाद हुआ है उसकी भरपाई तो नहीं हो सकती है। आश्चर्य की बात यह है कि जहां जहां भारतीय जनता पार्टी की सरकार है वहीं पेपर लीक होते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में यह संगठित अपराध है, जो अक्षम्य है। तिवारी ने कहा है कि मोदी सरकार में देश की अर्थ व्यवस्था पूरी तरह से बर्बाद हो गयी है। डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये में जबरदस्त गिरावट आयी है, आज एक डॉलर की कीमत 95.32 भारतीय रुपये से भी ऊपर पहुंच गया है। प्रधानमंत्री देश को जुमलेबाजी से चला रहे हैं।

---

**बड़े मंगल पर भक्ति व सेवा का संगम**

# पुलिस प्रशासन व व्यापारियों ने कराया भंडारा

▸ **श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे अधिकारी, व्यापारियों और युवाओं ने निभाई सामाजिक जिम्मेदारी**

**गोला/मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



ज्येष्ठ मास के द्वितीय बड़े मंगल पर मंगलवार को जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में श्रद्धा, सेवा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। कहीं पुलिस प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सेवा में प्रसाद वितरित किया तो कहीं व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर विशाल भंडारे आयोजित कर लोगों को प्रसाद ग्रहण कराया गया। दिनभर भक्ति गीतों, जयकारों और सेवा भाव का माहौल बना रहा।

गोला गोकर्णनाथ में बड़े मंगल के अवसर पर कोतवाली गेट पर पुलिस प्रशासन की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, राहगीरों और नगरवासियों ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन में पुलिस अधिकारियों और जवानों ने स्वयं सेवा भाव से लोगों को प्रसाद वितरित कर सामाजिक सौहार्द और जनसहभागिता का संदेश दिया। कार्यक्रम का नेतृत्व क्षेत्राधिकारी रमेश कुमार तिवारी ने किया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर गंगा प्रसाद यादव, वरिष्ठ उपनिरीक्षक देवेंद्र सिंह सहित समस्त पुलिस स्टाफ मौजूद रहा। भंडारे में पूड़ी, सब्जी, हलवा और शरबत का वितरण किया गया। कोतवाली गेट पर की गई व्यवस्थाओं की लोगों ने सराहना की।

सीओ रमेश कुमार तिवारी ने कहा कि बड़े मंगल सेवा, समर्पण और मानवता का पर्व है। पुलिस हमेशा जनता के साथ खड़ी रहती है और ऐसे सामाजिक आयोजनों से पुलिस व जनता के बीच आपसी विश्वास और मजबूत होता है। नगरवासियों ने भी पुलिस प्रशासन की इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक संदेश देने का कार्य करते हैं।



विकासखंड मितौली क्षेत्र में बड़ा गांव तिराहे के निकट लखीमपुर-मैंगलगंज मार्ग पर स्थित एस के ट्रेडर्स एवं गणेश मशीनरी स्टोर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व भाजपा जिला मंत्री बृजेश सिंह ने बालाजी महाराज के पूजन-अर्चन और आरती के साथ किया। भंडारे में क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने सपरिवार पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और बालाजी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजन स्थल पर पूरे दिन श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। आयोजकों ने श्रद्धालुओं के लिए बैठने, पेयजल और प्रसाद वितरण की समुचित व्यवस्था की थी। आयोजकों ने बताया कि बड़े मंगल पर भंडारे का उद्देश्य समाज में सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत करना है। इस अवसर पर राजकुमार गुप्ता, विवेक गुप्ता, राहुल गुप्ता, अपूर्व गुप्ता, सूर्यांश गुप्ता सहित क्षेत्र के तमाम सम्मानित नागरिक, महिलाएं और युवा मौजूद रहे।

### बड़े मंगल पर बाबा त्रिलोक गिरि मंदिर में हुआ सुंदरकांड पाठ व विशाल भंडारा



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** ज्येष्ठ माह के द्वितीय बड़े मंगल के अवसर पर बाबा त्रिलोक गिरि मंदिर में धार्मिक आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। मंदिर परिसर में आयोजित सुंदरकांड पाठ, कन्या भोज एवं विशाल भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ प्राप्त किया। पूरे दिन मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल में सराबोर रहा। सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। भक्तों ने सामूहिक रूप से सुंदरकांड पाठ कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और मंगल कामना की। हनुमान जी के जयकारों और भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम में अमन गिरि ने मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कामना की। इसके बाद विधायक की ओर से कन्या भोज का आयोजन कराया गया, जिसमें कन्याओं को विधिविधान से भोजन कराकर उनका आशीर्वाद लिया गया। आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन में सेवा, श्रद्धा और भक्ति का भाव देखने को मिला। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में रामभक्त, क्षेत्रीय नागरिक एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## पत्रकारों पर दर्ज मुकदमे के विरोध में यूपीडब्लूजेयू का प्रदर्शन, सीएम को भेजा ज्ञापन

▸ **काली पट्टी बांधकर जताया विरोध, फर्जी मुकदमा वापस न होने पर आंदोलन की चेतावनी**



**लखीमपुर खीरी।** बहराइच में पत्रकारों पर दर्ज किए गए कथित फर्जी मुकदमों के विरोध में मंगलवार को यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन (यूपीडब्लूजेयू) एवं लखीमपुर प्रेस क्लब के पदाधिकारियों और सदस्यों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। पत्रकारों ने काली पट्टी बांधकर लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हो रहे हमले के खिलाफ आवाज बुलंद की और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी खीरी को सौंपा। यूपीडब्लूजेयू के अध्यक्ष कुलदीप पाहवा एवं महामंत्री शबाब खान के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पत्रकार डीएम कार्यालय पहुंचे। इस दौरान पत्रकारों ने कहा कि बहराइच में नगर पालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार से संबंधित खबरें प्रकाशित और प्रसारित करने पर प्रशासन द्वारा पत्रकारों का उत्पीड़न किया जा रहा है। आरोप लगाया गया कि जिलाधिकारी बहराइच ने पत्रकारों को कार्यालय बुलाकर फेसबुक से खबर हटवाने का दबाव बनाया, जो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और पत्रकारिता की निष्पक्षता पर सीधा हमला है। पत्रकारों ने कहा कि खबर हटवाने के बाद भी संबंधित पत्रकारों के खिलाफ फर्जी तरीके से मुकदमा दर्ज करा दिया गया, जो पूरी तरह अलोकतांत्रिक और दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई है। ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर पत्रकारों पर दर्ज मुकदमे तत्काल वापस लेने की मांग की गई। यूनियन अध्यक्ष कुलदीप पाहवा ने कहा कि यदि पत्रकारों पर दर्ज मुकदमे वापस नहीं लिए गए तो संगठन प्रदेश स्तर पर सड़कों पर उतरकर व्यापक आंदोलन करेगा। उन्होंने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का मजबूत स्तंभ हैं और सच उजागर करने वालों को दबाने का प्रयास बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मौके पर यूनियन सदस्य रितेश भसीन, शकील अहमद, बीके सिंह, अनूप रंजन मुखर्जी, शुभम त्रिपाठी, धीरज कुमार समेत कई पत्रकार मौजूद रहे। पूरे प्रदर्शन के दौरान पत्रकारों ने एकजुटता दिखाते हुए प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा का संकल्प लिया।

### नगर पंचायत की सफाई व्यवस्था पर उठे सवाल, जांच की मांग

**निघासन-खीरी।** कस्बा निघासन की नगर पंचायत की सफाई व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। वार्ड संख्या-09 शास्त्री नगर निवासी आशीष कनौजिया ने उपजिलाधिकारी निघासन को शिकायती पत्र देकर नगर पंचायत प्रशासन पर कूड़ा निष्पादन में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि नगर पंचायत द्वारा निघासन और रकेहटी क्षेत्र के आसपास जगह-जगह कूड़े के ढेर लगाए जा रहे हैं, जिससे आगामी बरसात के मौसम में गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। उनका कहना है कि स्वच्छता अभियान में नगर पंचायत को उत्तर प्रदेश में तृतीय पुरस्कार मिलने के बावजूद धरातल पर सफाई व्यवस्था बदहाल दिखाई दे रही है। आशीष कनौजिया ने अपने शिकायती पत्र में बताया कि नगर पंचायत में करीब 52 लाख रुपये की लागत से कूड़ा निष्पादन गृह का निर्माण कराया गया है, लेकिन इसके बावजूद कूड़े के निस्तारण की प्रभावी व्यवस्था नहीं हो पा रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कूड़ा निष्पादन के नाम पर प्रतिमाह लाखों रुपये की धनराशि आहरित की जा रही है। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने के लिए कमेटी गठित किए जाने तथा कूड़ा निष्पादन गृह की जांच कराए जाने की मांग की है, ताकि वास्तविक स्थिति सामने आ सके। शिकायतकर्ता ने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर नगर पंचायत द्वारा समुचित साफ-सफाई नहीं कराई गई तो वह नगर पंचायत कार्यालय के सामने आंदोलन और अनशन करने को बाध्य होंगे। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति उत्पन्न होने पर इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

## क्षय रोग शिविर में 69 लोगों की हुई जांच

▸ **सीएससी अधीक्षक डॉक्टर एमपी सोनकर के नेतृत्व में लगाया जा रहा है क्षय रोग शिविर**

**महाराजगंज, समृद्धि न्यूज़।**

शासन के निर्देशानुसार सौ दिवसीय क्षय रोग अभियान के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी,फरेंदा के द्वारा अधीक्षक डॉक्टर एमपी सोनकर के नेतृत्व में ग्राम सभा भगवत नगर परसिया में क्षय रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया।

जांच शिविर में कुल 73 लोगों ने क्षय रोग की जांच करायी गई। जांच शिविर में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सीएचसी फरेन्दा के अधीक्षक डॉक्टर एमपी सोनकर ने बताया कि सौ दिवसीय क्षय रोग जांच शिविर के माध्यम से सभी ग्राम सभाओं में कैंप लगाकर लोगों का जांच कर उपचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उक्त योजना के माध्यम से क्षय रोग को समाप्त कर रोगियों को स्वस्थ रखने की व्यवस्था शासन प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्षय रोग जांच शिविर में अधिक से अधिक संख्या में सभी लोग अपना जांच करायें। इस दौरान जांच शिविर में डॉक्टर पवन कुमार ,वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक केशव शुक्ला, वरिष्ठ प्रयोगशाला पर्यवेक्षक अर्जुन सिंह, विमलेश कुमार, नीतू सिंह, सुमन, शिवम, सुरेश कुमार सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति फेज 5: बैंक में महिलाओं और बालिकाओं को दी जानकारी

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज़।**



मिशन शक्ति फेज 5.0 के द्वितीय चरण के तहत उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, बरी, थाना हलिया में महिलाओं और बालिकाओं को सरकारी योजनाओं और हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में पुलिस टीम ने महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा से जुड़े कानूनों की भी जानकारी दी जागरूकता कार्यक्रम मंगलवार को उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, बरी में आयोजित किया गया। इसमें बैंक परिसर में मौजूद महिला ग्राहकों और आसपास की बालिकाओं ने हिस्सा लिया। पुलिस टीम ने महिलाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के साथ-साथ आपात स्थिति में उपयोगी हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया पुलिस हेल्पलाइन 112,महिला हेल्पलाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930, एंबुलेंस हेल्पलाइन 108, अग्निशमन हेल्पलाइन 101, आशा ज्योति केंद्र 181 उप निरीक्षक रमाशंकर ने महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों और सुरक्षा से जुड़े कानूनों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि महिलाएं किसी भी परेशानी या हिंसा की स्थिति में बिना डरे हेल्पलाइन पर संपर्क कर सकती हैं। कार्यक्रम में कांस्टेबल राजेश कुमार मौर्य और महिला कांस्टेबल सलोनी दिवाकर भी मौजूद रहे। उन्होंने ग्रामीण महिलाओं को साइबर अपराधों से बचाव के उपाय और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के बारे में भी जागरूक किया। बैंक स्टाफ और उपस्थित महिलाओं ने इस पहल की सराहना की और कहा कि इससे उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने और आपात स्थिति में मदद लेने में आसानी होगी।

### आमने-सामने बाइक की टक्कर में बाइक सवार की मौत

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** राजगढ़ थाना क्षेत्र के आमने-सामने बाइक की टक्कर में एक बाइक सवार की मौत दूसरा घायल। जानकारी के अनुसार आज सुबह करीब 11:30 बजे के आसपास प्रभाकर सिंह राजगढ़ से निकले थे कि जिला सहकारी बैंक के मिर्जापुर सोनभद्र हाईवे के पास दो बाइको की आमने-सामने की टक्कर में एक बाइक सवार प्रभाकर सिंह 58 वर्षीय पुत्र लालमन निवासी कैलहट गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानी लोगों की मदद से गंभीर रूप से घायल बाइक सवार अधेड़ को ग्रामीणों ने राजगढ़ से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन ने इसकी सूचना राजगढ़ थाने को दी।

## रात के अंधेरे में हो रहे फर्जी भुगतान, रैकरी गांव के ग्रामीणों ने मचाया हंगामा, वीडियो प्रसारित

**राजगढ़ (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज़।**

ब्लाक के रैकरी गांव में रविवार की रात्रि प्रधान पति प्रधान और सेक्रेटरी की मिली भगत से रात्रि के 10 बजे पंचायत भवन को खोलकर भाड़े के देवपुरा गांव के पंचायत सहायक को बुलाकर फर्जी भुगतान कराया जा रहा था। जिसका पता चलने पर मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों ने हंगामा मचाया और उसका वीडियो बनाकर प्रसारित कर दिया।लेकिन उसके बाद भी संबंधित अधिकारी गोल मटोल जवाब दे रहे हैं। जिसके कारण ग्रामीणों में रोष है।

पंचायत का चुनाव कब आ जाए कब ग्राम प्रधान का डोंगल और मोहर सरकार के पास जमा हो जाए इसी आशंका में ज्यादा से ज्यादा ग्राम प्रधान कागज पर या धरातल पर मशीनों से कार्य करा कर तेजतर्रा प्राइवेट ऑपरेटरों को बुलाकर फर्जी भुगतान करा रहे हैं।

रविवार को रात्रि 9बजे रात्रि ग्राम सभा में ग्राम प्रधान पति ग्राम प्रधान दूसरे पंचायत सहायक को बुलाकर कंप्यूटर पर कार्य कर रहे थे तो ग्रामीणों को पता चला तो वह पंचायत भवन पर पहुंचे और कंप्यूटर ऑपरेटर से पूछा कि आप यहां पर कैसे आ गए तो उन्होंने बताया कि हमें सेक्रेटरी साहब ने भुगतान करने के लिए भेजा है।तो ग्रामीणों ने कहा कि आप रात में क्यों आए दिन में आए होते तो गांव की



पंचायत सहायक भी रहती उसको जो नहीं आता वह उसको आप बता देते रात्रि में क्यों आए वह इसका जवाब नहीं दे पाया और ग्रामीण उग्र हो गए। रात को ही ग्राम विकास अधिकारी फोन नहीं उठाएं। उन्होंने सहायक पंचायत अधिकारी राजगढ़ और खंड विकास अधिकारी एवं कार्य प्रभारी से उसकी शिकायत की जिसका संतोषजनक जवाब नहीं मिल पाया। इसी प्रकार से एक हफ्ते पहले जिले के जिला पंचायत राज अधिकारी भी कार्यो का निरीक्षण करने आए थे तो उन्होंने पाया कि रैकरी गांव में स्वच्छता अभियान की धज्जियां उड़ाई गई हैं सरकार के आदेशों का अनुपालन नहीं हुआ है। ग्रामीण संजय सिंह प्रवीण कुमार सिंह सिद्धनाथ सिंह इंद्राज सिंह आशीष सिंह आदि लोगों ने कहा कियदि ग्राम प्रधान सेक्रेटरी और बाहरी कंप्यूटर ऑपरेटर के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो ग्रामीण इसकी शिकायत जिला अधिकारी से करेंगे।

इस संबंध में ऐडियो पंचायत राजगढ़ श्री कृष्ण उपाध्याय से बात हुई तो उन्होंने कहा कि दूसरे ग्राम सभा का कंप्यूटर ऑपरेटर काम नहीं कर सकता है। इसकी जांच कराई जाएगी।कार्य प्रभारी बोलेराजगढ़ के देवपुरा धौरहा न्याय पंचायत के कार्य प्रभारी बीओपीआरडी अभय कुमार सिंह ने बताया कि गांव की पंचायत सहायक किसी कार्य को नहीं कर पा रही थी। तो यदि आपने बाहर के पंचायत सहायक को बुलाया तो दिन के उजाले में उसे भी बैठा कर कार्य किए होते तो यह समझ में आता की उसकी सहायता के लिए बाहर से कंप्यूटर ऑपरेटर बुलाया गया लेकिन रात के अंधेरे में उसकी अनुपस्थिति में कंप्यूटर पर कार्य करना यह सही नहीं है इससे आशंका को आत्म बल मिलती है। इस पर कार्रवाई होनी चाहिए।

## शादी विवाह के चल रहे दौर में सिलेंडर पाने के लिए करनी पड़ती है भगीरथ तपस्या

▸ **साहब के चौखट पर मत्था टेकने को मजबूर उपभोक्ता, फिर भी भरोसा नहीं कि बिटियां की शादी में सिलेंडर मिल ही जायेगा**

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



जनपद में चल रहे शादी विवाह के दौर में गैस सिलेंडर लेने व पाने के लिए भगीरथ तपस्या करनी पड़ रही है।गैस सिलेंडर की दिन प्रतिदिन बढ़ती किल्लत से जूझ रहे उपभोक्ताओं का दृश्य कोई देखने वाला नहीं है यही कारण की आयें दिन गैस एजेंसियों पर मारपीट होता रहता है।इसको लेकर उपभोक्ताओं में अकोश दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है अभी हाल में निचलौल के एक गैस एजेंसी पर जमकर मारपीट हुई है फिर भी जिम्मेंदार चुप्पी साधे तमाशबीन बने हुए हैं। फिर भी जान को जोखिम में डालकर रात्रि आठ बजे से शाम सात बजे तक गैस एजेंसियों पर सज जाती है लम्बी लाईन , विषैले जीव जन्तुओं की परवाह न करते हुए मच्छरदानी डालकर सो रहे हैं उपभोक्ता जो किसी अनहोनी से इन्कार नहीं किया जा सकता,फिर भी जिम्मेंदार उपभोक्ताओं के दर्द को बांटना मुनासिब नहीं समझ रहे हैं वह भी गैस सिलेंडर नहीं मिलने की कोई गारंटी नहीं है ।गैस सिलेंडर की बढ़ती किल्लत के वजह से लकड़ी की कीमत आसमान छूं रही है वह भी जरूरी नहीं की लकड़ी मिल ही जाय,मिल भी जाए तो चुल्हा कहां जले जबकि पूरा घर पक्का है। लेकिन एक बात देखा व सुना जाता है कि विभिन्न गैस एजेंसियों पर रोजमर्रा सिलेंडर वितरण किया जा रहा हैं फिर भी भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रही हैं।

### साहब सिलेंडर जा कहां रहा है?

चिलचिलाती धूप में पसीने से लथपथ हो रहे उपभोक्ताओं का दर्द कोई जिम्मेदार अधिकारी व राजनितिज्ञ जानना मुनासिब नहीं समझ रहा है ।जिससे लोगों में जिम्मेदारों के प्रति उदासीनता बढ़ती जा रही है ।जिससे गैस एजेंसियों पर चीख पुकार मची हुई है। सूत्रों का कहना है कि गैस एजेंसियों पर लाइन लगाने के लिए विभिन्न गांवों के ठेकेदार ईमानदारी से डियूटी करते हैं 200-रुपये से 250 रुपए प्रति सिलेंडर लेकर लाईन लगाते हैं इस बहती गंगा में डुबकी लगाने में वह भी पीछे नहीं है ।जो एजेंसियों के इर्द-गिर्द घूमते रहते हैं मौका पाते ही हाथ साफ करने में पीछे नहीं रहते हैं इससे साबित हो रहा है कि जनपद के विभिन्न गैस एजेंसियों पर कालाबाजारी करने वालों की नजर लग गई है ।जिसको लेकर उपभोक्ता परेशान हैं, सिलेंडर पाने से पहले केवाईसी अपडेट करवाईएं फिर गैस एजेंसियों पर सिलेंडर पाने के लिए रात्रि आठ बजे से लम्बी लाईन लगाइए कोई भरोसा नहीं कि सिलेंडर मिल ही जायेगा। आलम यह हों गया है कि लोग चुल्हा जलकर रसोई बनाने को मजबूर हो गए हैं सिलेंडर व डीजल पेट्रोल की बढ़ती किल्लत के कारण शादी विवाह की तैयारी धरी की धरी रह जा रही है बेटी की शादी की तारीख तय होने के पश्चात साहब के दरवाजे पर मत्था टेकना शुरू हो जाता है वह भी जरूरी नहीं कि शादी के तय अवधि के अन्दर गैस सिलेंडर मिल ही जायेगा। मिला भी तो ज़रुरत भर के नहीं मिला, सिलेंडर मिलने के पहले ही एक बात सताती है कि बारात दरवाजे से भले लौट जाय लेकिन बिना कामर्शियल सिलेंडर का मुंह मांगा सिक्योरटी दिए नहीं मिलना है -चाहे केतनों देवी दुर्गा मनैबा, -सिलेंडर ना पइबा बाबा, सिलेंडर की मारामारी से बहुतायत चाय के दुकानदारों की दुकानें बंद हो गई है जिसमें दुकानदारों के सामने रोज़ी रोटी की संकट पैदा हो गई है। जनपद के एजेंसियों पर गैस की बढ़ती मारा मारी से चारों तरफ हाहाकार मचा हुआ है। जैसा कि अभी हाल में कालाबाजारी के आरोप में पीपीगंज ,नौसढ़ दो गैस एजेंसियां सील हुई ही हैं ,आये दिन डीजल पेट्रोल, गैस सिलेंडर लेने को लेकर मारपीट होती रहती है। गैस एजेंसियों पर लाइन लगा रहे उपभोक्ताओं का कहना कि सिलेंडर पाने के लिए जंग लड़ना पड़ता है रात्रि में गैस एजेंसियों पर सोना भी पड़ रहा फिर भी कोई भरोसा नहीं है कि सिलेंडर मिल ही जायेगा। सिलेंडर की बढ़ती किल्लत से गांव नगर देहात के लोग पुनः पुराने ढर्रे पर उतर आए हैं। जबकि जिला प्रशासन दावा कर है कि किसी गैस एजेंसियों पर सिलेंडर की कोई कमी नहीं है सिलेंडर के लिए जंग लड़ रहे उपभोक्ताओं की सांसत कोई सुनने व देखने को तैयार नहीं है जबकि सारे काम काज छोड़कर गैस सिलेंडर पाने के लिए लोगों ने अपनी सारी ताकत झोंक दी हैं ।दिन प्रतिदिन बढ़ती सिलेंडर की किल्लत से लोगों के पसीने छूट जा रहे हैं। अगर गैस की किल्लत इसी तरह रही तो लोग अन्न रहते हुए भूखे मर जायेंगे।